'प्रत्येक क्षेत्र, प्रत्येक मन की वाणी।
सम्पूर्ण विश्व में घर-घर है पहुँचानी॥'

प्रथम संस्करण—१९८२-८३ ई०

आकार— १८×२२÷८

पृष्ठसंख्या—८५६

मूल्य— १००.०० रुपया

मुद्रक

वाणी प्रेस

मौसम बाग (सीतापुर रोड), लखनऊ-२२६०२०

विश्वनागरी लिपि

।। ग्रामे-ग्रामे सभा कार्या, ग्रामे-ग्रामे कथा शुभा ।।

सब भारतीय लिपियाँ सम वैज्ञानिक है !

All the Indian Scripts are equally scientific !

भारतीय लिपियों की विशेषता।

संसार की लिपियों में नागरी लिपि सर्वाधिक वैज्ञानिक है। यह कथन बिलकुल ठीक है। परन्तु यह कहते समय हमें याद रखना चाहिए कि वह सर्वाधिक वैज्ञानिकता, केवल हिन्दी, मराठी, नेपाली, लिखी जानेवाली लिपि में नही, वरन् समस्त भारतीय लिपियों में मौजूद है। क, च, त, प आदि के रूपों में कोई वैज्ञानिकता नही है। वैज्ञानिकता है लिपि का ध्वन्यात्मक होना। नियमित स्वरों का पृथक् होना। अधिक से अधिक व्यंजनों का होना। सबको एक 'अ' के आधार पर उच्चरित करना। ['अ' अक्षर-स्वर, सकल अक्षरों का उस भाँति मूल आधार। सकल विश्व का जिस प्रकार 'भगवान्' आदि है जगदाधार।] एक अक्षर से केवल एक ध्वनि। एक ध्वनि के लिए केवल एक अक्षर। जैसा लिखना वैसा ही बोलना, वैसा ही अक्षर का एकाक्षरी नाम। उच्चारण-संस्थान के अनुसार अक्षरों का कवर्ग, चवर्ग आदि में वर्गीकरण। फिर प्रत्येक वर्ग के अक्षरों का क्रम से एक ही संस्थान में थोड़ा-थोड़ा ऊपर उठते हुए अनुनासिक तक पहुँचना, आदि-आदि

तेलुगु-देवनागरी वर्णमाला

అ अ ఆ आ ఇ इ ఈ ई ఉ उ
क का कि की कु

ఊ ऊ ఋ ऋ ౠ ॠ ఌ ऌ ౡ ॡ
कू कृ कॄ

ఎ ऎ ఏ ए ఐ ऐ ఒ ऒ ఓ ओ
कॆ के कै कॊ को

ఔ औ అం अं అః अः
कौ कं कः

క क ఖ ख గ ग ఘ घ ఙ ङ

చ च ఛ छ జ ज ఝ झ ఞ ञ

ట ट ఠ ठ డ ड ఢ ढ ణ ण

త त థ थ ద द ధ ध న न

ప प ఫ फ బ ब భ भ మ म

య य ర र ల ल వ व శ श

ష ष స स హ ह క్ష क्ष ఱ ऱ

ళ ळ

ऐसे अनेक गुण हैं जो अभारतीय लिपियों में एकत्र, एकसाथ नहीं मिलते। किन्तु ये गुण समान रूप से सभी भारतीय लिपियों में मौजूद हैं, अतः वे सब नागरी के समान ही 'सर्वाधिक वैज्ञानिक' हैं। सब ब्राह्मी लिपि से उद्भूत हैं। ताड़पत्र और भोजपत्र की लिखाई तथा देश-काल-पात्र के अन्य प्रभावों के कारण विभिन्न भारतीय लिपियों के अक्षरों में यत्र-तत्र परिवर्तन, हिन्दी वाली 'नागरी लिपि' को कोई श्रेष्ठता प्रदान नहीं करता। भारत की मौलिक सब लिपियाँ 'नागरी लिपि' के समान ही श्रेष्ठ हैं।

नागरी लिपि को 'भी' अपनाना श्रेयस्कर क्यों?

"नागरी लिपि" की केवल एक विशेपता है कि वह कमोवेश सारे देश मे प्रविष्ट है, जबकि अन्य भारतीय लिपियाँ निजी क्षेत्रों तक सीमित हैं। वही यह भी सत्य है कि नागरी लिपि में प्रस्तुत और विशेप रूप से हिन्दी का साहित्य, अन्य लिपियो मे प्रस्तुत ज्ञानराशि की अपेक्षा कम और नवीनतर है। अतः समस्त भापाओं की ज्ञानराशि को, सर्वाधिक फैली लिपि "नागरी" मे अधिक से अधिक लिप्यन्तरित करके, क्षेत्रीय स्तर से उठाकर सबको सारे राष्ट्र में, यहाँ तक कि विश्व में ले आना परम धर्म है। विश्व की सब भापाओं में उपलब्ध ज्ञान (सत्साहित्य) है आत्मा, और 'नागरी लिपि' होना चाहिए उसका पर्यटक शरीर।

अन्य लिपियों को बनाये रखना भी कर्तव्य है।

वस्तुतः यह परम धर्म है कि समस्त सदाचार साहित्य को नागरी में तत्परता और प्राचुर्य में लिप्यन्तरित करना। किन्तु साथ ही यह भी परम धर्म है कि अन्य लिपियो को उत्तरोत्तर उन्नति के साथ बरक़रार रखना। यह इसलिए कि सबका सब कभी लिप्यन्तरित नहीं हो सकता। अतः अन्य लिपियो के नष्ट होने और नागरी लिपि मात्र के ही रह जाने से अलिप्यन्तरित हमारी समस्त ज्ञानराशि उसी प्रकार लुप्त-सुप्त होकर रह जायगी जैसे पाली का वाङ्मय रह गया। हमारा प्राचीन आप्तज्ञान विलुप्त हो जायगा।

नागरी लिपि वालों पर उत्तरदायित्व विशेष!

इन दोनो परम धर्मों की पूर्ति का सर्वाधिक भार नागरी लिपि वालों पर है, इसलिए कि उनको 'सम्पर्क लिपि' का श्रेष्ठ आसन प्रदत्त है। मैं कह सकता हूँ कि उन्होंने अपने कर्तव्य का, जैसा चाहिए था, वैसा निर्वाह नही किया। परन्तु उसकी प्रतिक्रिया मे अन्य लिपि वालों को भी "अपराध के जवाब में अपराध" नही करना चाहिए। 'कोयला' बिहार का है अथवा सिंहभूमि का है, इसलिए हम उसको नहीं लेंगे, तो वह हमारे ही लिए घातक होगा। कोयले की क्षति नही होगी। अपनी लिपियों को समुन्नत रखिए, किन्तु नागरी लिपि को भी अवश्य अपनाइए।

उपर्युक्त परिवेश में नागरी लिपि का पठन और समग्र श्रेष्ठ साहित्य का नागरी में लिप्यन्तरण तो आवश्यक है ही, किन्तु अन्य लिपियाँ भी अपनी लिपि में दूसरी भाषाओं के सत्साहित्य को लिप्यन्तरित तथा अनूदित कर सकती हैं। 'अधिकस्य अधिकं फलम्।' ज्ञान की सीमा नहीं निर्धारित है। 'भुवन वाणी ट्रस्ट' ने भी अवधी के रामचरितमानस को ओड़िआ भाषा में गद्य एवं पद्य अनुवाद-सहित, ओड़िआ लिपि में लिप्यन्तरित किया है। परन्तु सम्पर्क और एकीकरण की दृष्टि से 'नागरी लिपि' अनिवार्य है।

नागरी लिपि की वैज्ञानिकता मानव मात्र की सम्पत्ति है।

अब एक क़दम आगे बढ़िए। भारतीय लिपियों की सर्वाधिक वैज्ञानिकता युगों की मानव-श्रृंखला के मस्तिष्क की उपज है। क्या मालूम इस अनादि से चल रहे जगत् में कब, क्या, किसने उत्पन्न किया? भारत संयोग से इस समय इस विज्ञान का कस्टोडियन् है, स्रष्टा नहीं। भारत भी न जाने कब, कहाँ तक और कितना था? अतः हम भारतीयों को नागरी लिपि के स्वामित्व का गर्व नहीं होना चाहिए। वह आज के मानव के पूर्वजों की देन है, सबकी सम्पत्ति है, सकल विश्व उसका समान गौरव से उपयोग कर सकता है। हमारा 'अहम्' उस लिपि की उपयोगिता को नष्ट कर देगा, जिसके हम सँजोये रखनेवाले मात्र हैं। किन्तु विदेशों में बसनेवाले बन्धुओं को भी नागरी लिपि के गुणों को अपने ही पूर्वजों की उपज मानकर परखना चाहिए। ये गुण इस निबन्ध के प्रथम अनुबन्ध में अधिकांशतः वर्णित हैं। न परखने पर उनकी क्षति है, विश्व की क्षति है। पेट्रोल अरब का है, अतः हम उसको नहीं लेंगे, तो क्षति किसकी होगी? पेट्रोल की नहीं, अपनी ही।

फिर याद दिला देना जरूरी है कि क, प आदि रूपों में वैज्ञानिकता नहीं है। वे काफ़, पे और के, पी, जैसे ही रूप रख सकते हैं, किन्तु लिपि में 'अनुबन्ध प्रथम' में ऊपर दिये हुए गुणों और क्रम को अवश्य ग्रहण करें। और यदि एक बनी-बनाई चीज को ग्रहण करके सार्वभौम सम्पर्क में समानता और सरलता के समर्थक हों, तो 'नागरी लिपि' के क्रम को अपनी पैतृक सम्पत्ति मानकर, ग़ैर न समझकर, मौजूदा रूप में भी ग्रहण कर सकते हैं। वह भारत की बपौती नहीं है। आज के मानव के पूर्वजों की वह सृष्टि है। इससे विश्व के मानव को परस्पर समझने का मार्ग प्रशस्त होगा।

नागरी लिपि में अनुपलब्ध विशिष्ट स्वर-व्यञ्जनों का समावेश।

हर शुभ काम में कजी निकालनेवाले एक दूर की कौड़ी यह भी लाते हैं कि "नागरी लिपि सर्वाधिक वैज्ञानिक होते हुए भी अपूर्ण है और अनेक स्वर-व्यंजनों को अपने में नहीं रखती। उनको कहाँ तक और कैसे समाविष्ट किया जाय?" यह मात्र तिल का ताड़ है। मौजूदा कर्तव्य को टालना है।

अलबत्ता अन्य भाषाओं में कुछ व्यंजन ऐसे हैं जो नागरी में नहीं हैं— किन्तु अधिक नही। भारतीय भाषा उर्दू की क़ ख़ ग़ ज़ फ़, ये पाँच ध्वनियाँ तो बहुत समय से नागरी लिपि में प्रयुक्त हो रही हैं। दुःख है कि आज़ादी के बाद से राष्ट्रभाषा के पक्षधर ही उनको ग़ायब करने पर लगे हैं। इसी प्रकार मराठी ळ है। इनके अतिरिक्त अरबी, इब्रानी आदि के कुछ व्यञ्जन है, किन्तु उनको नागरी की दैनिक लिपि में अनिवार्यतः रखना आवश्यक नही। विशिष्ट भाषाई कार्यों में उन विशिष्ट भाषाई व्यंजनों को चिह्न देकर दरसाया जा सकता है।

तदर्थ अरबी लिपि का आदर्श सम्मुख।

और यह कोई नयी बात नहीं। नितान्त अपरिवर्तनशील कहे जाने वालों की लिपि 'अरबी' मे केवल २७-२८ अक्षर होते हैं। भाषा के मामले में वे भी अति उदार रहे। "इल्म चीन (अर्थात् दूर से दूर) से भी लाओ"— यह पैग़म्बर का कथन है। जब ईरान में, फ़ारसी की नई ध्वनियों च, प, ग, आदि से सामना पड़ा तो उन्होंने उनको अरबी-पोशाक चे, पे, गाफ़ पहना दी। जब हिन्दोस्तान आये तो ट, ड, ढ़ आदि से सामना पड़ने पर अरबी ही जामे में टे, डाल, ड़े आदि तैयार कर लिये। यहाँ तक कि सिन्धी में नागरी के सब महाप्राण और अनुनासिक, तथा सिन्धी के विशिष्ट अन्तःस्फुट अक्षरों को भी अरबी का लिबास पहना दिया गया। फिर 'नागरी' वाले तो औदार्य का दावा करते हैं, उनको परेशानी क्या है ? और नागरी में भी तो परिवर्तन होते रहे हैं। ऋग्वेद के प्रथम मंत्र मे प्रयुक्त ळ को छोड़ चुके हैं, और ड़, ढ़ आदि को अवर्गीय दशा मे जोड़ चुके हैं। नागरी लिपि मे कुछ ही व्यंजनों का अभाव है। उनमें से कुछ को स्थायी तौर पर और कुछ को अस्थायी प्रयोग के लिए गढ़ सकते हैं। 'भुवन वाणी ट्रस्ट' ने यह सेवा बड़ी सरलता, सफलता और सुन्दरता से की है।

स्वर और प्रयत्न (लहजा) का अन्तर।

अब रहे स्वर। जान लीजिए कि प्रमुख स्वर तीन ही हैं— अ, इ, उ; उनसे दीर्घ, संयुक्त (डिफ्थांग) बनते है। अतिदीर्घ, प्लुत, लघु, अतिलघु आदि फिर अनेक हैं जो विश्व में अनेक रूपों में बोले जाते हैं। भारतीय वैदिक एवं संस्कृत व्याकरण में अनेक हैं। वे स्वतंत्र स्वर नहीं हैं, प्रयत्न हैं, लहजा हैं। वे सब न लिखे जा सकते हैं, न सब सर्वत्र बोले जा सकते हैं। डायाक्रिटिकल मार्क्स कोशों में छाप-छापकर चमत्कार भले ही दिखा दिया जाय, प्रयोग में तो, "एक ही रूप में", अपने निजी शब्द निजी देशों में भी नहीं बोले जाते। स्वर क्या, व्यंजन तक। एक शब्द "पहले" को लीजिए। सब जगह घूम आइए, देखिए उसका उच्चारण किन-किन प्रकार से होता है। एक बिहार प्रदेश को छोड़कर कही भी "पहले" का

लेखानुरूप शुद्ध उच्चारण सुनने को नहीं मिलेगा। उसी भाँति पंजाब, बंगाल, मद्रास के अंग्रेज़ी के उद्भट विद्वान् अंग्रेज़ी में भाषण देते हैं—उनके लहजे (प्रयत्न) बिलकुल भिन्न होते हैं। फिर भी न उनका उपहास होता है, न अंग्रेज़ी भाषा का ह्रास।

शास्त्र पर व्यवहार की वरीयता।

शास्त्र और विज्ञान से हमको विरोध नहीं। लिपि की रचना, शोध, परिमार्जन, देश-काल-पात्र के अनुसार करते रहिए, परन्तु व्यवहारिकता को अवरुद्ध मत कीजिए। खाद्यपदार्थ के तत्वों का गुण-दोष, परिमाण, संतुलन, न्यूनाधिक्य, और खानेवाले की शक्ति के साथ उनका समन्वय, यह सब स्तुत्य है, कीजिए। किन्तु ऐसा नहीं कि उस समीक्षा के पूर्ण होने तक कोई भूखा रहकर मर ही जाय। थाली रखी है, उसे भोजन करने दीजिए। आज सबसे ज़रूरी है राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक का एक-दूसरे की ज्ञानराशि को समझने के लिए एक सम्पर्क लिपि की व्यापकता।

'भुवन वाणी ट्रस्ट' ने स्थायी और मुक़ामी तौर पर अनेक स्वर-व्यंजनों की सृष्टि की है। दक्षिणी भाषाओं में प्रयुक्त एकार तथा ओकार की ह्रस्व, दीर्घ मात्राएँ हम प्रयोग में ला रहे हैं। पढ़ने दीजिए, बढ़ने दीजिए। समस्त भाषाओं के ज्ञान-भण्डार को निजी क्षेत्रों से उठाकर धरातल तक नागरी लिपि के माध्यम से पहुँचाइए। नागरी लिपि मानव के पूर्वज की सृष्टि है, मानव मात्र की है। यहाँ से योरोप तक उसकी पहुँच है। यूरोपियों की लिपि-शैली नागरी थी। अक्षरों के रूप कुछ भी रहे हों। किन्हीं कारणों से सामीकुलों में भटककर अलफ़ा-बीटा के क्रम को थोड़े अन्तर के साथ अपना लिया। फिर पुराने संस्कारों से याद आया, तो स्वर-व्यंजन पृथक् माने। किन्तु उनके क्रम-स्थान जैसे के तैसे मिले-जुले रहे। सामीकुल की भाषाओं ने भी प्रमुख स्वर तीन ही माने हैं, ज़बर-ज़ेर-पेश (अ इ उ)। ै और ौ का उच्चारण अरबी, संस्कृत, अवधी और अपभ्रंश का एक जैसा है— (अई, अऊ)। किन्तु खड़ी बोली व उर्दू के अै, और ओ, ऐनक, औरत जैसे। यह स्वरों की भिन्नता नहीं है, वरन् लहजा (प्रयत्न) की भिन्नता है।

पूर्ण वैज्ञानिक कोई वस्तु मनुष्य के पल्ले नहीं पड़ सकती है। "पूर्ण विज्ञान" भगवान् का नाम है। सा-रे-ग-म-प-ध-नी ये सात स्वर; उनमें मध्य, मन्द, तार; कुछ में तीव्र, कोमल—बस इतने में भारतीय संगीत बँधा है। उनमें भी कुछ अदा नहीं हो सकते, अनुभूति मात्र हैं। किन्तु क्या इतने ही स्वर हैं? संगीत के स्वरों का इनके ही बीच में अनंत विभाजन हो सकता है। जैसे अणु से परमाणु का, और उसमें भी आगे। किन्तु शास्त्र एक वस्तु है, व्यवहार दूसरी। व्यवहार में उपर्युक्त षडज से

निषाद तक को पकड़ में लाकर संगीत कायम है, क्या उसको रोककर इनके मध्य के स्वरों को पहले तलाश कर लिया जाय ? तब तक संगीत को रोका जाय, क्योंकि वह पूर्ण नहीं है ? क्या कभी वह पूर्ण होगा ? पूर्ण तो 'ब्रह्म' ही है। "बेस्ट् इज् द ग्रेटेस्ट् एनिमी ऑफ् गुड्।" (Best is the greatest enemy of Good.) इसलिए शगूल और शोब्दों की आड़ न ली जाय। नागरी लिपि पर्याप्त सक्षम है।

विश्व-व्यापकता के संदर्भ में नागरी लिपि के स्वरों का रूप।

लिखने के भेद— यदि नागरी को हिन्दी क्षेत्र की ही लिपि बनाये रखना है तो इ, उ, ए, ऐ, लिखने के अपने पुरानेपन के मोह में मुग्ध रहिए। और यदि उसे राष्ट्रलिपि अथवा विश्व तक में, यहाँ तक कि सामीकुल में भी आसानी से ग्राह्य बनाना चाहते हैं तो अि, अु, अे, अै लिखिए। किन्तु कोई मजबूर नहीं करता। विनोबा जी ने भी इसका आग्रह नहीं रखा। आकार और रूप का मोह व्यर्थ है। पुराने ब्राह्मी-शिलालेखों को देखिए। आपके मौजूदा रूप वहाँ जैसे के तैसे कहाँ हैं ?

संस्कृत के तिरस्कार से भाषा-विघटन।

मेरा स्पष्ट मत है कि "संस्कृत" को राष्ट्रभाषा होना चाहिए था। वह होने पर, यह भाषा-विवाद ही न उठता। सबको ही (हिन्दी-भाषी को भी) समान श्रम से संस्कृत सीखने से हमारा अपार ज्ञान-भण्डार सबको सुलभ होता, स्पर्धा-कटुता का जन्म न होता और हिन्दी की पैठ में भी प्रगति ही होती। उर्दू-हिन्दी की अपेक्षा, अन्य सभी भारतीय भाषाएँ, संस्कृत के अधिक समीप हैं। किन्तु अब वह बात हाथ से बेहाथ है; और "हिन्दी" ही राष्ट्रभाषा सबको मान्य होना चाहिए। यह इसलिए कि हिन्दी ही एक भारतीय भाषा है जो देश के हर स्थल मे कमोवेश प्रविष्ट है।

आज क्या करना है ?

सार यह कि हुज्जत कम, काम होना चाहिए। शास्त्र पर व्यवहार प्रबल है। समय बड़ा बलवान है, वह आवश्यकतानुसार ढलाई कर देता है। हिन्दी-क्षेत्र में ही घूम-घूमकर प्रतिमा-अनावरण, हिन्दी का महिमा-गान, अनुवादों की धूम, अमुक भाषा की हिन्दी को यह देन, अमुक भाषा में हिन्दी की यह छाप— यह सब दिशाविहीनता, क़िलेबन्दी और अभियान त्यागकर नागरी लिपि में विश्व का साहित्य लाइए। टूटी-फूटी ही सही, हिन्दी बोलना भी— (ही नहीं बल्कि "भी") बोलने का अभ्यास कीजिए। लिपि और भाषा की सार्थकता होगी। मानवमात्र का कल्याण होगा। हमारी एकराष्ट्रीयता चरितार्थ होगी।

—नन्दकुमार अवस्थी

मुख्यन्यासी सभापति, भुवन वाणी ट्रस्ट, लखनऊ।

अनुवादकीय प्रस्तावना

सहज पंडित पोतनामात्य की जीवनी और व्यक्तित्व

भारत देश के इतिहास के मध्यकाल में महान् भक्त-कवि पैदा हुए हैं। उन्होंने अपना सारा जीवन भगवान की उपासना और भजन-कीर्तन और समाज के मार्ग-दर्शन में व्यतीत किया। कण-कण में परमात्मा को देख सकनेवाले इन महानुभावों की सामाजिक चेतना जाग्रत थी अतः उनकी रचनाओं में शाश्वत मानवीय मूल्य प्रस्फुटित हुए हैं। इन महाभक्तों के उद्भव के कारण इस युग को निस्संदेह स्वर्णयुग कह सकते हैं। भक्त पोतन्न ऐसे ही महानुभावों में से हैं जिन्होंने अपनी रचना द्वारा जनमानस को अप्रतिम रूप से प्रभावित किया। 'पोतन्न' शब्द की व्युत्पत्ति पर विचार करतें हुए किसी पंडित ने एक वार कहा था कि शब्द पोत+अन्न से वना है, अर्थात् भवाब्धि के लिए पोत (जहाज) रूपी अग्रज हैं। वास्तव में पोतन्न सार्थक नाम वाले हैं। पोतन्न की प्रशंसा में मलयाळम के प्रसिद्ध विद्वान श्री पी० केशव पिल्लै ने कहा था:—

'Not only the Telugu world but the whoie Hindu race has reason to be thankful for the Spiritual flame he has lit admist men........ Pothana stands in the foremost ranks of selfless Hindu saints who loved man and realised God. (The Hindu— 21-8-1913)'

भक्त पोतन्न ने भक्ति के प्रामाणिक ग्रंथ 'श्रीमद्भागवत' का आन्ध्रीकरण कर, आन्ध्र देश को भक्ति से आप्लावित कर दिया। आन्ध्र देश के गाँव-गाँव में भागवत के पद्य पढ़े और सुने जाते हैं। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि ऐसा कोई भी आदमी नहीं मिलेगा जिसे भागवत के कम से कम ४-५ पद्य कंठस्थ न हों।[1] उत्तर भारत में रामचरित मानस के समान आन्ध्र देश में पोतन्नकृत भागवत लोकप्रिय है।

नीलघनश्याम रामचंद्र के आदेशानुसार, पोतन्न ने भवबंधनों से मुक्त होने के लिए तथा अपने जन्म को सफल एवं पुनर्जन्म-राहित्य को प्राप्त करने के लिए, आन्ध्र भाषा में श्रीमद्भागवत का अनुवाद प्रस्तुत किया था। (तॆलुगु भागवत के प्रारंभिक पद्यों को देखिए।) और सचमुच पोतन्न और उनका भागवतम् दोनों अमर हो गए हैं। पोतन्न के वाद किसी भी कवि ने भागवतम् के अनुवाद के प्रयन्न का साहस तक नहीं किया।

---

१ डॉ० के० रामकोटि शास्त्री की पुस्तक 'पोतना का वैचित्र्य' से उद्धृत।

डॉ० भीमसेन निर्मल —सम्पादक

भागवतमु के प्रारंभ में स्वयं पोतन्न ने अपने वंशक्रम का विस्तार से परिचय दिया है। वे कौंडिन्यस गोत्रज और आपस्तंब धर्मसूत्रों के अनुयायी थे। पोतन्न के ही शब्दों में उनका वंशक्रम इस प्रकार है:—

केसन मंत्री ने शैव-संप्रदाय में दीक्षा ली थी। अर्थात् उनके पूर्वज शैव-संप्राय में दीक्षित नहीं थे। लगता है कि वीरशैव परिवार में जन्म लेकर भी, भागवत आदि पुराणों के अध्ययन के कारण पोतन्न के हृदय में श्रीमन्नारायण के प्रति भक्ति-भाव अंकुरित हो गया होगा। इन्हीं परिस्थितियों में 'गंगा के किनारे एक दिन चंद्रग्रहण के समय में महेश्वर के ध्यान में मग्न रहते समय' पोतन्न को 'सीता-लक्ष्मण-युक्त श्रीरामचंद्र जी के दर्शन' हुए। इस अवसर पर पोतन्नकृत 'सीस' पद्य (१-१४) पाठकों को भाव-विभोर कर देने वाला है।

वीर-शैव और वीर-वैष्णव संप्रदायों के उफ़ान को शांत करने में महाकवि तिक्कन्न के हरिहर अद्वैत सिद्धांत ने जादू का सा काम किया। उसके बाद आन्ध्रदेश में शिव-केशव में समदृष्टि रखनेवाले स्मार्त संप्रदाय का प्रचार बढ़ता चला गया। हो सकता है कि पोतन्न भी इसी से प्रभावित हुए हों। भागवतम् के कृष्ण और शिव के अभेद का वर्णन करनेवाले पद्य इसी भाव-धारा के प्रमाण हैं।

पोतन्न के नाम से जुड़ा हुआ 'अमात्य' शब्द इस बात को प्रमाणित करता है कि वे 'नियोगी' ब्राह्मण थे। नियोगी ब्राह्मण साधारणतया राजाओं के पास मंत्री, दंडनाथ आदि पदों पर नियुक्त होते थे। कालान्तर में 'अमात्य', 'मंत्री' आदि शब्द इस शाखा के ब्राह्मणों के लिए रूढ़ हो गए। राजाओं के 'अमात्य' या 'मंत्री' न होने पर भी, इन लोगों के नामों के साथ 'अमात्य' अथवा 'मंत्री' जोड़ दिए जाते थे। साधारणतया नियोगी लोग गांवों के पटवारी हुआ करते हैं। यह इस शाखा के

ब्राह्मणों के लिए आनुवंशिक पेशा है। हो सकता है पोतन्न के पिता और अग्रज 'बम्मॆर' गाँव के 'करणमु' (पटवारी) रहे हों। पोतन्न नियोगी ब्राह्मण तो थे किंतु किसी राजा के यहाँ 'अमात्य' पद को समलंकृत नहीं किया था। उन्हें तो राजाश्रय से ही चिढ़-सी हो गई थी।

अतःसाक्ष्य के आधार पर पोतन्न के वंशक्रम के बारे में तो निश्चित रूप से मालूम हो जाता है किन्तु उनका समय, निवासस्थान, रचनाओं के बारे में कोई उल्लेख नहीं मिलता अतः इनको लेकर विद्वानों में पर्याप्त मतभेद रहा है।

इतिहास-प्रसिद्ध सर्वज्ञसिंगम नायक (द्वितीय) के समकालीन मानकर, पोतन्न के समय का निर्धारण १५ वीं शती का उत्तरार्द्ध किया गया है। विद्वानों के मतों पर चर्चा के बाद डा० दिवाकर्ल वेंकटावधानी जी ने लिखा है कि यह मानना समुचित रहेगा कि पोतन्न सन् १४३० के आस-पास जन्म लेकर, सन् १५०० तक जीवित रहे होंगे। किंवदंतियाँ हैं कि कविसार्वभौम श्रीनाथ, पोतन्न के साले थे। श्रीनाथ राजाओं के आश्रय में रहकर विलासमय जीवन व्यतीत कर रहे थे। उन्होंने कई बार पोतन्न से कहा कि अपनी कृति किसी राजा को समर्पित करो और सुखों का उपभोग करो। पोतन्न कहते थे—

> बाल रसाल साल नव पल्लव कोमल काव्य कन्यकन्
> कूळ्ळ किच्चि यप्पडुपु गूडु भुजिंचुट कंटॆ सत्कवुल्
> हालिकुलैन नेमि गहनांतर सीमल कंदमूल कौ-
> द्दालिकुलैन नेमि ? निजदारसुतोदरपोषणार्थ मै।

(बाल रसाल साल नव पल्लव-सम कोमल काव्य-कन्यका को नीच और कौलवों के हाथ बेच देकर प्राप्त धन से सुख भोगने की अपेक्षा, सत्कवि अपनी दारा और सुत (संतान) के उदर-पोषण के लिए हालिक (किसान) बनें तो क्या हुआ ? अथवा जंगलों में कंदमूल खोद-समेट लाने वाले हुए तो क्या हुआ ?)

कहा जाता है कि अपने घर आए हुए श्रीनाथ को पोतन्न ने अपनी रचना में से गजेन्द्रमोक्षण की कथा सुनाई तो 'सिरिकि जॆप्पडु...' (७-९६) को सुनकर श्रीनाथ ने हँसकर कहा कि तुम्हारे भगवान तो मूर्ख लग रहे हैं। गजेंद्र को बचाने के लिए उसे साधन-संपन्न बनकर आना चाहिए था। उस समय तो पोतन्न चुप रह गए। दूसरे दिन उन्होंने एक उपाय किया। जब दोनों भोजन कर रहे थे, उस समय एक पत्थर कुएँ में डलवाया और किसी से कहलवाया कि श्रीनाथ का लड़का कुएँ में गिर गया है। यह सुनना था कि श्रीनाथ पत्तल के सामने से उठ खड़े हुए

और दौड़ते हुए कुएँ के पास पहुँच गए और हाहाकार करने लगे। पोतन्न भी पीछे-पीछे वहाँ पहुँच गए और श्रीनाथ से पूछा कि निसेनी और रस्सी के वग़ैर वेटे को कैसे बचाओगे ? तब श्रीनाथ को अपनी भूल का इहसास हो गया। साधारण से पिता के हृदय में अपनी संतान के लिए इतना उत्कट वात्सल्य है तो परमात्मा के हृदय में अपने भक्त के प्रति कितनी उत्कट भावना रहेगी !

एक बार कहते हैं, दरिद्रता की यातनाओं को सह न सकने के कारण पोतन्न के मन में पलभर के लिए यह भाव आया कि अपनी कृति किसी राजा को समर्पित कर दें। तत्काल आँखों से आँसू बहाती हुई माँ भारती उनके समक्ष हो गई। तव उन्हें देखकर पोतन्न ने कहा—

काटुककंटिनीरु चनुगट्टु पयिवड नेलयेड्चेंदो
कैटभदैत्यमर्दनुनि गादिलि कोडल ! यो मदंब ! यो
हाटकगर्भुराणि ! निनु नाकटिकि गोंनिपोयि यल्ल क-
र्णाट किराट कीचकुल कम्म द्रिशुद्धिग नम्मु भारती !

(हे कैटभदैत्यमर्दन विष्णु) की लाड़ली बहू ! हे मेरी माँ ! हे हाटक-गर्भ (ब्रह्मा) की रानी ! हे भारती ! कजरारी आँखों से आँसू वहाती क्यों रो रही हो ? मैं अपनी भूख मिटाने के लिए तुम्हें ले जाकर, उन कर्नाट-किरात-कीचकों के हाथ नहीं वेचूँगा। त्रिकरण शुद्धि से मेरी बात पर विश्वास करो।)

जो हो, पोतन्न ने अपने समकालीन अन्य कवियों के समान राजाश्रय की ईषन्मात्र भी इच्छा नहीं की और अपनी कृति भागवतमु श्रीहरि को ही समर्पित किया। (१-२७ से ३१)

पोतन्न के जन्मस्थान के बारे में भी विद्वानों में मतैक्य नहीं रहा है। कुछ लोग उन्हें वरंगल के निकट 'बम्मॅर' नामक गाँव के निवासी मानते हैं तो कुछ लोग कड़पा जिले के 'ऑटिमिट्टा' के निवासी। संप्रति अधिकांश इसी मत को मानने के पक्ष में हैं कि पोतन्न वरंगल[1] ('एकशिला' नगर का तेलुगु रूपांतर) के निकटस्थ 'बम्मॅर' के ही निवासी थे। 'बम्मॅर' के पास गोदावरी नदी है, जिसका उल्लेख भागवत की भूमिका में 'गंगा' के नाम से हुआ। भाषा-वैज्ञानिक शोध के आधार पर भी पोतन्न को तेलंगाना का निवासी प्रमाणित करते है। वरंगल सदियों से तेलंगाने का प्रमुख नगर है। भागवतमु की भूमिका भाग में एकशिला-नगर में स्थित अपने गुरु-वृद्ध-बंधुजनों से पोतन्न ने अनुमति ग्रहण की थी। (१-२१)

---

१ ओरु (एक) + कल्ल (पत्थर) = वरंगल = एकशिला

तेलुगु साहित्य में नई नहीं है। जो भी हो, इतना निश्चित है कि आठ स्कंध ही पोतन्न के लिखे हुए हैं। इनमें भी कुछ अंशों को नारय्या ने लिखा, ऐसा माना जाता है।

भोगिनी दंडकमु, वीर भद्रविजयमु और नारायण शतक के कर्तृत्व के बारे में मतभेद होने पर भी, भागवतमु के कर्तृत्व के बारे में कोई मतभेद नहीं है, भागवतमु के आधार पर पोतन्न के व्यक्तित्व का अनुमान लगाना समुचित होगा।

पोतन्न गृहस्थ होते हुए सांसारिक विषयवासनाओं से अलिप्त थे। वे विरागी गृहस्थ, कर्मयोगी और महाभक्त थे। अत्यंत साधु प्रकृति के थे। उन्होंने गृहस्थ जीवन को भक्तिमार्ग का बाधक नहीं माना। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में वे समरसता के उपासक थे। वे शांत प्रकृति के थे। सर्वावस्थाओं में उनका मन 'श्रीनारायण-पाद-पद्मों' पर ही लगा रहता था। अपने आराध्य के प्रति उनके मन में अचंचल विश्वास था।

सात्विक गुणों से युक्त इस महातपस्वी के करकमलों द्वारा व्यासकृत श्रीमद्भागवत का आंध्रीकरण आन्ध्र जनता के चिरसंचित पूततप का परिणाम है। यही कारण है कि आंध्र भागवतमु रसज्ञ पाठकों को भक्तिरसामृत में सराबोर कर देता है। आंध्र-साहित्य-क्षेत्र में पोतन्न के समान साधु, निर्भीक और निराडंबर जीवन व्यतीत करनेवाला दूसरा कोई व्यक्ति नहीं हुआ है। 'शशि' के समान सर्वत्र उनकी शीतल चाँदनी का प्रभाव देखा जा सकता है।

कृतिसौंदर्य

सो. ललित स्कंधमु, कृष्णमूलमु, शुका-लापाभिराममंबु, मं-
जुलता-शोभितमुन्, सुवर्णसुमनस्सुज्ञेयमुन्, सुंदरो-
ज्ज्वलवृत्तंबु, महाफलंबु विमल-व्यासालावालंबुनै
वेलयुन् भागवताख्य कल्पतरुवुर्विन् सद्विज श्रेयमै। (1-20)

[भागवत नामक कल्पतरु ललित स्कंध वाला, और कृष्णमूल है। शुक (शुक महर्षि और तोता) के आलापों से अभिराम और मंजुलता से (मंजु-लताओं से) शोभित है। सुवर्ण (अक्षर, रंग)-सुमन (मन, फूल) से सुज्ञेय और सुंदर उज्ज्वल वृत्त (कथा, परिधि) वाला है। महाफल (मोक्ष, फल) वाला और विमल व्यास के आलवाल से युक्त है। ऐसा यह कल्पतरु पृथ्वी पर सद्विजों के लिए श्रेयोदायक होते हुए विलसित होगा।]

श्लेष के द्वारा कल्पतरु और भागवतमु में अभेद मानते हुए पोतन्न

यथा 'रथमु' को 'रधमु' और 'ग्रंथ' को 'ग्रंध' कहा जाता है। इसका कारण दोनों अक्षरों का रूपसाम्य माना जाता है।

संस्कृत के कई लकारान्त शब्दों में 'ल' के स्थानों पर 'ळ' का प्रयोग होता है। यथा कला=कळा, मंगल=मंगळ, गरल=गरळ, मुरली=मुरळी, सरल=सरळ आदि।

तालव्य 'श' और मूर्धन्य 'ष' के उच्चारण में अन्तर स्पष्ट है।

तॅलुगु के कुछ शब्दों में अर्धानुस्वार का प्रयोग है। यह उस स्थान पर प्राचीन काल में प्रयुक्त अनुस्वार का बचा हुआ है। इसका न तो उच्चारण होता है, न आधुनिक काल में प्रयोग ही होता है। चिह्न को लिप्यन्तरण में छोड़ दिया गया है। तॅलुगु में वर्गान्त अनुनासिक के स्थान पर सर्वथा अनुस्वार का ही प्रयोग किया जाता है। किन्तु देवनागरी लिप्यन्तरण में ह्रस्व ॲ और ऑ की मात्राओं के 'पश्चात्-अनुनासिक' को मुद्रण की सुविधा के लिए वर्गान्त अनुनासिक ढंग पर लिखना अपनाया गया है यथा रॅण्ट, रॅण्डु, वॉन्दुटयु आदि।

साधारणतया तॅलुगु के शब्द दीर्घान्त नहीं होते। अतः संस्कृत शब्द तॅलुगु में ह्रस्वान्त रूप में ही प्रयुक्त होते हैं। यथा पिता=पित, कमला=कमल, पार्वती=पार्वति, गौरी=गौरि, अपराधी=अपराधि आदि।

तॅलुगु वाक्य के मध्य में स्वर का कदापि प्रयोग नहीं होता। स्वर अपने से पूर्व के व्यंजन से जुड़ जाता है। बहुधा क, च, ट, त, प ये व्यंजन (इन्हें सरलाक्षर कहते है) ग, ज, ड, द, ब, में बदल जाते हैं। इस नियम को अवश्य ध्यान में रखना चाहिए। यथा कृत=गृत्य, प्रणव=ब्रणव, परिचित=वरिचित, चंड=जंड आदि।

कुछ शब्दों के अन्त में नकार (हलन्त) होता है। सन्धि के नियमों के अनुसार वह पश्चात्-स्वर में मिल जाता है। यथा, विदूरुन्+अकृत्रिम=विदूरुनकृत्रिम, अरुदुगान्+इन्द्रिय=अरुदुगानिन्द्रिय आदि।

संस्कृत के शत-प्रतिशत शब्दों का प्रयोग तॅलुगु में होता है। हाँ, कुछ शब्दों के अर्थ हिन्दी से भिन्न है।

अनुवादक-मंडल की ओर से निवेदन

आदरणीय मित्र डॉ० गजानन नरसिंह साठे (पूना) के प्रोत्साहन से भुवन वाणी ट्रस्ट के पुनीत कार्यक्रमों में भाग लेने का सुअवसर प्राप्त हुआ था और उन्हीं की प्रेरणा और श्रद्धेय नंदकुमारजी अवस्थी के तत्त्वावधान में 'रंगनाथ रामायण' का नागरी लिप्यन्तरण सहित हिन्दी अनुवाद के कार्य को संपन्न कर पाया। रामायण की कथा को काव्य का रूप देने वाली एक मात्र कवयित्री आतुकूरि मॉल्ल कृत रामायण का, मेरे शिष्य डा० रामुलु

ने नागरी लिप्यन्तरण सहित हिन्दी अनुवाद प्रस्तुत किया था। जब ये दोनों ग्रंथ छप रहे थे, तब मान्यवर डा० एम० चेन्नारेड्डी (उस समय उत्तर प्रदेश के राज्यपाल) भुवन वाणी ट्रस्ट के कार्यों से अवगत हुए, कार्य की भूमि-भूरि प्रशंसा की और कहा था कि पोतन्नकृत भागवतमु तो तेलुगु जनता के हृदय का प्रतिनिधित्व करता है। अतः तेलुगु भागवतमु को भुवन वाणी ट्रस्ट अपनी योजना मे ले ले।

श्रद्धेय अवस्थी जी ने इस कार्य का भार मेरे कंधों पर रख दिया। मुझ अल्पज्ञ और (शारीरिक और मानसिक रूप से) बलहीन व्यक्ति को तेलुगु भागवतमु के बृहदाकार को देख सकोच-सा हुआ। तब अवस्थी जी स्वयं हैदराबाद पधारे और मुझे आश्वस्त किया और कहा कि दो तीन मित्रों के सहयोग से सही, इस कार्य को सम्पन्न करना होगा। उनके सत्परामर्श से मैंने इस गुरुतर भार को स्वीकार लिया।

डा० सी० हेच० रामुलू ने सूर और पोतन्न के काव्य में भक्ति भावना शीर्षक विषय पर, मेरे निर्देशन मे, शोध प्रबंध प्रस्तुत किया था। मैंने रामुलू को प्रथम तीन स्कधों के कार्य का भार सौंपा था। डा० रामुलू संप्रति आर्ट्स ऐंड सायन्स कालेज, वरंगल मे प्राध्यापक हैं। अध्यवसायी और साहित्यिक अभिरुचि वाले लेखक हैं।

दूसरे सहयोगी डा० एम० वी० वी० ऐ० आर० शर्माजी हैं। इन्होंने भी, मेरे निर्देशन मे, हिन्दी और तेलुगु शतक साहित्य पर शोध कार्य किया था। डा० शर्मा खम्मम के सरकारी डिग्री कालेज के अवकाश-प्राप्त प्राध्यापक है। इन्होने तेलुगु के दो प्रसिद्ध शतक--- कुमारी शतक और सुमती शतक का हिन्दी अनुवाद किया था। ये हिन्दी और तेलुगु दोनों भाषाओं में समान अधिकार के साथ लिखने की सामर्थ्य रखते हैं। पोतन्न भागवत के चतुर्थ, नवम और [illegible] (उत्तर) इनके ही श्रम का फल है।

डा० श्रीमती नीरजा चक्रवर्ती ने मद्रास विश्वविद्यालय से शोध-प्रबंध प्रस्तुत किया था। इन्होंने राष्ट्रभाषा प्रवीण की परीक्षा पास की थी। इनके पिता श्रीतिरुमल रामचन्द्र संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश आदि भाषाओं के उद्भट विद्वान् हैं। श्रीमती नीरजा को लेखन कार्य से अभिरुचि है। भागवत सप्त स्कंध का सानुवाद लिप्यन्तरण डॉ० नीरजा चक्रवर्ती ने सम्पन्न किया।

डा० एम० रंगय्या ने 'हिन्दी और तेलुगु के आधुनिक काव्य में प्रगतिवाद' विषय पर, मेरे निर्देशन में, शोध प्रबंध प्रस्तुत किया था। डा० रंगय्या संप्रति सरकारी सिटी कालेज, हैदराबाद में हिन्दी के प्राध्यापक हैं। इनको कविता लिखने और तेलुगु कविताओं के हिन्दी अनुवाद करने की अभिरुचि है। इनका योगदान पञ्चम स्कंध के समग्र कार्य में है।

अंत में श्रद्धेय श्री एस० वी० शिवराम शर्माजी का सहयोग अविस्मणीय है। श्री शर्माजी वयोवृद्ध हिन्दीसेवी और विद्वान् हैं। हिन्दी और तेलुगु व्याकरणों के तुलनात्मक अध्ययन पर आधारित इनकी पुस्तक पर्याप्त लोकप्रिय हुई है। श्रीमद्भागवत के प्रस्तुत नागरी संस्करण के नवम् (पूर्व), एकादश तथा द्वादश स्कंध हमारे इन्हीं विद्वत्प्रवर की देन है।

उपरोक्त सभी सहृदय सहयोगी मित्रों के कारण मैं इस बृहद् कार्य को संपन्न कर पाया हूँ। स्वयं पोतन्न ने कहा था कि—

"भागवतमु देलिसि पलुकुट चित्रंबु, शूलिकैन दम्मिचूलिकैन
विबुधजनुल वलन विन्नंत कन्नंत, तेलियवच्चिनंत तेटपरतु ॥ (1-17)

[भागवतमु को समझकर कहना शूली (शिव) या कमलज (ब्रह्मा) के लिए भी कठिन है। अतः विबुध जनों द्वारा जितना सुना, समझा, उसे स्पष्ट करने का प्रयत्न करूँगा।]

तपःशक्ति से संपन्न, परम सात्त्विक भक्तशिरोमणि और सहज पंडित पोतन्न को ही भागवत का अनुवाद कष्टसाध्य प्रतीत हुआ तो हम जैसे लोगों की क्या हस्ती है? फिर भी हम लोगों ने साहस से काम लिया। स्वसन्निधानम् सूर्यनारायण शास्त्री, आचार्य डा० दिवाकर्ल वेंकटावधानी, श्री तिरुमल रामचद्र आदि विद्वानों ने हमारा यथोचित मार्ग-दर्शन किया। श्रीएविकराल कृष्णमाचार्य जी के भागवतामृत नामक पुस्तक (अव तक नौ खंड प्रकाशित) से भी हमें पर्याप्त सहायता मिली। डा० वारणासि राममूर्ति 'रेणु' जी ने आन्ध्र प्रदेश साहित्य अकादमी के लिए 'भागवत परिमल' नाम से प्रह्लाद चरित्र, गजेंद्रमोक्षण, वामनावतार, रुक्मिणी परिणय नामक चार उपाख्यानों का हिन्दी पद्यानुवाद किया था। उस पुस्तक से भी हम लाभान्वित हुए। इन सबका हम हृदय से आभार मानते हैं।

भुवन वाणी ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रद्धेय नंदकुमार जी अवस्थी तथा प्रिय वंधु श्रीविनयकुमार जी अवस्थी के प्रति आभार-प्रदर्शन के लिए हमारे पास शब्द ही नही है। इतना ही कह सकता हूँ कि यह प्रयास जितना हमारा है, उतना ही उनका भी है।

यदि इस कार्य द्वारा सुधी पाठकों को पोतन्न के भक्ति-पारम्य और काव्य-रचना-कौशल से परिचित करा सकें तो हम अपने प्रयास को सफल मानेंगे।

गान्धीनगर,
हैदराबाद ५००३८०

भीमसेन निर्मल

अमात्यवर श्री पोतन्न प्रणीत

तेलुगु महाभागवतमु

के

हिन्दी अनुवाद, नागरी लिप्यन्तरण एवं सम्पादन

पर

सन्नद्ध साक्षात् षडानन !

आन्ध्र-प्रदेश के छः भगीरथ विद्वान्। विवरण हेतु देखिए डॉ० निर्मल की प्रस्तावना।

डॉ० भीमसेन निर्मल

रीडर, उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद

(सम्पादक समग्र ग्रन्थ)

डॉ० एम० वी० वी० आई० आर० शर्मा

जुबिलीपुरा, खम्मम

स्कन्ध ४, ६, १० (उत्तर)

विद्वत्प्रवर श्री एस० बी० शिवराम शर्मा
एस० वी० एच० कालोनी, मलाकापेट, हैदराबाद
स्कन्ध ८, १० (पूर्व), ११, १२

डॉ० श्रीमती नीरजा चक्रवर्ती
आदर्शनगर, हैदराबाद
७ वाँ स्कन्ध

डॉ० एम० रंगय्या
प्राध्यापक, राजकीय सिटी कालेज, हैदराबाद
स्कन्ध ५ व ६

डॉ० सी० एच० रामुलू
प्राध्यापक, आर्ट्स तथा साइंस कालेज, वारंगल
स्कन्ध १, २ व ३

प्रकाशकीय प्रस्तावना

देवनागरी अक्षयवट

भुवन वाणी ट्रस्ट के 'देवनागरी अक्षयवट' की देशी-विदेशी प्रकाण्ड-शाखाओं मे, संस्कृत, अरबी, फ़ारसी, उर्दू, हिन्दी, कश्मीरी, गुरमुखी, राजस्थानी, सिन्धी, गुजराती, मराठी, कोंकणी, मलयाळम, तमिळ, कन्नड, तॆलुगु, ओड़िया, बँगला, असमिया, नेपाली, अंग्रेजी, हिब्रू, ग्रीक, अरामी आदि के वाङ्मय के अनेक अनुपम ग्रन्थ-प्रसून और किसलय खिल चुके हैं, अथवा खिल रहे हैं। इस नागरी अक्षयवट की तॆलुगु शाखा में, अमात्यवर सन्त पोतन्न प्रणीत श्रीमद्-आन्ध्रमहाभागवतमु के हिन्दी अनुवाद सहित नागरी लिप्यन्तरण के प्रथम खण्ड (स्कन्ध १-४) का यह प्रस्तुत संस्करण तीसरा पल्लव-रत्न है। इससे पूर्व, तॆलुगु का वृहत् ग्रन्थ रंगनाथ रामायण और मॊल्ल रामायण, प्रकाशित हो चुके हैं।

विश्वबन्धुत्व और राष्ट्रीय एकीकरण के संदर्भ में लिपि और भाषा

भूमण्डल पर देश-काल-पात्र के प्रभाव से मानव जाति, विभिन्न लिपियाँ और भाषाएँ अपनाती रही है। उन सभी भाषाओं में अनेक दिव्य वाणियाँ अवतरित है, जो विश्वबन्धुत्व और परमात्मपरायणता का पथ-प्रदर्शन करती हैं; किन्तु उन लिपियों और भाषाओं से अपरिचित होने के कारण हम इस तथ्य को नही देख पाते। अपनी निजी लिपि और अपनी निजी भाषा मे ही सारा ज्ञान और सारी यथार्थता समाविष्ट मानकर, दूसरे भाषा-भाषियों को उस ज्ञान से रहित समझते हुए हम भेद-विभेद के भ्रमजाल में भ्रमित होते हैं।

भूमण्डल की बात तो दूर, हमारे अपने देश 'भारत' में ही अनेक भाषाएँ और लिपियाँ प्रचलित हैं। एक ब्राह्मी लिपि के मूल मे उत्पन्न होने के बावजूद उन सबसे परिचित न होने के कारण हम अपने को परस्पर विघटित समझने लगते हैं। सारी लिपियाँ और भाषाएँ सीखना-समझना सम्भव भी नही है।

सुतरां, यथासाध्य विश्व, और अनिवार्यतः स्वराष्ट्र की सभी भाषाओं के दिव्य वाङ्मय को राष्ट्रभाषा हिन्दी और सम्पर्कलिपि नागरी में, सानुवाद लिप्यन्तरित करके, क्षेत्रीय स्तर से बढ़ाकर उसको सारे राष्ट्र को सुलभ कराना, समस्त सदाचार-साहित्य-निधि को सारे देश की सम्पत्ति बनाना, यह संकल्प भगवान की प्रेरणा से सन् १९४७ में मैंने अपनाया, और इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु १९६९ ई० में 'भुवन वाणी ट्रस्ट' की स्थापना हुई।

विश्वबन्धुत्व के सम्बन्ध में ट्रस्ट की अपेक्षाएँ

प्रश्न यह उठता है कि विश्ववाङ्मय के परस्पर लिप्यन्तरण और

अनुवाद से मानव मात्र में सद्भावना की उपलब्धि क्या सम्भव है ? मेरा नम्र निवेदन है कि यह कठिन है। सृष्टि के आरम्भ से विविध भूखण्डों में समय-समय पर अवतारी पुरुष और आप्त ग्रन्थ प्रकट होते रहे हैं। फिर भी संगठन और विघटन, दोनों ही वर्तमान हैं। उनमें जरूर चढ़ाव-उतार होता रहता है। तब हमारे टिट्टिभि-प्रयास की क्या बिसात है ? साथ ही दूसरा प्रश्न हम रखते है कि यह मानते हुए कि विश्व का समस्त वाङ्मय मानव मात्र की सम्पत्ति है, क्या वह समग्र मानव की पहुँच में न बनाया जाय ? किसी एक वाङ्मय को यदि हम ग़ैर मानकर उससे विरक्त रहते हैं तो हम अपने को निर्धन बनाते हैं। उसी भाँति यदि कोई समूह किसी वाङ्मय विशेष को अपनी ही पूँजी मानकर शेष मानव समाज को उससे वञ्चित रखता है तो वह व्यक्ति अथवा समूह उस कृपण के सदृश है जो किसी निधि का न स्वयं उपभोग कर पाता है, न किसी अन्य को उपभोग करने देता है।

ट्रस्ट की यह मान्यता है कि धरातल का समस्त वाङ्मय मानवमात्र की सम्पत्ति है। लिपि और भाषा के पट को अनावृत कर उस सबको सर्वसुलभ बनाना चाहिए। भले ही मानव की पार्थक्य-भावना का मूलनाश न हो, परन्तु एकीकरण की ओर कर्तव्य करते रहना हमारे लिए श्रेयस्कर है। छोटे से भी छोटा सत्कार्य कभी व्यर्थ नहीं जाता, नष्ट नहीं होता—

"पार्थ नैवेह नामुत्र विनाशस्तस्य विद्यते।
नहि कल्याणकृत्कश्चित् दुर्गतिं तात गच्छति ॥"

—गीता ६ : ४०

नागरी लिपि पर उत्तरदायित्व

नागरी लिपि पर यह उत्तरदायित्व ठीक ही रहा कि राष्ट्र की सभी लिपियों के साहित्य को नागरी जामा पहनाकर उसको राष्ट्र भर में फैलाए। देश का सकल साहित्य देश के कोने-कोने में सुपरिचित हो। नागरी लिपि का ही फैलाव इतना विशाल है कि इस उत्तरदायित्व को वहन कर सके।

नागरी लिपि हेतु आन्ध्रप्रदेश का योगदान

श्री भण्डारम भीमसेन जोस्युलु साहित्य-जगत में डॉ० भीमसेन निर्मल के नाम से प्रख्यात हैं। एम० ए०, पीएच्० डी० (हिन्दी), एम० ए० (तॆलुगु), राष्ट्रभाषा-प्रवीण, हिन्दी-प्रचारक, साहित्य-रत्न, साहित्य-सुधाकर आदि उपाधियों से समलङ्कृत इन विद्वान का जन्म ३० नवंबर, १९३० ई० में मेदक (आन्ध्र) में हुआ। न केवल तॆलुगु और हिन्दी के अनेक ग्रन्थों के सफल अनुवादक, वरन् अहर्निश राष्ट्रभाषा के अनन्य सेवक हैं।

भुवन वाणी ट्रस्ट का उनसे सम्बन्ध विविध भाषाओं के सानुवाद नागरी लिप्यन्तरण को लेकर आज से लगभग १० वर्ष पूर्व हुआ। तब से वे ट्रस्ट की विद्वत्-परिषद् के वरिष्ठ सदस्य हैं और उनका योगदान महान है। तेरहवी शती के सुप्रसिद्ध तॅलुगु ग्रन्थ 'रंगनाथ रामायण' का सानुवाद नागरी लिप्यन्तरण १३३६ पृष्ठों के वृहदाकार में, केवल उनके अथक श्रम के फलस्वरूप भुवन वाणी ट्रस्ट से प्रकाशित हुआ, उसी शती में विरचित भक्त महिला मॉल्ल विरचित 'मॉल्ल रामायण' (३०८ पृष्ठ) का सानुवाद नागरी लिप्यन्तरण भी डॉ० निर्मल की ही देख-रेख में उनके योग्य शिष्य डॉ० सी० एच० रामुलु द्वारा सम्पूर्ण होकर ट्रस्ट से प्रकाशित हुआ।

पोतन्न महाभागवतमु

उपरोक्त दो तॅलुगु ग्रन्थों के प्रकाशित होने के वाद आन्ध्र के राष्ट्र-प्रसिद्ध भक्त अमात्यवर पोतन्न द्वारा प्रणीत "महाभागवतमु" को नागरी जगत के सम्मुख लाने की उत्कट अभिलाषा हुई। मुल्ला की दौड़ मस्जिद तक! तॅलुगु के सम्वन्ध मे डॉ० निर्मल से प्रार्थना की। हमारी विद्वत्-परिषद् के वरिष्ठ सदस्य होने के नाते वे स्वयं उत्सुक हुए। किन्तु काम वहुत वड़ा था। न केवल आकार, वरन् भागवत जैसा जटिल, विद्वत्ता-पूर्ण ग्रन्थ, फिर तॅलुगु की समासवहुला भाषा को नागरी तथा हिन्दी पाठक के समक्ष सुवोध शैली में प्रस्तुत करना— एक महान् भगीरथ प्रयास था।

षडानन सन्नद्ध !

परन्तु भाषाई सेतुवन्ध के सत्कार्य पर भगवान की कृपा है। डॉ० निर्मल के निवास पर, हैदराबाद में वैठक हुई। कार्य को मिल-वांट कर सम्पूर्ण करने का निर्णय हुआ। इस पुनीत कार्य में साक्षात् षडानन सन्नद्ध हो गये और लगभग चार वर्षों में डॉ० निर्मल सहित छः विद्वानों ने इस भागीरथी भागवत-गंगा को राष्ट्र मे प्रवाहित कर ही दिया। डॉ० निर्मल ने अपने वक्तव्य में इन महानुभावों का आत्मीयता से भरा हुआ वर्णन दिया है। पाठकों से परिचय हेतु अन्यत्र हम उनके चित्र देते हुए, भागवत के किन अंशो की पूर्ति किनके द्वारा हुई, यह विवरण दे रहे हैं। न केवल हम, वरन् सारा राष्ट्र, इस पुष्कल एवं निस्पृह योगदान के लिए इन विद्वानों का कृतज्ञ रहेगा।

हिन्दी-पाठक ध्यान दें

यह लिखा जा चुका है कि तॅलुगु एक समास-वहुला भाषा है। विना मूलपाठ के, केवल हिन्दी भावानुवाद तो एक प्रवाहमय भाषा में देना सरल है। परन्तु समानान्तर तॅलुगु पाठ का नागरी-लिप्यन्तर रहते हुए हिन्दी-शब्दानुवाद प्रस्तुत करना कठिन है। उसमें वह स्वतंत्र धाराप्रवाह

ने सद्विजों के लिए श्रेयोदायक इस पुराण की प्रशंसा की है। लौकिक जीवन में काव्यरसानंद का प्रदाता एवं पारलौकिक जीवन में मोक्षानंद का प्रदाता बन यह काव्य पंडित और पामरों के लिए एक समान प्रिय है। पोतन्न कहते हैं—

आ. वेदकल्पवृक्ष विगळितमै शुक मुख सुधाद्रवमुन मौनसियुन्न
भागवत पुराण फल रसास्वादन पटवि गनुडु रसिक भावविदुलु। (1-35)

इस पद्य में रसिक भावविदों से पोतन्न ने भागवतपुराण-फल के रसास्वाद का निवेदन किया है। यह पुराण कलियुग के मानव, जो आलसी, मंदबुद्धिवाले, अल्पतर आयु वाले, उग्ररोग संकलित हैं और जो कोई सुकर्म नहीं कर सकते, ऐसे लोगों के लिए सर्वसौख्यप्रद एवं आत्म-शांतिप्रद है।(१-४२) हरि के गुणों से युक्त भाषण (कथन) वाणी के लिए भूषण हैं, अघपेषण हैं, मृत्युचित्त के लिए भीषण हैं, हृदय के लिए तोषण (संतोषप्रद) हैं, कल्याण-विशेषण है।(१-४४) इस पुराण में भागवत में परमार्थभूत बन, अखिल सुखद, समस्त (सब कुछ) होते हुए भी न होते हुए रहनेवाले परमतत्त्व को जाना जा सकता है। भागवत को सद्भक्ति-युक्त हो सुनना चाहनेवालों के विमलचित्तों में भगवान निवास करेगा। अतः सज्जनों को, मात्सर्य एवं कापट्य से रहित लोगों को कामना-रहित हो, भगवान की लीलाओं के श्रवण-गान में लगा रहना चाहिए। (१-३४)

भक्तिरस के परमश्रेष्ठ ग्रंथ श्रीमद्भागवतम् का अनुवाद भक्ति के प्रसार-प्रचार और श्रीकृष्ण के लीला-गायन के लिए पोतन्न ने किया है।

पोतन्न ने पूर्वकवियों का समादर करके, वर्तमान कवियों के लिए प्रियवचन कहकर, भावि-कवियों का सम्मान करके, रचना का प्रारंभ किया।

निगमकल्पतरोर्गलितं फलं, शुकमुखादमृतद्रवसंयुतम्।
पिबत भागवतं रसमालयं, मुहुरहो रसिका भुवि भावुकाः॥

कवित्रय (नन्नय, तिक्कन्न, एरप्रिगड) के महाभारत की रचना के बाद, भास्कर, मल्लिकार्जुन भट्ट, कुमार रुद्रदेव, अय्यलार्य के संयुक्त प्रयास रूप भास्कर रामायण के बाद पोतन्न ने महाभागवत के आन्ध्रीकरण कार्य को अपने हाथ में लिया। इसका स्पष्ट उल्लेख महाभागवतमु की पीठिका के निम्न पद्य से हो जाता है:—

ऒनरन् नन्नयतिक्कनादि कवुलीयुर्वि बुराणावळुल्
तॆनुंगु जेयुचु मत्पुराकृत शुभाधिक्यंबु दा नॆट्टिदो
तॆनुंगु जेयरु मुन्नु भागवतमुन् दीनिर्गिचि ना
जननंबुन् सफलंबु जेसॆद पुनर्जन्मंबु लेकुंडगन्॥ (1-19)

[नन्नय, तिक्कन्न आदि कवियों ने इस पृथ्वी पर पुराण-समूहों का आन्ध्रीकरण करते समय, मेरे पूर्वजन्म सुकृत (पुण्य) के कारण भागवत का आन्ध्रीकरण नही किया। मैं इसका तेलुगु में अनुवाद करके, अपने जीवन को सफल बनाऊँगा जिससे मुझे जन्मराहित्य (मुक्ति) मिल जाए। भागवत का अनुवाद कर सकना अनेक सहस्र जन्मों के संचित पुण्य का ही फल है (१-१३)।] पोतन्न का विनम्र स्वभाव निम्न पद्यों में और भी स्पष्ट हो जाता है।

पलिकॅडिदि भागवतमट, पलिकिंचु विभुंडु रामभद्रुंडट, ने
वलिकिन भवहरमगुनट, पलिकॅद वेरॉड्ड गाथ पलुकगनेला ? (1-16)

[वर्णन करना तो भागवत का है। कहलानेवाला विभु तो रामचंद्र है। कहने पर भवहर होगा। इस दशा में अन्य कथाएँ कहना क्यों ? यही कथा कहूँगा।]

और,

भागवतमु दॅलिसि पलुकुट चित्रंबु शूलिकॅन दम्मिचूलिकॅन
विबुधवरुल वलन विन्नंत गन्नंत दॅलिय वच्चिनंत तेटपरतु ॥ (1-17)

[भागवत को समझकर कह सकना शूली (शंकर), कमलज (ब्रह्मा) के लिए भी संभव नही है। तब मेरी क्या हस्ती है ? अत: विबुधवरों से जितना सुना-समझा है, जितना समझ पाया हूँ, उतना स्पष्ट करूँगा।]

श्रीकैवल्य-पद-प्राप्ति, जन्मराहित्य, भवहरता का गुण आदि से भागवत-रचना का उद्देश्य स्पष्ट होता है। कहलानेवाला तो प्रभु रामचंद्र है, इससे अपने व्यक्तिगत प्रयास की अपेक्षा परमात्मा पर अटूट विश्वास के दर्शन होते हैं। जितना समझ पाया हूँ। उतना स्पष्ट करूँगा, इससे उनके रचना-विधान का लक्ष्य स्पष्ट हो जाता है। स्पष्ट करने का मतलब है भागवत के रहस्य को विवरणात्मक रूप से समझाना। विबुधवर से पोतन्न का संकेत श्रीधर की ओर है। भागवत के लिए श्रीधरीय व्याख्या अत्यंत प्रसिद्ध है। कहा गया है कि—

व्यासोवेत्ति शुकोवेत्ति राजावेत्ति न वेत्ति वा।
श्रीधरः सकलं वेत्ति श्रीनृसिंह प्रसादतः॥

आन्ध्र के सभी विद्वान् मुक्त कंठ से इस बात को मानते हैं कि पोतन्न ने श्रीधरीय व्याख्या को ही अपने अनुवाद के लिए मूलाधार बनाया। कहीं-कहीं उन्होने इतर पुराण ग्रंथों से भी सहायता ली, कहीं अपने भावावेश के अनुरूप मौलिक कल्पनाएँ की। इस प्रकार मूल के १८००

का अनुवाद लगभग ३००० गद्य-पद्यों का बृहद् ग्रंथ बन गया है तॆलुगु का महाभागवतमु।

पोतन्न के अनुवाद-विधान पर प्रकाश डालते हुए डा० धूळियाळ श्रीराममूर्तिजी ने लिखा है कि—

१. मूल के सर्वार्थों को स्पष्ट करना चाहिए।

२. मूलनिष्ठ अनुवाद करना पोतन्न का ध्येय नहीं था।

३. विषय के विवरण के साथ, व्याख्यागत विशेषताओं को भी स्थान देना चाहिए।

४. समस्त अर्थों की भावना करके, उनके सौंदर्य को दीप्त करना चाहिए।

५. समस्त रचना में दिव्य-अनुभूति प्रतिभासित होनी चाहिए।

उपरोक्त गुणो का समावेश करने के लिए पोतन्न ने कितनी श्रद्धा, कितनी निष्ठा के साथ मूल भागवत का और श्रीधरीय व्याख्या का अध्ययन किया होगा, यह उनके भागवतमु के सुष्ठु अध्ययन से मालूम हो जायेगा।

अब संक्षेप में पोतन्न की रचना-शैली को सोदाहरण समझाने का प्रयास करूँगा।

पोतन्न ने मूल का कहीं विस्तार किया तो कहीं मूल को संक्षिप्त बना दिया। विस्तार करने में कहीं श्रीधर व्याख्या की सहायता ली तो कहीं मूल के सूच्य अंशों का स्वयं ही विवरणात्मक रूप से विस्तार कर दिया। कहीं मूलनिष्ठ अनुवाद किया तो कहीं मूल से भिन्न। ऐसे प्रसंग बहुत कम है जहाँ मूल को संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत किया गया और जहाँ मूल से हटकर अनुवाद किया। एक ही ऐसा प्रसग है जिसे पोतन्न ने भागवत से हटकर अन्य ग्रंथ से लिया। वह है नरकासुर संहार के प्रसंग में सत्यभामा का श्रीकृष्ण के साथ युद्धभूमि पर जाना। इस प्रसंग को पोतन्न ने विष्णु पुराण या हरिवंश से लिया होगा। इस प्रसंग का विस्तृत और काव्यमय वर्णन पोतन्न ने किया है। इस प्रसंग के बाद हरि और नरकासुर का संवाद भी मूल में नही है।

हिरण्यकशिपु और प्रह्लाद का संवाद, गजेंद्र-मोक्षण की कथा में अनेक पद्य, वामनावतार प्रसंग के अनेक पद्य, गोपियों की विरह-वेदना, रुक्मिणी-विवाह प्रसंग के कई पद्य आदि ऐसे प्रसंग हैं, जहाँ पोतन्न ने अपनी मौलिक प्रतिभा से समयोचित और काव्योचित रूप से प्रसंग का विस्तार किया है।

श्रीधर कृत 'भागवत भावार्थ दीपिका' की सहायता से पोतन्न ने मूल तत्त्व संबंधी विषयों की मानो व्याख्या प्रस्तुत की। यह पोतन्न के ध्येय के

अनुरूप ही है। ऐसे स्थानों में मूल के साथ-साथ श्रीधरीय व्याख्या का अनुवाद प्रस्तुत किया गया है।

मूल में सूच्य रूप से बताए गए प्रसंगों का पोतन्न ने अपनी ओर से विवरण प्रस्तुत किया है।

मूल श्लोक के भाव तॆलुगु पद्य के दो या तीन चरणों में आ गए तो पोतन्न ने शेष चरणों की पूर्ति अपनी ओर से कर दी है।

पोतन्न ने काव्य के औचित्य की दृष्टि से कहीं-कहीं कुछ सुन्दर परिवर्तन किए हैं। जान-बूझकर अथवा प्रमाद से कुछ स्थानों पर मूल से भिन्न अनुवाद किया है। किन्तु ऐसे प्रसंग बहुत कम हैं। ऐसे प्रसग भी बहुत कम है जहाँ मूल अंश का संक्षिप्तीकरण किया गया है।

गीता, पुराण, उपनिषद् आदि ग्रंथों के पठन, श्रवण आदि से भी प्राप्त न होनेवाले भक्ति-ज्ञान-वैराग्य भागवत के कथा-श्रवण से सहज ही प्राप्त होते हैं। कर्म-ज्ञानमार्गों की अपेक्षा सर्वसुलभ भक्ति तत्त्व को ही भागवत में प्राधान्य दिया गया है। पोतन्न का हृदय सहज ही भक्ति-भाव से परिपूर्ण था। सत्त्वगुणसम्पन्न ऐसे महाभक्त द्वारा श्रीमद्भागवत का आन्ध्रीकरण आन्ध्रों के पुण्य का ही फल है। महाभक्त पोतन्न भक्ति-रसपूर्ण प्रसंगो के वर्णन मे भावविभोर हो जाते हैं और पाठकों को भी भक्तिरसानंद में ऊभचूभ कर देते हैं। भागवत के प्रारंभ में ही शौनक आदि मुनि सूत से यों प्रश्न करते हैं:—

नलिननयन-भक्ति नावचे गाक संसार जलधि दाटि चनगरादु
वेयुनेल माकु विष्णभावंबु तॆलुपवय्य सूत धीसमेत ! (1-48)

(नलिन-नयन वाले विष्णु की भक्ति रूपी नाव के अतिरिक्त [और किसी साधन से] संसार-जलधि को पार नहीं किया जा सकता। हजार बातें क्यों ? हे सूत ! हे धीसमेत ! हमें विष्णुभाव के बारे में समझाओ।)

भागवत का अर्थ ही भगवान से संबधित है। भगवान की लीलाओं के वर्णन से युक्त होने के कारण ही इस पुराण का नाम 'भागवत' पड़ा है। वेद-विभाग करके, पंचमवेद कहलानेवाले 'महाभारत' की रचना करने के बाद भी भगवान व्यास को संतोष नहीं हुआ। वे अतीव व्याकुल हुए। तब धर्मज्ञ नारद ने उनसे यों कहा:—

अंचितमैन धर्मचयमंतयु जॆप्पिति वंदुलोन
निंचुक गानि विष्णुकथलेपॆंड जॆप्पनु धर्ममुल् प्रपं-
चिंचिन मॆच्चुने गुणविशेषमुलॆन्निन गाक नीकुनी
कोंचॆमु वच्चुटॆल्ल हरि गोरि नुतिंपमि नार्यपूजिता ! (1-93)

[हे आर्यो से पूजित व्यास ! श्रेष्ठ समस्त धर्मों के बारे में बताया

किन्तु उनमें ढंग से विष्णुकथाएँ नहीं बताईं। केवल धर्मों के बारे में बताने पर कोई प्रशंसा क्यों करेगा ? भगवान के गुण-विशेषों को गिनाने (वर्णन करने) पर ही कोई प्रशंसा करेगा। तुम्हारी इस व्याकुलता का कारण हरि के गुणों की, चाहकर, प्रशंसा न करना ही है।]

अतः निखिल बंध-विमोचन के लिए वासुदेव के लीला-विशेषों का, भक्ति के साथ वर्णन करना चाहिए। (१-९५) इस प्रकार नारद से प्रेरणा पाकर भगवान व्यास ने भक्तिभाव के साथ भगवान की लीलाओं का वर्णन करते हुए, भागवत की रचना की। भागवत पुराण में वर्णित भक्ति की महिमा ऐसी है कि सप्ताह-भर भागवत का श्रवण मात्र करने से राजा परीक्षित को मुक्ति लाभ हो गया। भागवत में कई बार भक्तिमार्ग की सरलता का उल्लेख किया गया है। भागवत के इस परमतत्त्व को आत्मसात् कर चुकनेवाले महानुभाव होने के कारण पोतन्न ने उन उपाख्यानों का दिल खोलकर वर्णन किया जिनमें भक्ति की महत्ता का प्रतिपादन है अथवा भगवान की लीलाओं का चित्रण करने का अवसर है। प्रह्लाद की कथा, अंबरीष की कथा, गजेंद्र की कथा, कुचेल (सुदामा) की कथा, वामन की कथा, रुक्मिणी की कथा, गोपी-प्रेम की कथा, ध्रुव की कथा आदि सभी प्रसंगों में पोतन्न का हृदय भक्तिपारवश्य से तन्मय हो गया है। तब पोतन्न की लेखनी अलौकिक काव्यानंद-प्रदायिनी बन गई है।

भक्ति की एकादश भूमिकाओं का— महत्सेवा, महद्दयापात्रता, महद्धर्मपात्रता, हरिगुण श्रुति, रत्यंकुरोत्पत्ति, स्वरूपाधिगति, प्रेमवृद्धि, प्रेमस्फूर्ति, भगवद्धर्मनिष्ठा, तद्गुणशालिता, प्रेमपराकाष्ठा— पोतन्न ने यथोचित वर्णन किया है। भक्तिरूपी प्रेम-पराकाष्ठा को प्राप्त गोपियों के विरह-वर्णन तो अनुभूति का विषय है। पोतन्न की भाव-प्रवणता के लिए उस प्रसंग को पढ़ते ही बनता है। उदाहरण के लिए एक पद्य को लीजिए:—

> **नीवडवि बवल् दिरुग नी कुटिलालक लालितास्य मि-**
> **च्छाविधि जूडकुन्न निमुषंबुलु माकु युगंबुलै चनुन्**
> **कावुन रात्रुलेन निनु गन्नुल निंडुग जूडकुंड ल-**
> **क्ष्मीवर ! रेप्पलड्डमुग जेसेनिदेल विधात क्रूडै। 10-पू-1049**

[हे लक्ष्मीवर (श्रीकृष्ण) ! जब तुम दिन के समय वनों में विचरते रहते हो तब तुम्हारे घुँघुराले लटों से लालित मुख को जी भर न देख सकने के कारण हमारे लिए पल युग के समान व्यतीत होते हैं। अतः हम लोग कम से कम रात के समय तो तुम्हें आँख भर (अपलक) देखना चाहती हैं किन्तु विधाता ने क्रूर बन पलकों को बीच में ला खड़ा कर दिया।]

भक्तजन भक्ति के विविध प्रकारों का आश्रय ले भगवान को प्राप्त करते हैं। उसका सुंदर वर्णन निम्न पद्य में किया गया है।

> कामोत्कंठत गोपिकल्, भयमुनं गंसुंडु, वैरक्रिया-
> सामग्रिन् शिशुपाल मुख्य नृपतुल्, संबंधुलै वृष्णुलुन्
> प्रेमन्मीरलु, भक्ति मेमु निदे चक्रि गंटिमेंट्लैन मु-
> दामध्यानगरिष्ठुडैन हरि जेंदन्वच्चु धात्रीश्वरा ! (7-18)

[हे धात्रीश्वर ! कामोत्कंठा से गोपिकाओं ने, भय के मारे कंस ने, वैर भाव से शिशुपाल आदि राजाओं ने, संबंधी होकर वृष्णियों (यादवों) ने, प्रेम के कारण आप लोगों (धर्मराज आदि) ने, भक्ति के कारण हम लोगों (नारद आदि) ने चक्री (विष्णु) को प्राप्त किया है। किसी भी प्रकार से हरि को प्राप्त किया जा सकता है।]

पोतन्न सहज भक्त और सहज पंडित हैं। इसलिए उनके काव्य में भावपक्ष और कलापक्ष दोनों का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है। डा० वेंकटावधानी जी के शब्दों में 'कवि के मनस्तत्त्व और काव्य के वस्तुतत्त्व की समरसता के कारण आन्ध्र भागवत अद्वितीय सौंदर्य और माधुर्य का आलवाल बना है।'

सहज-पांडिती-वैभव से युक्त होने पर भी, पोतन्न ने संस्कृत और आन्ध्र के अनेक पूर्वकवियों की रचनाओं का सुष्ठु अध्ययन किया था। भागवत की रचना करने के पूर्व उन्होंने 'वीरभद्र विजयमु' और 'भोगिनी-दंडकमु' की रचना की थी। पद्य रचना में उनका हाथ मँज गया था। फिर भी 'कहलानेवाला है रामभद्र' कहकर, सब कुछ भगवान के चरणों में समर्पित किया था। आन्ध्र भागवत की प्रत्येक पंक्ति में इस भगवदावेश के दर्शन होते हैं। कहते हैं कि एक बार पोतन्न ने निम्न पंक्ति लिख दी और उसके बाद कुछ न सूझने के कारण नदी की ओर घूमने गए।

'सिरिकिं जॅप्पडु शंखचक्रयुगमुं जेदोयि संधिपडे' (7-96)

जब लौटकर उन्होंने देखा तो शेष तीन पंक्तियाँ लिखी हुई थी। उन्होंने अपनी पुत्री से पूछा कि उन तीन पंक्तियों को किसने लिखा है? पुत्री ने कहा कि अभी-अभी तो आप [illegible] और कुछ लिखा था। भगवान की अपार करुणा से पोत[illegible] मुग्ध रह गए। इस प्रकार का भावावेश भागवतमु के प्रत्येक प्रसं[illegible] में दखने को मिलता है।

पोतन्न वर्णन करने में [illegible] सिद्धहस्त हैं कि पाठक की आँखों के समक्ष सजीव बिंब खड़ा हो जाता है। ऐसा लगता है कि पोतन्न अपनी चर्मचक्षुओं के सम[illegible] घटित दृश्य का आँखों देखा वर्णन कर रहे हैं। वामनावतार के प्रसंग में वामन के त्रिविक्रम बनने का दृश्य इसका सुंदर

उदाहरण है। इस प्रकार के उदाहरणों से भागवतमु भरा पड़ा है। प्रकृति-वर्णन के अवसर पर पोतन्न के प्रकृति-परिशीलन की सामर्थ्य के दर्शन होते हैं। वचनों (गद्य) में पोतन्न ने श्लेष, विरोधाभास आदि अलंकारों का प्रयोग कर, अपने पांडित्य को प्रदर्शित किया है। ये वचन 'कादंबरी' का स्मरण दिलाते रहते हैं।

जहाँ-जहाँ तत्वमूलक विषयों की चर्चा हुई है, वहाँ-वहाँ पोतन्न ने वचन का ही प्रयोग किया है। इसीलिए पोतन्न के पद्यों की अपेक्षा वचन भाग दुर्वोध वने हैं। पद्य में पोतन्न का हृदय है तो वचन में उनका मस्तिष्क !

पद्य रचना में पोतन्न की विशेषता प्रवाहयुक्तता है। उनके पद्यों की गति गंगा-प्रवाह के समान निर्वाध और अजस्र है। पोतन्न को शब्द ढूंढ़ने की आवश्यकता नहीं, वे सहज-सरल ढंग से मानो अपने आप आकर पद्य की पंक्तियों में जड़ जाते हैं। मानों अनुभवी मालाकार की माला के फूल हों। अलंकारों का भी यही हाल है। ऐसा नही लगता कि जान-बूझकर अलंकारों का प्रयोग किया गया हो। वे भी सहज-स्वाभाविक रूप से आ जाते हैं। पोतन्न की कविता में अन्त्यानुप्रास, श्लेष, यमक, उपमा आदि अलंकारों की भरमार है। पोतन्न की शैली सर्वत्न प्रसादगुण-युक्त और अन्वयक्लेश से रहित है। सभी विद्वान इस वात को मुक्तकंठ से मानते हैं कि तेलुगु भाषा के माधुर्य से परिचित होने के लिए पोतन्नकृत भागवतमु को ही पढ़ना चाहिए।

श्रीमद्‌भागवत भक्तिरस का आकर ग्रंथ है। भक्ति रस के पोषण में पोतन्न तन्मयी भाव से वर्णन करते है। गजेंद्रमोक्षण की कथा, प्रह्लाद चरित्न, अंवरीषोपाख्यानमु आदि पोतन्न के भक्तिरस-पोपण के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। भक्ति के अतिरिक्त प्रसंगानुकूल अन्य रसों का पोषण भी पोतन्न ने सफलता के साथ किया है। नरकासुर और सत्यभामा के युद्ध-प्रसंग में वीर और शृंगार रस का जो सम्मिश्रण किया है, वह अनुपम है। इसी प्रकार श्रीकृष्ण के रुक्मि को अपमानित करते समय हास्य और वीभत्स का सफल सम्मिश्रण किया गया है।

चरित्न-चित्नण में भी पोतन्न की मौलिक प्रतिभा के दर्शन होते हैं। पात्नों की रूप-रेखाओं के, हाव-भावों के चित्नण में जिस सूक्ष्मता से पोतन्न ने काम लिया है, वह उन्हें महाकवियों की अग्रश्रेणी में विठाता है।

प्रसंगवशात् पोतन्न ने अपने काव्य में जगह-जगह मानव जीवन के उच्च आदर्शों का उल्लेख किया है। ये संकेत उनकी प्रवुद्ध सामाजिक चेतना के प्रमाण माने जा सकते हैं। भक्ति एकांत साधना नहीं, उस साधना-मार्ग में मानव-कल्याण के महत् आदर्श निहित हैं।

इस प्रकार भागवत पुराण के आन्ध्रीकरण में पोतन्न ने मूल की रक्षा करते हुए, अपनी मौलिक कल्पना द्वारा उसे एक प्रबंध काव्य का रूप प्रदान किया है। भावपक्ष एवं कलापक्ष दोनों दृष्टियों से पोतन्न भागवतमु तेलुगु साहित्य का अपूर्व मणिदीप है।

तॆलुगुभाषा और लिपि

तॆलुगु मूलत: द्रविड़भाषा-परिवार से सम्बद्ध भाषा है, किन्तु वह संस्कृत से इतनी प्रभावित है कि कुछ विद्वान् उसे संस्कृत-जन्य ही मानते हैं। उत्तर और दक्षिण के सन्धिस्थल पर स्थित होने के कारण यह स्वाभाविक ही है कि तॆलुगु अथवा आन्ध्र भाषा संस्कृत भाषा तथा साहित्य से अत्यधिक प्रभावित हो जाय।

अन्य भारतीय भाषाओं के समान ही तॆलुगु ने भी नागरी-वर्णमाला को अपनाया है। किन्तु नागरी-वर्णमाला की अपेक्षा तॆलुगु में ऋ दीर्घ (ॠ), ह्रस्व ए (ऎ) और ह्रस्व ओ (ऒ), च और ज के दन्त्य रूप (च़ ज़), घर्षण ध्वनि वाला र (ऱ) और ळ अधिक हैं।

Italian of the Esst मानी गई तॆलुगु की विशेपता 'अजन्त' (स्वरान्तता) होना है। अर्थात् प्रत्येक शब्द के अन्त में कोई न कोई स्वर (अधिकतर 'उ' या 'इ') होता है और उसका पूरा-पूरा उच्चारण होता है। शब्द के मध्य में आने वाले स्वर का भी पूरा-पूरा उच्चारण होता है। अत: नागरी लिपि में दिए गए तॆलुगु शब्दों को पढ़ते समय, उनके स्वरान्त उच्चारण पर अवश्य ध्यान रखना चाहिए। 'जल' लिखकर हिन्दी की भाँति उसे 'जल्' न पढ़कर 'ल' को सस्वर पढ़ना चाहिए।

'ऋ' का उच्चारण बहुधा 'रु' के समान होता है। यथा 'ऋण', 'कृष्ण', 'गृह' आदि का उच्चारण 'रुण', 'क्रुष्ण', 'ग्रुह' के समान होता है।

'ए' और 'ओ' के ह्रस्व रूप भी प्रचलित हैं। उनके लिए 'ऎ' और 'ऒ' तथा उनकी मात्राओं के लिए ॆ और ॊ का उपयोग किया गया है।

'ऌ' और 'ॡ' सिखाए तो जाते हैं पर उनका प्रयोग न के बराबर होता है।

'च' और 'ज' के दन्त्य और तालव्य दोनों प्रकार के उच्चाण तॆलुगु में विद्यमान हैं। दन्त्य उच्चारण को सूचित करने के लिए अक्षर के नीचे एक बिन्दु लगाया गया है।

तॆलुगु में सरल 'र' के अतिरिक्त घर्षण ध्वनि वाला 'ऱ' का भी प्रयोग होता है।

तॆलुगु में बहुधा 'थ' का उच्चारण 'ध' के समान किया जाता है।

साध्य नहीं है। विशेषरूप से तेलुगु के भाषानुवाद में, जहाँ संस्कृत के समान ही सन्धि और समासों एव विशेषणों की भरमार से एक ही वाक्य का प्रसार कई-कई पंक्तियों तक चला जाता है। अतः हिन्दी पाठकों से प्रार्थना है कि अटपटेपन को दोष न समझ कर धैर्य से पढ़कर पुनः एक वार उस अनुवाद को मस्तिष्क में दुहरा कर हिन्दी का मुहावरा दें और तब तेलुगु काव्य-सुधा का आनन्द प्राप्त करें।

दूसरी बात ध्यान देने की और है। संस्कृत के अनन्त शब्द तेलुगु में पैठ कर मिलते-जुलते रूप में परिवर्तित हो गये है। यथा, नूतन को नुत्न; वातुलसुत को वातूलसुत; पिता को पित; अपराधी को अपराधि। इनको अशुद्ध न समझें। जिस प्रकार संस्कृत शब्द हिन्दी में सामान्य परिवर्तन को ग्रहण कर लेते हैं, (नवम को नवाँ, नालि को नाली)। वैसे ही तेलुगु में भी। उनको तेलुगु में परिवर्तित संस्कृत शब्द समझें, न कि अशुद्ध।

आभार-प्रदर्शन

सदाशय श्रीमानों और उत्तरप्रदेश शासन (राष्ट्रीय एकीकरण विभाग) के प्रति भी हम आभारी हैं, जिनकी अनवरत सहायता से 'भाषाई सेतुकरण' के अन्तर्गत अनेक ग्रन्थों का प्रकाशन चलता रहता है।

व. अनि यिव्विधंबुन गृष्णु डानतिच्चिन ब्राह्मणुंडु (गृतापराधुंडयिन वध्युंडु गाडनु धर्मंबु दलंचि) चंपक द्रुपदराजपुत्रिकि दनचेसिन प्रतिज्ञ दलंचि बद्धुंडैन गुरुनंदनुं दोड्कॊनि कृष्णुंडु सारथ्यंबु सेय शिविरंबु कडकु वच्चि ॥ 156 ॥

कं. सुरराजसुतुडु सूपॆनु, दुरवधि सुतशोक युतकु द्रुपदुनि सुतकुन्
वरिचलितांगश्रेणि, बरुष महापाशबद्ध पाणिन् द्रौणिन् ॥ 157 ॥

व. इट्लर्जुनुंडु दॆच्चि चूपिन बालवध जनित लज्जा पराङ्मुखुंडैन गुरुनि कॊडुकुं जूचि स्रोविक (सु स्वभावयगु) द्रौपदि यिट्लनियॆ ॥ 158 ॥

(पापी) है। प्राणभय से गरम साँस भरते हुए भागनेवाले इसकी रक्षा मत करो। १५३ हे फल्गुण (अर्जुन)! भयभीत होनेवाले का, दीनभाव से व्याकुल होनेवाले का, निद्रा के कारण शरीर को भूलनेवाले का, सुख से मद्यपान किये हुए का, भग्न हृदयवाले का, साधु तथा जड़-भाव वाले का, रक्षा के लिए पुकारनेवाले का तथा कामिनियों (स्त्रियों) का वध करना धर्म नहीं है। १५४ [शा.] कोई भी करुणा छोड़कर (क्रूर कर्म कर) अन्य प्राणियों का वध कर अपने प्राणों की रक्षा चाहता है, तो वह अधोलोक को प्राप्त होकर दुःखों को प्राप्त करेगा। [ऐसे व्यक्ति को] राजदण्ड की प्राप्ति हो जाए, तो वह उसके लिए सत्कल्याणकारक होगा। तब इस विप्र को दण्डित करो। महाविभ्रान्त बने रहने की आवश्यकता क्या है ?। १५५ [व.] इस प्रकार कृष्ण से आज्ञापित हो ब्राह्मण का कृतापराधी होने पर भी [ब्राह्मण] वध्य नहीं है, इस धर्म को मानकर वध न कर द्रुपदराज की पुत्री (द्रौपदी) को अपने किये हुए प्रतिज्ञा का स्मरण कर, [पाश] बद्ध गुरुनन्दन को लेकर कृष्ण के सारथ्य करने पर शिविर पहुँचकर,। १५६ [कं.] सुरराज के सुत (अर्जुन) ने असीम पुत्रशोक में डूबे हुए, द्रुपदसुता (द्रौपदी) को विचलित अंग समूहवाले, (खूब मार खाये हुए) परुष (कठोर) महापाश-बद्ध (बँधे हुए), द्रौणी (द्रोण-पुत्र) को दिखाया। १५७ [व.] इस प्रकार अर्जुन के

म. परगन् मा मगवार लंदरुन् मुन् बाणप्रयोगोपसं
हरणा द्यायुधविद्य लन्नियुनु द्रोणाचार्युचे नभ्यसिं
चिरि पुत्राकृति नुन्न द्रोणुडवु नी चित्तंबुलो लेशमुन्
गरुणासंगमु लेक शिष्यसुतुलन् खंडिपगा बाडिये ! ॥ 159 ॥

कं. भूसुरुडवु बुद्धि दया, भासुरुडवु शुद्धवीर भट संदोहा
ग्रेसरुडवु शिशुमारण, मासुरकृत्यंबु धर्ममगुने तंड्री ॥ 160 ॥

शा. उद्रेकंबुन रारु शस्त्रधरुलै युद्धावनिन् लेरु किं
चिद्द्रोहंबुनु नीकु जेयरु बलोत्सेकंबुतो जीकटिन्
भद्राकारुल बिन्नपापल रण प्रौढक्रिया हीनुलन्
निद्रासक्तुल संहरिप नकटा ! नी चेतुलॆट्लाडॆनो ! ॥ 161 ॥

उ. अक्कट ! पुत्र शोकजनिताकुलभाव विषण्णचित्तनै
पोक्कुचु नुन्नभंगि निनु बोर गिरीटि निबद्धु जेसि मे
डिक्कड कोडिच तॆच्चुट सहिंपनिदे भवदीयमात मे
डॆक्कड निट्टिशोकमुन नेक्रिय नेड्चुचु बोक्कुचुन्नदो ! ॥ 162 ॥

व. अनि कृष्णार्जुनुलं जूचि यिट्लनियॆ ॥ 163 ॥

लाकर दिखाने पर, वालवध से उत्पन्न लज्जा से पराङ्मुखी वने हुए गुरु के पुत्र को देख नमस्कार कर [सुस्वभाववाली] द्रौपदी ने ऐसा कहा। १५८ [म.] प्रसिद्ध-रूप से मेरे पतियों ने पूर्व में वाण-प्रयोग तथा उपसंहार आदि सब आयुध विद्याओं को द्रोणाचार्य के द्वारा अभ्यास किया है। पुत्राकार में स्थित (तुम) द्रोण हो ! चित्त में किंचित् भी करुणा को न रखकर, शिष्यसुतों को खण्डित (वध) करना समुचित है क्या ? १५९ [कं.] हे तात ! भूसुर (ब्राह्मण) हो ! बुद्धि में दया को भासित करनेवाले हो। शुद्ध वीरों के भट-समूह में अग्रसर हो। (ऐसे तुम्हारे लिए) शिशुओं का वध-जैसा आसुरी कृत्य धर्म कैसा होगा ? १६० [शा.] [मेरे पुत्र] आवेश में शस्त्र लेकर (तुम पर दौड़े) नहीं आये, युद्धभूमि में (सामना करने के लिए) नहीं थे, तुम्हारे प्रति किंचित् मात्र द्रोह नहीं किया। बल के आधिक्य के कारण, भद्र आकार वाले (सुन्दर रूपवाले) रण-प्रौढ़-कार्य [कुशलता] से हीन छोटे वच्चों को, जो निद्रा में आसक्त थे, अँधेरे में संहार करने के लिए हाय ! तुम्हारे हाथ कैसे आगे बढ़े ! १६१ [उ.] हाय ! पुत्रशोक से उत्पन्न व्याकुल भाव से विषाद चित्तवाली हो, दु:खी होनेवाली मुझे देखकर युद्ध में संघर्ष कर तुम्हें बाँधकर (अर्जुन का) आज यहाँ घसीट लाना असहनीय है। भवदीय माता आज शोक (पुत्रशोक) में कहाँ किस रीति रोती, विकल हो रही होगी ! १६२ [व.] [ऐसा] कह कर कृष्णार्जुन को देख (द्रौपदी ने) कहा। १६३ [उ.] द्रोण के साथ

उ. द्रोणुनितो शिखिवडक द्रोणकुटुंबिनि युन्न दिट न
क्षीण तनूजशोक विवशीकृतनै विलपिंचु भंगि नी
द्रौणि दॆरलिच तॆच्चुटकु दैन्यमु नॊंदुचु नॆंत पॊक्कुवो
प्राण वियुक्तुडैन, नतिपापमु ब्राह्मणहिंस मानरे ॥ 164 ॥

कं. भूपालकुलकु विप्रुल, गोपिंपग जेयदगदु कोपिंचिन व-
ह्निकोपानलंबु मोदलिकि, भूपालाटवुल गाल्चु भूकंपमुगन् ॥ 165 ॥

व. अनि यिट्लु धर्म्यंबुनु सकरुणंबुनु निर्व्यळीकंबुनु समंजसंबुनु श्लाघ्यंबुनुंगा द्रौपदि पलुकु पलुकुलकु धर्मनंदनुंडु संतसिल्लॆ। नकुल सहदेवसात्यकि धनंजय कृष्णुलु सम्मतिचिरि। सम्मतिपक भीमुंडिट्लनियॆ ॥ 166 ॥

च. कॊडुकुल वट्टि चंपॆननि कोपमु नॊंददु वालघातकुन्
विडुवु मटंचु जॆप्पॆडिनि वॆर्रिदि द्रौपदि वीड्डु विप्रुडे?
विडुवगनेल? चंपुडिटु वीनिनि मीरलु चंपरेनि ना
पिडिकिटि पोटुनन् शिरमु भिन्नमु सेसॆद जूडु डिंदरुन् ॥ 167 ॥

व. अनि पलिकिन नश्वत्थामकु द्रौपदि यड्डंबु वच्चॆ। भीमुनि संरंभंबु सूचि हरि चतुर्भुजुंडै रॆंडुचेतुल भीमुनि वारिंचि कडम रॆंडुचेतुल द्रुपद पुत्रिकनु दलंगं द्रोब्वि, नगुचु भीमुन किट्लनियॆ ॥ 168 ॥

अग्निप्रवेश न कर, द्रोण-कुटुम्बिनी (द्रोण की पत्नी) घर पर रह गयी। वह अक्षीण (तीव्र) पुत्रशोक में विवश हो मेरे विलाप करने के समान तब इस द्रौणि को इस प्रकार लाये जाने के कारण और प्राणवियुक्त करने (मार डालने) पर दीन हो वह कितनी विकल होगी? ब्राह्मण-हिंसा को, जो अति पापकर है, छोड़ दो न! १६४ [कं.] विप्रों पर भू-पालकों को क्रोध करना नहीं चाहिए। क्रोध करने पर उस क्रोध की अग्नि भूपालक (राज-लोक)-रूपी वन को भूकम्प के समान पूरी तरह जला डालेगी (नाश करेगी)। १६५ [व.] इस प्रकार धर्मोचित, सकरुण, प्रिय, कारणरहित, समुचित श्लाघ्य रूप में कहनेवाली द्रौपदी के वचनों के कारण धर्मनन्दन (युधिष्ठिर) आनन्दित हुए। नकुल, सहदेव, सात्यकि, धनंजय (अर्जुन) [तथा] कृष्ण मान गये। असम्मति प्रकट करते हुए भीम ने कहा। १६६ [च.] पुत्रों को पकड़कर इसने वध किया, [ऐसा मानकर] क्रोधित नहीं होती, वालघातक को छोड़ने के लिए कहनेवाली द्रौपदी पगली है। यह विप्र कैसे है? इसे छोड़ना क्यों? आप लोग इसका वध कीजिए! अन्यथा आप लोगों के देखते-देखते मुष्टिघात से इसका सिर छिन्न-भिन्न कर डालूंगा। १६७ [व.] ऐसा कहने पर [भीम के वचन सुनकर] द्रौपदी अश्वत्थामा की रक्षा के लिए आड़े आयी। भीम का संरम्भ

उ. अव्युड् गाडु वीडु शिशुहंत दुरात्मकुडाततायि हं-
तव्युड् ब्रह्मबंधुडगु दप्पदु निक्कमु "ब्राह्मणो न हं-
तव्य" यटंचु वेदविदितं बगु गावुन धर्मदृष्टिग-
र्तव्यमुवीनि गाचुट यथास्थिति जूडुमु पांडवोत्तमा ! ॥ 169 ॥

व. अनि सरसालापंबुलाडि पवननंदनु नोडंबरूचि यर्जुनुं जूचि द्रौपदिकि नाकु भीमसेनुनकुनु सम्मतंबुग मुन्नु नीचेसिन प्रतिज्ञयु सिद्धिंचुनट्लु ना पंपु सेयुमनि नारायणुं डानतिच्चिन नर्जुनुंडु तदनुमतंबुन ॥ 170 ॥

शा. विश्वस्तुत्युडु शक्रसूनुडु महावीरुंडु घोरासिचे
नश्वत्थाम शिरोजमुल् दरिगि चूडांत महारत्नमुन्
शश्वत्कीर्ति वेलुंग बुच्चुकोनि पाशव्रातबधंबुलन्
विश्वासंबुन नूड्चि द्रोब्बे शिबिरोर्वी भागमुं बासिपोन् ॥ 171 ॥

कं. निब्बरपु बालहंतयु, गोब्बुन देजंबु मणियु गोल्पडि नतुडै
प्रब्बिन चिंतन् विप्रुडु, सिब्बितितो नोडलि गब्बु सेडिवडि जनियेन् ॥172॥

देखकर ने हरि चतुर्भुज बनकर, दो हाथों से भीम को रोककर, दूसरे दो हाथों से द्रुपदपुत्री को हटाकर, हँसते हुए भीम से इस प्रकार कहा— । १६८ [उ.] हे पाण्डवोत्तम ! रक्षा करने योग्य नहीं है, यह शिशुहन्ता, दुरात्मा, आततायी (अत्याचारी) है। ब्रह्मबन्धु (ब्राह्मण) होने पर भी सत्य ही (निश्चित ही) यह हन्तव्य है। 'ब्राह्मणो न हन्तव्य' वचन वेद-विहित होने के कारण धर्मदृष्टि (धर्मबुद्धि) से कर्तव्य जानकर इसकी रक्षा करो, यथास्थिति का (जो परिस्थिति है) [उस पर] विचार करो। १६९ [व.] ऐसे सरस-वचन कहकर, पवन-नन्दन (भीम) को समझा-बुझाकर, नारायण ने अर्जुन को देखकर कहा कि द्रौपदी, मुझे [और] भीमसेन को सम्मत (स्वीकार) हो ऐसा [और] पूर्व में की गयी तुम्हारी प्रतिज्ञा भी पूर्ण हो जाए, ऐसा मेरी आज्ञा के अनुसार करो। [ऐसी आज्ञा देने पर] अर्जुन ने उसके अभिमत के अनुसार। १७० [शा.] विश्व के लोगों से स्तुत्य, शक्रसुत (इन्द्रसुत) [तथा] महावीर (अर्जुन) ने भयंकर खड्ग से अश्वत्थामा के शिरोज (केश) काटकर, चूड़ा (शिखा) के महारत्न को, शाश्वत कीर्ति को, प्रकट करते हुए लेकर, रस्सियों के बन्धनों को काटकर विश्वास के साथ [इस विश्वास के साथ कि कोई अन्य उसे हानि नहीं पहुँचाएगा], शिविर की भूमि से [बाहर] धकेल दिया। १७१ [कं.] निस्संकोच भाव वाला बालहन्ता, अपने तेज और मणि को तुरन्त शीघ्र खोकर, विनत हो, अतिशय चिन्ताग्रस्त हो, विप्र लज्जा के कारण शरीर के तेज के (मद के) नष्ट होने पर शीघ्र वहाँ से चला गया। १७२ [आ.] धन खींच लेना चाहिए, या शिरोमुण्डन कर देना चाहिए, या मन्दिर-प्रवेश से वंचित

आ. धनमु गॊनुट यॊँडॆदल गॊङ्गुट यॊँडॆ, नालयंबु वॆँडलनडुचु टॊँडॆ
गानि चंपदगिन कर्मंबु सेसिन, जंपदगदु विप्रजाति बतिकि ॥ 173 ॥

अध्यायमु—८

व. इट्लश्वत्थामं ब्राणावशिष्टुं जेसि वॆँडलनडिचि पांडवुलु पांचालीसहितुलै पुत्रुलकु शोकिंचि मृतुलैन बंधुवुल कॆल्ल दहनादि कृत्यंबुलु जेसि जलप्रदानंबु सेयुकॊरकु स्त्रील मुंदल निडुकॊनि गोविंदुंडुनुं दारुनु गंगकुं जनि तिलोदकंबुलु सेसि क्रम्मर विलपिंचि हरिपादपद्मजात पवित्रंबुलैन भागीरथीजलंबुल स्नातुलै युन्नयॆँडं बुत्रशोकातुरुलैन गांधारी धृतराष्ट्रुलनु, गुंती द्रौपदुलनु जूचि माधवुंडु मुनींद्रुलु दानुनुं बंधुमरण शोकातुरुलैन वारल बगवु मानिचि मन्निचॆँ निव्विधंबुन ॥ 174 ॥

शा. पांचाली कबरी विकर्षण महापाप क्षतायुष्कुलं
जंचद्गर्वुल धार्तराष्ट्रुल नॆनि जंपिंचि गोविंदु डि-
प्पिंचॆन् राज्यमु धर्मपुत्रुनकु गल्पिंचॆन् महाख्याति जे
यिंचॆन् मूडु तुरंग मेधमुलु देवेंद्र प्रभावंबुनन् ॥ 175 ॥

कर देना चाहिए, किन्तु विप्रजाति (ब्राह्मण) को, वध करने योग्य दुष्कर्म करने पर भी, पति (राजा) को मार डालना नहीं चाहिए। १७३

अध्याय—८

[व.] इस प्रकार अश्वत्थामा को प्राणों से बचा छोड़कर (शिविर के) बाहर कर, पाण्डवों ने पांचाली-सहित हो, पुत्रों के लिए शोक कर, समस्त मृत बन्धुजनों के दहन-संस्कार आदि कृत्य किये। जलप्रदान करने के लिए स्त्रियों को आगे कर, स्वयं गोविन्द के साथ गंगा को जाकर, तिलोदक देकर, पुनः विलाप कर, हरि के चरण-कमलों से पवित्र बने भागीरथी (गंगा-) जल में स्नान किया। उस समय पुत्रशोक में व्याकुल हुए गांधारी तथा धृतराष्ट्र, कुन्ती तथा द्रौपदी को देख माधव ने मुनीन्द्रों के साथ बन्धुजनों की मृत्यु से शोकातुर लोगों को समझा-बुझाकर (सान्त्वना देकर) उनका दुःख दूर किया। और इस प्रकार — । १७४
[शा.] पांचाली की कबरी (जूड़ा) पकड़कर अपमानित करने के महापाप के कारण अपनी आयु को क्षीण कर लेनेवाले (और) विजृंभित गर्व वाले धार्तराष्ट्रों (दुर्योधन, दुश्शासन आदि) का युद्ध मे वध करवाकर, गोविन्द ने धर्मपुत्र (धर्मराज) को राज्य दिलवाया और देवेन्द्र-प्रभाव वाले तीन अश्वमेध यज्ञ सम्पन्न करवाकर, महायशस्वी बनाया। १७५

श्रीकृष्णुंडुत्तरा गर्भस्थुंडगु परीक्षितुनि दन चक्रंबुचे रक्षिंचुट

व. अंत वासुदेवुंडु व्यास प्रमुख भूसुरपूजितुंडै, युद्धव सात्यकुलु गोलुव, द्वारकागमन प्रयत्नंबुन बांडवुल वीड्कोनि, रथारोहणंबु सेयु समयंबुन दत्तरपडुचु नुत्तर सनुदेंचि कल्याण गुणोत्तरुंडैन हरि किट्लनियें ॥ 176॥

म. इदें कालानल तुल्यमैन विशिखं बेतेंचें देवेश ! ने-
डुदरांतर्गत गर्भ दाहमुनकै युग्राकृतिन् वच्चुचु-
न्नदि दुर्लोक्यमु मानुपन् शरण मन्यं बेमियुन् लेदु नी
पदपद्मंबुलॅ कानि योंडॅरुग नी वाणाग्नि वारिंपवे ॥ 177 ॥

कं. दुर्भर वाणानलमुन, गर्भमुलोनुन्न शिशुवु घन संतापा
विर्भावंबुनु बोंदेडि, निर्भर कृप गावुमय्य ! निखिलस्तुत्या ! ॥ 178 ॥

कं. चॅल्लॅलि कोडल नी मे, नल्लुडु शत्रुवुल चेत हतुडय्यॅनु सं
फुल्लारविंदलोचन !, भल्लाग्नि नणंचि शिशुवु ब्रतिकिंपगदे ॥ 179 ॥

आ. गर्भमंदु गमल गर्भांड शतमुलु, निमुडुकोन नटिंचु नीश्वरेश
नीकु नॊक्क मानिनी गर्भरक्षण, मॆंत बरुवु निर्वहिंतु गाक ॥ 180 ॥

श्रीकृष्ण का उत्तरा के गर्भस्थ परीक्षित की रक्षा अपने चक्र के द्वारा करना

[व.] तब वासुदेव व्यास आदि प्रमुख ब्राह्मणों से पूजित हो, उद्धव (तथा) सात्यकि से सेवाएँ लेते हुए, द्वारका को प्रस्थान करने के प्रयत्न में पाण्डवों से विदा लेकर, रथारोहण करते समय, व्याकुल होते हुए उत्तरा ने आकर कल्याणगुणोत्तम हरि से ऐसा कहा। १७६ [म.] हे देवेश ! यह (देखो) काल की अग्नि के समान बाण आ गया। आज उदर (पेट) के अन्तर्गत स्थित गर्भ के दाह के लिए उग्ररूप से आ रहा है। यह दुर्लोक्य है। [इस विपत्ति से] बचाने के लिए अन्य कोई शरण्य नहीं है। आपके पदपद्म के अतिरिक्त और कुछ नहीं जानती। इस वाणाग्नि को हटा दो न ! (रक्षा करो)। १७७ [कं.] हे सकल लोकों में स्तुत्य ! वाणों की दुर्भर अग्नि से गर्भस्थ शिशु महादुःखी हो रहा है। निर्भर (पूर्ण) कृपामती हो रक्षा करो। १७८ [कं.] मैं तुम्हारी बहिन की बहू हूँ, और तुम्हारा भानजा शत्रुओं के हाथों मारा गया। हे प्रफुल्लित अरविन्द लोचनवाले ! भल्ल (बाण) की अग्नि से शिशु को जीवित कर दो। १७९ [आ.] अपने गर्भ में शत-शत ब्रह्माण्डों को समा लेकर अभिनय करनेवाले हे ईश्वरेश्वर ! तुम्हारे लिए एक मानिनी के गर्भ की रक्षा करना कोई भार रूपी कार्य होगा क्या ? रक्षा करो न ! । १८० [व.] [ऐसा] कहने पर आश्रित-वत्सल परमेश्वर ने सुभद्रा की बहू के दीनालापों

व. अनिन नाश्रित वत्सलुंडैन परमेश्वरुंडु सुभद्र कोडलि दीनालापंबु लवधरिंचि, यिदि द्रोणनंदनुंडु लोकमंतयु नपांडवं बय्यॆडु ननि येसिन दिव्यास्त्रमनि यॆरिंगि। अंत पांडवुल कभिमुखंबै, द्रोण नंदनु दिव्यास्त्र निर्गत निशित मार्गणंबु डग्गरिन बॆगडिलक, वारुनु प्रत्यस्त्रंबु लंदुकॊनि पॆनंगु समयंबुन ॥ 181 ॥

म. तन सेवारतिं चित गानि परचिंता लेशमुन् लेनि स-
ज्जनुलं पांडुतनूजुलन् मनुपु वात्सल्यंबुतो द्रोणनं-
दनु ब्रह्मास्त्रमु नड्डुमुपॆट्ट वनिचॆन् दैत्यारि सर्वारि सा-
दन निर्वक्रमु रक्षिताखिल सुधांधश्चक्रमुं जक्रमुन् ॥ 182 ॥

म. सकल प्राणि हृदंतराळमुल भास्वज्ज्योतियै युंडु सू-
क्ष्मकळं डच्युतु डय्यॆडन् विरटजा गर्भंबु दा जक्रह-
स्तकुडै वैष्णवमाय गप्पि कुरुसंतानार्थियै यड्डुमै
प्रकटस्फूर्ति नणंचॆ द्रोणतनय ब्रह्मास्त्रमुन् लीलतोन् ॥ 183 ॥

व. इट्लु द्रोणतनयुं डेसिन प्रतिक्रिया रहितंबैन, ब्रह्मशिरं बनियॆडि दिव्यास्त्रंबु वैष्णवतेजंबुन निरर्थकंबय्यॆ। निजमाया विलसनमुन सकललोक

को अवधारण कर (सुनकर) द्रोणनन्दन (अश्वत्थामा) के द्वारा 'सारा लोक अपाण्डव हो जाय' इस उद्देश्य से प्रयुक्त दिव्यास्त्र है, यह जान गये। तब द्रोणनन्दन के दिव्यास्त्र से निकली शर-परम्परा के पाण्डवों के अभिमुख हो आते हुए समीप पहुँचने पर, भयभीत न हो, पाण्डवों के प्रत्यस्त्र लेकर संघर्षरत होते समय में। १८१ [म.] अपनी (श्रीकृष्ण की) सेवा-रति के अतिरिक्त किञ्चित् भी अन्य चिन्ता न करने वाले सज्जन पाण्डुपुत्रों पर वात्सल्य-भाव से, रक्षा करने हेतु ब्रह्मास्त्र को रोकने के निमित्त दैत्यारि ने सर्व-अरि-वर्ग के पराक्रम को मिटाने में अप्रतिम, अखिल-सुधा-अन्धस् (देवताओं) की रक्षा करनेवाले चक्र को भेजा। १८२ [म.] सकल प्राणियों के हृदन्तराल में ज्योतिस्वरूप सूक्ष्मकला के रूप में विराजमान अच्युत ने तब विरटजा (उत्तरा) के गर्भ (पुत्र) को स्वयं चक्रपाणी हो (चक्र धारण कर) वैष्णव-माया से आच्छादित कर, कुरु-सन्तान की रक्षा के लिए कटिबद्ध होकर प्रकट रूप से द्रोणतनय (अश्वत्थामा) के ब्रह्मास्त्र को लीला-स्वरूप (सरल रीति से) दबा दिया। (ब्रह्मास्त्र का निवारण किया)। १८३ [व.] इस प्रकार द्रोणपुत्र के द्वारा प्रेषित, प्रतिक्रिया-रहित (अकाट्य), ब्रह्मशिर नामक दिव्यास्त्र वैष्णव तेज के कारण निरर्थक (बेकार) हो गया। अपनी माया के विलास के कारण सकल लोक के सृष्टि, स्थिति (तथा) संहार करनेवाले हरि के लिए धरणीसुर (ब्राह्मण— अश्वत्थामा) के बाण का निवारण करना

सर्गस्थिति संहारंबु लाचरिंचुनट्टि हरिकि, धरणीसुर बाण निवारणंबु विचित्रंबुगादु। तत्समयंबुन संतसिंचि, पांडव पांचालपुत्रिका सहितयै गोंति गमनोन्मुखुंडैन हरिं जेरवच्चि यिट्लनियें ॥ 184 ॥

कुंतीदेवि श्रीकृष्णुनि स्तुतिंचुट

क. पुरुषुं डाद्युडु प्रकृतिकि, वरुडव्ययु डखिल भूत बहिरंत र्भा-
सुरुडु नवलोकनीयुडु, परमेश्वरुडैन नीकु प्रणुतुलगु हरी ! ॥ 185 ॥

व. मरियु जवनिक मरुवुन नाट्यंबु सलुपु नटुनि चंदंबुन, माया जवनिकांतराळंमुन निलुवंबडि, महिमचे बरमहंसलु, निवृत्तराग द्वेषुलु, निर्मलात्मुलु नैन मुनुलकु नदृश्यमानुंडवै, परिच्छिन्नुंडवु गानि नीवु मूढदृक्कुलु, गुटुंबवतुलु नगु माकु नॆट्लु दर्शनीयुंड वय्येदु ? श्रीकृष्ण ! वासुदेव ! देवकीनंदन ! नंदगोपकुमार ! गोविंद ! पंकजनाभ ! पद्म मालिकालंकृत ! पद्मलोचन ! पद्मसंकाश चरण ! हृषीकेश ! भक्तियोगंबुनं जेसि नमस्करिंचॆद नवधरिंपुमु ॥ 186 ॥

सी. तनयुल तोडने दह्यमानंबगु, जतु गृहंबंदुनु जावकुंड
गुरुराजु वॆट्टिचु घोरविषंबुल मारुत पुत्रुंडु सडियकुंड

विचित्र [कार्य] नहीं है। उस समय में सन्तोष पाकर, पाण्डव तथा पांचाल-पुत्री (द्रौपदी) के साथ कुन्ती ने चल पड़ने को उद्यत हरि के समीप पहुँचकर इस प्रकार कहा। १८४

कुन्तीदेवी का श्रीकृष्ण की स्तुति करना

[कं.] हे हरि ! परमपुरुष, श्रेष्ठ, प्रकृति से अतीत (परे), अव्यय, अखिल भूतों (प्राणि-कोटि) में भीतर-बाहर भासित होनेवाले, अवलोकनीय (दर्शन करने योग्य) [और] परमेश्वर हो, तुम्हें प्रणाम। १८५ [व.] और यवनिका के पीछे नाट्य करनेवाले नट की भाँति, मायापट के अन्तराल में स्थित हो, [अपनी] महिमा के कारण परमहंसों को, राग-द्वेष-रहित जनों को, निर्मल आत्मावाले मुनियों को अदृश्यमान होते हुए, परिच्छिन्न (सृष्टि से अलग दिखायी) नहीं होते हो। ऐसे तुम मूढ़ दृष्टिवाली, कुटुम्बवती हो, हमें कैसे दर्शनीय होते (दिखायी देते) हो ? [फिर भी तुम्हारे दर्शन करती ही रहती हैं, भक्ति के प्रभाव से] कृष्ण ! वासुदेव ! देवकीनन्दन ! नन्दगोपकुमार ! गोविन्द ! पंकजनाभ ! पद्ममालिकालंकृत ! पद्मलोचन वाले ! पद्मसंकाश चरणवाले ! हृषीकेश ! भक्तियोग से नमस्कार करती हूँ। ध्यान दो ! १८६ [सी.] पुत्रों-सहित दह्यमान (जलनेवाले) लाक्षागृह में मर

धार्तराष्ट्रुडु समुद्धति जीर लॊलुवंग द्रौपदि मानंबु दलगकुंड
गांगेय कुंभज कर्णादि घनुलचे ना विड्डलनि लोन नलगकुंड
ते. विरटु पुत्रिक कडुपुलो वॆलयु चूलु, द्रोणनंदन शरवह्नि द्रुंगकुंड
मर्रियु रक्षिंचितिवि पॆक्कुमार्गमुलनु, निन्नुनेमनि वर्णितु नीरजाक्ष !॥187॥

म. बल्लिदुंडगु कंसुचेतनु बाधनॊंदुचुनुन्न मी
तल्लि गाचिन भंगि गाचिति धार्तराष्ट्रुलचेत ने
वल्लडंबुन जिक्ककुंडग दावकीन गुणव्रजं
बॆल्ल संस्तुति सेसि चॆप्पग नॆंतदान जगत्पती ! ॥ 188 ॥

क. जननमु नैश्वर्यंबुनु, धनमुनु विद्ययुनु गल मदच्छन्नु लकिं
चन गोचरुडगु निन्नुन्, विनुतिंपग लेरु निखिल विबुधस्तुत्या ! ॥ 189 ॥

व. मर्रियु भक्तधनुंडुनु, निवृत्त धर्मार्थ काम विषयुंडुनु, आत्मारामुंडुनु, रागादि रहितुंडुनु, कैवल्यदान समर्थुंडुनु, कालरूपकुंडुनु, नियामकुंडुनु, नाद्यंत शून्युंडुनु, विभुंडुनु, सर्वसमुंडुनु, सकलभूत निग्रहानुग्रहकरुंडु नैन निन्नु दलंचि नमस्करिंचॆद नवधरिंपुमु। मनुष्युल विड्डंबिंचु भवदीय

जाने से, कुरु राजा दुर्योधन के द्वारा प्रयुक्त घोर विषों के कारण मारुत-पुत्र (भीम) का मरने से, धार्तराष्ट्र (दुश्शासन) के उद्धत हो वस्त्रापहरण करते समय द्रौपदी को मान-भंग से, गांगेय (गंगा का पुत्र, भीष्म), कुम्भज (द्रोण), कर्ण आदि घन (महान) वीरों के हाथों में युद्ध में मेरे पुत्रों को मरने से, [ते.] विराट-पुत्री के गर्भ में विलसित पिण्ड को द्रोणनन्दन (अश्वत्थामा) के शर (वाण) की वह्नि (अग्नि) से खंडित होने से, और भी कई मार्गों में (उपायों से) [कई वार] तुमने हमारी रक्षा की। हे नीरजाक्ष (कमल-लोचनवाले) ! [उन सवका] मैं कैसे वर्णन करूँ ? १८७ [म.] हे जगत्पति ! वल्लिद (कठिन, क्रूर) कंस से पीड़ित होनेवाली तुम्हारी माँ की रक्षा करने की रीति से, धार्तराष्ट्रों के हाथ व्याकुल वनी मुझे भीत होने से तुमने वचाया। तावकीन-गुणव्रज (तुम्हारे गुणगणों) की स्तुति कर कहने में मैं कहाँ समर्थ हूँ। १८८ [कं.] हे सकल विवुधों से स्तुत्य ! जन्म, ऐश्वर्य, धन और विद्या से युक्त जन, जो मद से आच्छन्न हैं, अकिंचन-गोचर हो तुम्हारी स्तुति नही कर सकते। १८९ [व.] और भक्तजन ही जिसका धन हैं, जो धर्म, अर्थ, काम विषयों से निवृत्त हो गया है, जो आत्माराम है, जो रागादि-रहित है, जो कैवल्य (मोक्ष) को प्रदान करने में समर्थ है, जो कालस्वरूप है, जो नियामक है, जो आदि-अन्त-रहित है, जो विभु है, जो समदृष्टि वाला है, जो सकल भूतों (प्राणि-कोटि) पर निग्रह-अनुग्रह करनेवाला है, ऐसे तुम्हारा स्मरण कर, नमस्कार करती हूँ, ध्यान दो ! मनुष्यों को भ्रम में

विलसनंबु निर्णयिप नॅव्वडु समर्थुंडु? नीकु ब्रियाप्रियुलु लेरु; जन्मकर्म शून्युंडवैन नीवु तिर्यगादि जीवुलयंदु वराहादि रूपंबुलनु, मनुष्युलंदु रामादि रूपंबुलनु, ऋषुलयंदु वामनादि रूपंबुलनु, जलचरंबुलयंदु मत्स्यादि रूपंबुलनु, नवतरिंचुट लोकविडंबनार्थंबु गानि, जन्मकर्म सहितुंडवगुटं गादु ॥ 190 ॥

उ. कोपमुतोड नीवु दधिकुंभमु भिन्नमु सेयुचुन्नचो
गोपिक द्राट गट्टिन विकुंचित सांजन बाष्प तोयधा-
रा परिपूर्ण वक्त्रमु गरंबुल ब्रामुचु वॅच्च नूर्चुचुं
बापडवै नटिंचुट गृपापर! ना मदि जोद्यमय्यॅडिन् ॥ 191 ॥

कं. मलयमुन जंदनमु क्रिय, वॅलयग धर्मजुनिकीर्ति वॅलयिंचुटकै
यिलपै नभवुडु हरि यदु, कुलमुन नुदयिंचॅ नंड्रु, गॊंदरनंता! ॥ 192 ॥

कं. वसुदेव देवकुलु दा, पसगति गतभवमुनंदु ब्राथिंचिन सं-
तसमुन बुत्रत नॊंदिति, वसुरुल मृतिकंचु गॊंद रंड्रु, महात्मा! ॥193॥

कं. जलराशिलो मुनिगॆडि, कलमु क्रियन् भूरिभार कर्शित यगु नी
यिल गाव नजुडु गोरिन, गलिगिति वनि कॊंद रंड्रु, गणनातीता! ॥194॥

डालनेवाले तुम्हारे विलास का निर्णय करने में कौन समर्थ है? (अर्थात् कोई भी नहीं।) तुम्हें प्रिय-अप्रिय कोई नहीं है। जन्म और कर्म से शून्य तुम्हारा तिर्यक (पशु) आदि जीवों में वराह आदि रूपों में, मनुष्यों में रामादि रूपों में, ऋषियों में वामनादि रूपों में, जलचरों में मत्स्यादि रूपों में, अवतरित होना लोकों (लोगों) को मात्र विडम्बना (धोखा) देने के लिए है, जन्म और कर्म से युक्त (फँसे) रहने के लिए नहीं है। १९० तुम्हारे दधि-कुम्भ को फोड़ने पर, क्रोध में आकर गोपिका के रस्सी से बाँध देने पर, विकुंचित [तथा] कजरारी आँखों से आँसू की धाराओं से परिपूर्ण वक्त्र (मुख) को हाथों से मलते हुए, गरम आहें भरते हुए, (अबोध) बालक के रूप में अभिनय करना, हे कृपावर! मेरे मन में आश्चर्यप्रद है। १९१ [कं.] हे अनन्त! कुछ लोग कहते हैं कि मलय [वन] में चन्दन की भाँति, धर्मराज की कीर्ति को उद्दीप्त करने के निमित्त अभव (जन्म-रहित) हरि ने यदुकुल में जन्म लिया। १९२ [कं.] हे महात्मा! कुछ लोग कहते हैं कि वसुदेव तथा देवकी के गतजन्म में तपस्या कर प्रार्थना करने के कारण, आनन्द के साथ उनको पुत्र-रूप में, असुर-वध के लिए पैदा हुए हो। १९३ [कं.] हे गणनातीत (जिसको गिना नहीं जा सकता)! जलराशि में डूबनेवाली नौका की भाँति इस धरती के अत्यधिक भार से कृशित होने पर, उसकी रक्षा करने की अज (ब्रह्मा) की इच्छा पर तुम उत्पन्न हुए हो, ऐसा कुछ लोग कहते

ते. मऱचि यज्ञान काम कर्ममुल दिरुगु
वेदनातुरुलकु दक्षिवृत्ति जेय
श्रवण चिंतन वंदनार्चनमुलिच्चु,
कॊऱकु नुदयिंचितंड्रु निन् गॊदऱभव ! ॥ 195 ॥

म. निनु जिंतिपुचु वाडुचुं बॊगडुचु न्नी दिव्य चारित्रमुल्
विनुचुं जूतुरुगाक लोकुलितरान्वेषंबुलं जूतुरे
घन दुर्जन्म परंपरा हरण दक्षंबै महायोगि वा-
ग्विनुतंबैन भवत्पदाब्ज युगमुन् विश्वेश ! विश्वंभरा ! ॥ 196 ॥

व. देवा ! निराश्रयुलमै भवदीय चरणारविंदमुल नाश्रयिंचि नी वारलमैन मम्मु विडिचि विच्चेय नेल ? नी सकरुणावलोकनंबुल नित्यंबुनु जूडवेनि यादव सहितुलैन पांडवुलु जीवुनि वासिन यिंद्रियंबुल चंदंबुन गीर्तिसंपदलु लेक तुच्छत्वंबु नॊंदुदुरु। कल्याणलक्षण लक्षितंबुलैन नी यडुगुलचेत नंकितंबैन यी धरणीमंडलंबु नीवु वासिन शोभितंबु गादु। नी कृपा वीक्षणामृतंबुन निक्कडि जनपदंबुलु गुसुम फल भरितंबुलु, नोषधि तरु लता गुल्म नद नदी नग सागर समेतंबुलुनै युंड्रु ॥ 197 ॥

हैं। १९४ [ते.] हे अभव (जन्म-रहित) ! अपने-आपको (निज स्थिति को) भूलकर अज्ञान से काम-कर्म (फल की इच्छा से किये जानेवाले काम) आदि मे विचरण करनेवाले वेदनातुर लोगो की वेदना के निवारण हेतु श्रवण, चिन्तन, वन्दन, अर्चना [आदि] प्रदान करने हेतु तुम उदित हुए हो, ऐसा कुछ लोग कहते हैं। १९५ ! [म.] हे विश्वेश ! हे विश्वंभर (विश्व का भरण करनेवाले) ! तुम्हारा चिंतन करते हुए, [गुण] गान करते हुए, प्रशंसा करते हुए, तुम्हारे दिव्य चरित्र सुनते हुए लोग तुम्हारे पदाब्जयुग्म को, जो घन-दुर्जन-परंपरा के हरण मे दक्ष (समर्थ) हैं [और] महायोगि-वाग्विनुत (महायोगियों के वचनो द्वारा प्रशंसित) हैं, इतर (अन्य) [प्रकार के] अन्वेषणों से देख सकते हैं क्या ? (नहीं) १९६ [व.] हे देव ! निराश्रय बनकर, तुम्हारे चरणारविंदों का आश्रय पाकर, [तुम्हारे] अपने हुए। ऐसे हमें छोड़ जाना क्यों ? अपने करुणापूरित अवलोकनो (चितवनो) से प्रतिदिन नही देखोगे, तो यादव-सहित पाण्डव, जीव से बिछुड़े हुए इन्द्रियों की रीति, कीर्ति व सम्पदाओं से वंचित हो तुच्छत्व (क्षुद्रत्व) को प्राप्त करेंगे। कल्याण लक्षणों से विलसित तुम्हारे चरणों से अंकित यह धरणीमण्डल तो [तुम्हारे] बिछुड़ जाने पर [यह] शोभित नहीं होगा। तुम्हारी कृपा की चितवनों के अमृत के कारण यहाँ के जनपद कुसुम-फल-भरित, [तथा] ओषधियों, तरु, लता, गुल्म, नद, नदी, नग (पहाड़), सागर-सहित हो सुविलसित रहेंगे। १९७

उ. यादवुलंदु बांडुसुतुलंदु नधीश्वर ! नाकु मोहवि-
च्छेदमु सेयुमय्य ! घर्नासधुवु जेरेंडि गंग भंगिनी
पादसरोज चिंतनमुनै ननिशंबु मदीयबुद्धि न-
त्यादरवृत्तितो गदियु नट्लुग जेयगदय्य ! यीश्वरा ! ॥ 198 ॥

शा. श्रीकृष्णा ! यदुभूषणा ! नरसखा ! शृंगार रत्नाकरा !
लोकद्रोहि नरेंद्रवंश दहना ! लोकेश्वरा ! देवता
नीक ब्राह्मण गोगणार्ति हरणा ! निर्वाण संधायका !
नीकुन् म्रोक्केंद द्रुंपवे भवलतल् नित्यानुकंपानिधी ! ॥ 199 ॥

व. अनि यिट्लु सकल संभाषणंबुल नुतियिंचु गोंति माटलकु नियकोनि, गोविंदुड् माया निरूढ संदहास विशेषंबुन मोहंबु नोंदिचि, रथारूढुंडै करिनगरंबुनकु वच्चि, कुंती सुभद्रादुलन् वीड्कोनि, तन पुरंबुनकु विच्चेय नर्मकिंचि, धर्मराजुचे गिंचित्कालंबु निलुवुमनि, प्रार्थितुंड निलिचि। अंत बंधुवध शोकातुरुंडैन धर्मजुड् नारायण व्यास धौम्यादुलचेत देलुपंबडियु देलियक मोहितुंडै निर्विवेकंबुन निट्लनियें ॥ 200 ॥

म. तन देहंबुनकै यनेक मृगसंतानंबु जंपिचु दु-
र्जनु भंगिन् गुरु बालक द्विजतनूज भ्रातृसंघंबु नि-

[उ.] हे अधीश्वर ! यादव [तथा] पाण्डुपुत्रों में (के प्रति), मेरे मोह का विच्छेद करो। महासागर को प्राप्त होनेवाली गंगा की भाँति तुम्हारे चरण-सरोज के चिन्तन में अनिश (दिन-रात) मेरी बुद्धि अत्यन्त आदर भाव से नियराए (रमी रहे), ऐसा करो न हे ईश्वर ! १९८ [शा.] हे श्रीकृष्ण ! हे यदुभूषण (यदुकुल के लिए अलंकारस्वरूप) ! हे नर-सखा (अर्जुन के सखा) ! हे शृंगार-रत्नाकर (शृंगाररस के सागर) ! लोकद्रोही-नरेन्द्र वंशों को जलाकर नाश कर देनेवाले ! हे लोकेश्वर ! देवतानीक (समूह)-ब्राह्मण (तथा) गोगण की आर्ति को मिटानेवाले ! निर्वाण (जन्मराहित्य) के संधायक (प्रदान करनेवाले) ! नित्य-अनुकम्पा के निधी ! तुम्हें प्रणाम करती हूँ। भवलताओं को काट दो न। १९९ [व.] इस प्रकार अनेक सम्भाषणों (वचनों) से स्तुति करनेवाली कुन्ती की बातों को मानकर, गोविन्द ने माया-निरूढ विशेष-मन्दहास से मोहित कर, रथारुढ़ हो करिनगर (हस्तिनापुर) को आकर, कुन्ती, सुभद्रादि को विदा कर अपने पुर को पधारने का संकल्प कर, धर्मराज से किंचित् समय के लिए रुक जाने को प्रार्थित हो, रुक गया। तब बन्धुओं के वध से शोकातुर हो धर्मज ने नारायण, व्यास, धौम्य आदि से समझाए जाने पर भी अबोध हो, मोहित हो निर्विवेक से ऐसा कहा। २०० [म.] अपनी देह के लिए अनेक पशुओं का वध करनेवाले दुर्जन की भाँति

ट्लनि जंपिचिन पापकर्मुनकु राज्यकांक्षिकिन् नाकु हा
यन लक्षावधिनैन घोर नरक व्यासंगमुलमानुने ॥ 201 ॥

व. मरियु प्रजापरिपालन परुंडैन राजु धर्मयुद्धंबुन शत्रुवुल वधियिंचिन बापंबु लेदनि शास्त्रवचनंबु गलदु। अयिन नदि विज्ञानंबु कोंड्रकु समर्थंबु गादु। चतुरंगंबुल ननेकाक्षौहिणी संख्यातंबुलं जंपिचिति। हतबंधुलैन सतुल केनु जेसिन द्रोहंबु दप्पिचुकोंन नेर्पु लेदु। गृहस्थाश्रम धर्मंबुलैन तुरंगमेधादि यागंबुलचेतं बुरुषुंडु ब्रह्महत्यादि पापंबुलवलन विडिवडि निर्मलुंडगु ननि निगमंबुलु निगमंचु। पंकंबुन पंकिल स्थलंबुनकुनु मद्यंबुन मद्यभांडमुनकुनु शुद्धि संभविपनि चंदंबुन, बुद्धिपूर्वक जीवहिंसनंबुलैन यागंबुल चेतं बुरुषुलकु पापबाहुळ्यंबु कानि पापनिर्मुक्ति गादनि शंकिंचेद ॥ 202 ॥

अध्यायमु—९

कं. अनि यिट्लु धर्मसूनुडु, मौनसि निराहार भावमुन देवनदी
तनयुडु गूलिनचोटिकि, जनियें प्रजाद्रोह पापचलितात्मुंडै ॥ 203 ॥

गुरु, बालक, द्विज, तनूज (पुत्र) [तथा] भाइयों के समूह का वध करा देने वाला पापकर्मा एवं राज्य का आकांक्षी हूँ। ऐसे मुझे लाखों वर्षों की अवधि पर्यन्त [अति पीड़ाकर] घोर नरक यातनाएँ कैसे दूर होंगी ? २०१
[व.] और फिर प्रजा के पालन में निमग्न राजा के लिए धर्मयुद्ध में शत्रुओं का वध करना कोई पाप है, ऐसा शास्त्र-वचन (शास्त्रों की मान्यता) है। फिर भी वह विज्ञान की दृष्टि में समर्थ (अच्छा अर्थ वाला) नही है। चतुरंग-सेनाओं को, असंख्य अक्षौहिणियों को मरवाया। मारे गये वन्धुजनों वाली सतियों के प्रति मैंने जो द्रोह किया, उससे बचने का कोई उपाय नही है। तुरंग (अश्व-) मेधादि यज्ञ, जो गृहस्थाश्रम के धर्म हैं, करने से पुरुष ब्रह्महत्यादि पापों से छूटकर निर्मल हो जाता है, ऐसा निगम (वेद) नियमित करते है। पंक से पंकिल-स्थल को एवं मद्य से मद्य-भरे घड़े को शुद्धता प्राप्त नहीं होती, उसी रीति से बुद्धिपूर्वक (जान-बूझकर) जीव-हिंसा से युक्त यज्ञ के कारण पुरुषों को पाप की बहुलता ही होगी, पापविमोचन नहीं होगा, ऐसा मेरा सन्देह है। २०२

अध्याय—९

[कं.] इस प्रकार प्रजाद्रोह के पाप की चिन्ता में विचलित मन वाले धर्मराज ने सप्रयत्न निराहारव्रत (अनशनव्रत), लिये हुए, देवनदी-तनय (गंगापुत्र-भीष्म) के गिरे हुए स्थान को प्रस्थान किया। २०३

धर्मराजु श्रीकृष्णसहितुंडै शरतल्पगतुंडगु भीष्मुनिकड केगुट

व. अय्यवसरंबुनं दक्किन पांडवुलुनु, फल्गुनसहितुंडैन पद्मलोचनुंडुनु, कांचन समुचितंबुलैन रथंबुलॅक्कि धर्मजुं गूडिचन, नतंडु गुह्यक सहितुंडैन कुबेरुनि भंगि नॊप्पॆ। इट्लु पांडवुलु परिजनुलु गॊलुव बद्मनाभ सहितुलै कुरुक्षेत्रंबुन केगि, दिवंबुनुंडि नेलं गूलिन देवत तॆरंगुन संग्राम पतितुंडैन गंगानंदनुनकु नमस्करिंचिरि। अंत बृहदश्व भरद्वाज परशुराम गौतम पर्वत नारद बादरायण कश्यपांगिरस कौशिक धौम्य सुदर्शन शुक वसिष्ठाद्यनेक राजर्षि देवर्षि ब्रह्मर्षुलु शिष्य समेतुलै चनुदॆंचिनं जूचि संतसिंचि देशकालविभाग वेदि यैन भीष्मुंडु वारलकुं बूजनंबुलु सेयिंचि ॥ 204 ॥

कं. मायांगीकृत देहुं, डै यखिलेश्वरुडु मनुजु डैनाडनि प्र-
ज्ञायत चित्तंबुन गां, गेयुडु पूजनमु सेसॆं गृष्णुन् जिष्णुन् ॥ 205 ॥

व. मरियुं गंगानंदनुंडु विनयप्रेम सुंदरुलैन पांडुनंदनुलं गूर्चुंड नियोगिंचि, महानुराग जनित बाष्प सलिल संदोह सम्मिळित लोचनुंडै यिट्लनियॆ ॥ 206 ॥

धर्मराज का श्रीकृष्ण-सहित हो शरतल्पगत भीष्म के यहाँ जाना

[व.] उस अवसर पर शेष सब पाण्डव और फल्गुन (अर्जुन) सहित हो पद्मलोचन वाले (कमलनयन वाले कृष्ण) सोने के रथों पर आरूढ़ हो, धर्मराज को साथ लेकर चल पड़े, तब वह गुह्यक (यक्ष)-सहित कुवेर की भाँति सुशोभित हुआ। इस प्रकार पाण्डव परिजनों की सेवाएँ लेते हुए, पद्मनाभ (विष्णु) के साथ कुरुक्षेत्र को गये। आकाश से धरती पर गिरे हुए देवता की रीति युद्ध में धराशायी बने गंगानन्दन (भीष्म) को नमस्कार किया। तब वृहदश्व, भरद्वाज, परशुराम, गौतम, पर्वत, नारद, वादरायण, कश्यप, अंगीरस, कौशिक, धौम्य, सुदर्शन, शुक, वशिष्ठ आदि अनेक राजर्षि, देवर्षि, ब्रह्मर्षियों के अपने-अपने शिष्यगण के साथ आये हुए देखकर आनन्दित हो, देशकाल-परिस्थिति के ज्ञाता भीष्म ने उन सबकी पूजाएँ करवाकर, २०४ [कं.] अखिलेश्वर (सर्वेश्वर) ने माया से अंगीकृत देहवाला हो, मानव-रूप ले लिया, ऐसा प्रज्ञापूर्ण (ज्ञान से पूर्ण) चित्त से गांगेय (भीष्म) ने जानकर उस कृष्ण व जिष्णु (विजयशीलो) की पूजा की। २०५ [व.] और फिर गंगानन्दन ने विनय, प्रेम से सुशोभित पाण्डुनन्दनों को बैठने की आज्ञा कर, अत्यन्त अनुराग से उत्पन्न आँसू की धाराओं से युक्त लोचनवाले होते हुए, इस प्रकार कहा। २०६ [आ.] वत्स ! धरणीसुर (तथा) हरि और धर्म को

आ. धरणीसुरुलु हरियु धर्मंबु दिक्कुगा,
क्रतुकदलचि मीरु बहुविधमुल
नन्नलार ! पडिति रापत्परंपर,
लिट्टि चित्रकर्म मद्यु गलदे ! ॥ 207 ॥

उ. संतस मिंत लेदु मृगशाप वशंबुन बांडु भूविभुं
डंतमु नॊंदि युंड मिमु नर्भकुलं गॊनिवच्चि कांक्षतो
नितटि वारिगा वॆनिचॆं नॆन्नडु सौख्यमु पट्टु गान दी
कुंति यनेक दुःखमुल गुंदुचु नुन्नदि भाग्यमॆट्टिदो ! ॥ 208 ॥

उ. वायु वशंबुलै यॆगसि वारिधरंबुलु मिट गूडुचुं
बायुचु नुंडु कैवडि प्रपंचमु सर्वमु गालतंत्रमै
पायुचु गूडुचुंडु नॊकभंगि जरिंपदु काल मन्नियुं
जेयुचुनुंडु गालमु विचित्रमु दुस्तर मॆट्टिवारिकिन् ॥ 209 ॥

उ. राजट धर्मजुंडु सुरराज सुतुंडट धन्वि शात्रवो
द्वेजकमैन गांडिवमु विल्लट सारथि सर्व भद्र सं-
योजकुडैन चक्रियट युग्र गदा धरुडैन भीमुड-
य्याजिकि दोडु वच्चुनट यापद गल्गुट येमि चोद्यमो ! ॥ 210 ॥

आधार मानकर जीने की इच्छा से तुम लोगों ने अनेक प्रकार के दुःख झेले। ऐसे विचित्र कर्म और कहीं सम्भव नहीं होते। २०७ [उ.] कुन्ती ने (अपने जीवन में) आनन्द नहीं पाया है मृग के शाप के कारण पाण्डु राजा के समाप्त होने पर, जब तुमने अर्भकों (नादान शिशुओं) को लाकर, कांक्षा (महत्त्वाकांक्षा) से (पाल-पोसकर) इतना बड़ा बनाया है। कभी इसने अपने सुख का ध्यान नहीं रखा है। इस प्रकार कुन्ती दुःखित है, पता नहीं इसका भाग्य कैसा लिखा है। २०८ [उ.] वायु के वश हो [ऊपर] उठकर बादल आकाश में जिस प्रकार इकट्ठे होते और बिखर जाते रहते हैं, उसी प्रकार समस्त जगत काल के वश हो बिछुड़ जाते और एकत्रित होते हुए कभी एक-जैसा संचरण नहीं करता। काल सब कुछ करता रहता है, काल [की गति] विचित्र है, [कितना भी महान व्यक्ति क्यों न हो, उसके लिए भी] काल दुस्तर है। २०९ [उ.] सुना है, धर्मज (युधिष्ठिर) राजा है, सुरराज-सुत (अर्जुन), धनुर्धर है, शत्रुओं को उत्तेजित करनेवाला गाण्डीव धनुष है, सर्वभद्र (सर्वमंगल) को सम्पन्न करनेवाला चक्रि (चक्रधारी विष्णु) सारथी है, उग्र रूप में गदा धारण करनेवाला भीमसेन उस युद्ध में साथ दे रहा है, फिर भी विपत्ति आ पड़ी है ? (यह) कैसा आश्चर्यजनक है ! २१०

आ. ईश्वरुंडु विष्णुडॆव्वेळ नॆव्वनि, नेमि सेयु बुरुषुडेमि यॆरुगु ?
नतनि मायतकु महात्मुलु विद्वांसुलु, लणगि सॆलगुचुंडु रंधुलगचु ॥211॥

व. कावुन दैवतंत्रं बैन पनिकि वगवं बनिलेदु। रक्षकुलु लेनि प्रजल नुपेक्षिपक रक्षिपक बुंडरीकाक्षुंडु साक्षात्करिंचिन नारायणुंडु तेजोनिरूढुंडु गाक यादवुलंदु गूढुंडै तन मायचेत लोकंबुल मोहातिरेकंबु नॊंदिचुनु। अतनि रहस्यप्रकारंबुलु भगवंतुंडैन शिवुं डॆरुगु। मरियु देवर्षियगु नारदुंडुनु, भगवतुंडगु कपिलमुनियु नॆरुंगुदुरु। मीरु कृष्णुंडु देवकीपुत्रुंडनि मातुलेयुंडनि तलंचि दूत सचिव सारथि बंधुमित्रप्रयोजनंबुल नियमिंचुटु रिन्निटं गीरतलेदु। रागादि शून्युंडु, निरहंकारुं, डद्वयुंडु, समदर्शनुंडु, सर्वात्मकुंडुनैन यीश्वरुनकु नतोन्नतभाव मतिवैषम्यंबु लॆक्कडिवि ? लेवु। अयिन भक्तवत्सलुंडु गावुन, नेकांत भक्तुलकु सुलभुंडै युंडु ॥ 212 ॥

सी. अतिभक्ति नॆव्वनियंदु जित्तमु जेर्चि यॆव्वनिनाम मूहिंचि पॊगडि
कायंबु विडुचुचु गाम कर्मादि निर्मूलनुंडै योगि मुक्तिनॊंदु
नट्टि सर्वेश्वरुंडखिल देवोत्तमुं डॆव्वेळ नाणंबुलेनु विडुतु
नंदाक निंदॆ मंदहासुडै विकसित वदनारविंदुडै वच्चि नेडु

[आ.] ईश्वर (अधिकारी) विष्णु कब, किसका, क्या करेगा, पुरुष क्या जाने ? उसकी मायाओं के कारण महात्मा लोग, विद्वान् भी अन्धों की नाईं उसके आधीन हो आचरण करते रहते है। २११ [व.] इसलिए दैवतंत्र के कार्य के लिए चिन्तित नहीं होना है। रक्षक-रहित प्रजा की उपेक्षा न कर रक्षा करने के निमित्त पुण्डरीकाक्षवाला नारायण के रूप में साक्षात्कृत (प्रगट) हुए। तेजोसम्पन्न हो, यादवों में गूढ़रूप में स्थित हो अपनी माया के कारण लोकों में मोहातिरेक पैदा करते हैं। उसके रहस्य के प्रकारों को भगवान शिवजी जानते हैं। फिर देवर्षि नारद, भगवान कपिलमुनि जानते हैं। आप लोग कृष्ण को देवकी-पुत्र तथा मातुलपुत्र (फूफी का बेटा) मानकर, (उनको) दूत, सचिव, सारथी, बन्धु, मित्रादि रूप में प्रयोजन के लिए नियमित करने में दोष नहीं है। (क्योंकि) रागादि-शून्य, निरहंकारी, अद्वय (द्वैतभाव से रहित), समदर्शी, सर्वात्मा ईश्वर के लिए नत-उन्नत (ऊँच-नीच) भाव से [उत्पन्न] मति का वैषम्य कहाँ होते हैं ? नहीं हैं। फिर भी भक्तवत्सल होने के कारण एकान्त (अनन्य) भक्तों के लिए सुलभ हो रहते है। २१२ [सी.] अत्यन्त भक्ति से जिसमें मन लगाकर, जिसके नाम की भावना करते हुए, स्तुति करते हुए काम-कर्म-आदि का निर्मूलन कर योगी, (अपना) शरीर छोड़ मोक्ष को प्राप्त करता है, ऐसा सर्वेश्वर, अखिल देवों में श्रेष्ठ मेरे प्राणत्याग करने

ते. नालुगु भुजमुलु गमलाभनयनयुगमु
नॊप्पगन्नुल मुंदट नुन्नवाडु
मानवेश्वर ! ना भाग्यमहिम जूडु
मेमि सेसितिनो ! पुण्यमितनि गूर्चि ॥ 213 ॥

व. अनि यिट्लु धनंजय संप्रापित शरपंजरुडैन कुरुकुंजरुनि वचनंबुलु विनयंबुन नाकर्णिंचि मुनुलंदरु विनुचुनुंड धर्मनंदनुंडु मंदाकिनी नंदनुवलन नरजाति साधारणंबुलगु धर्मंबुलुनु वर्णाश्रम धर्मंबुलुनु राग वैराग्योपाधुलतो गूडिन प्रवृत्ति निवृत्ति धर्मंबुलुनु दान धर्मंबुलुनु, राजधर्मंबुलुनु, स्त्री धर्मंबुलुनु, शम दमादिकंबुलुनु, हरितोषणंबु लगु धर्मंबुलुनु, धर्मार्थ काममोक्षंबुलुनु नानाविधोपाख्यानेतिहासंबुलुनु संक्षेप विस्तार रूपंबुल नॆरिगॆ। अंत रथिक सहस्रंबुलगु गमिकाडैन भीष्मुंडु स्वच्छंदमरणुलैन योगीश्वरुलकु वांछितंबगु नुत्तरायणंबु चनुदेंचिन नदि दनकु मरणोचित कालंबनि निश्चयिंचि ॥ 214 ॥

शा. आलापंबुलु मानि चित्तमु मनीषायत्तमुं जेसि दृ-
ग्जालंबुन् हरिमोमुपै वरपि तत्कारुण्य वृष्टिन् विनि-
र्मूलीभूत शरव्यथा निचयुडै मोदिंचि भीष्मुंडु सं
शीलं बॊप्प नुतिंचॆ गल्मष गजश्रेणी हरिन् श्रीहरिन् ॥ 215 ॥

की वेला तक यही मन्दहास से विकसित वदनारविन्द वाला हो आकर आज, यह देखो ! [ते.] मानवेश्वर (धर्मराज) ! चार भुजाओं से कमलाभ (कमल-सम)-नयन-युगल से मेरी आँखों के सम्मुख उपस्थित हुआ। मेरे अपने सौभाग्य को देखो, इसके प्रति कैसा पुण्य कार्य (मैंने) किया होगा ! २१३ [व.] कहकर, इस प्रकार धनंजय (अर्जुन) से सम्प्राप्त शरपंजर में स्थित कु[illegible] (भीष्म) के वचन विनम्र हो सुनकर, सकल मुनियों के सुनते समय, धर्मनन्दन (धर्मराज) ने मन्दाकिनीनन्दन (भीष्म) के द्वारा नरजाति (मानव) के लिए साधारण धर्म, वर्णाश्रम धर्म, राग, वैराग्य आदि उपाधियों से युक्त प्रवृत्ति तथा निवृत्ति धर्म, दानधर्म, राजधर्म, स्त्रीधर्म, शम-दम आदि और हरि को प्रसन्न करनेवाले धर्म, (तथा) धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष (नाना विध उपाख्यान, इतिहास आदि) संक्षेप तथा विस्तार रूप में जान लिया। अनेक हज़ार रथिकों के गणनायक (अधिपति) भीष्म ने निश्चय किया कि इच्छा-मृत्यु को पानेवाले योगीश्वरों से वांछित (अभिलषित) उत्तरायण के आगमन को जान, वही अपने लिए मृत्यु के लिए समुचित काल है। २१४ [शा.] आलाप छोड़कर (मौन हो), चित्त को मनीषा (प्रज्ञा) में समायत्त कर, दृष्टियों को हरि के मुख पर केन्द्रीकृत कर, उसकी करुणापूरित दृष्टि से शराघात-जनित-दुःख-समूह

व. इट्लु परमेश्वरुंडैन हरियंदु निष्कामुंडै धारणावति यैन बुद्धिनि समर्पिंचि, परमानंदंबु नोंदि, प्रकृतिवलन नैन सृष्टिपरंपरल बरिहरिंचु तलंपुन मंदाकिनी नंदनुं डिट्लनियें ॥ 216 ॥

भीष्मुडु श्रीकृष्णुनि स्तुतिचुट

म. त्रिजगन्मोहन नीलकांति तनु बुद्दीपिप बाभात नी-
रजबंधु प्रभमैन चेलमु पयिन् रंजिल्ल नीलालक
व्रज संयुक्त मुखारविंद मतिसेव्यंबै विजृंभिप मा
विजयुं जेरेंडु वन्नेलाडु मदि नावेशिंचु नेल्लप्पुडुन् ॥ 217 ॥

म. हय रिंखामुख धूळि धूसर परिन्यस्तालकोपेतमै
रयजात श्रमतोय बिंदुयुतमै राजिल्लु नेम्मोमुतो
जयमुं बार्थुन किच्चुवेड्क नति शस्त्राहति जाल नों-
च्चियु बोरिंचु महानुभावु मदिलो जिंतिंतु नश्रांतमुन् ॥ 218 ॥

म. नरुमाटल्विनि नव्वुतो नुभयसेना मध्यम क्षोणिलो
बरु लीक्षिप रथंबु निल्पि पर भूपालावळि जूपुचुं

को निर्मूलित कर भीष्म ने अपने सौशील्य के अनुसार कल्मष रूपी गजसमूह के लिए हरि (सिंह) श्रीहरि की स्तुति की। २१५ [व.] इस प्रकार परमेश्वर हरि में निष्काम भाव से धारणावती बुद्धि को समर्पित कर, परमानन्दित होकर, प्रकृतिजन्य सृष्टि (जन्म-मरण) की परम्पराओं का परिहार करने (निवारण करने) के विचार से मन्दाकिनी-नन्दन (भीष्म) ने इस प्रकार कहा। २१६

भीष्म का श्रीकृष्ण की स्तुति करना

[म.] तीन जगतों को मोहित करनेवाली नीलकान्ति के शरीर को उद्दीप्त करने पर, प्रभात के नीरजबन्धु (सूर्य) की प्रभा (कान्ति) के समान वस्त्र के विलसित होने पर, नील-अलकावली (नील-केशजाल) से युक्त मुखारविन्द (मुखकमल) के अतिसेव्य होकर, विजृंभित होने पर, हमारे विजय (अर्जुन) के समीप पहुँचनेवाला सुन्दर [व्यक्ति] मेरे मन में सदा प्रतिष्ठित रहे। २१७ [म.] घोड़ों के खुरों से उठी धूल के कारण मुख के धूलि-धूसरित [तथा] विखरे हुए केशजाल वाला, अतिवेग तथा श्रम से उत्पन्न पसीने की बूंदों से विराजित सुन्दर मुख वाला, पार्थ को आनन्द से विजय प्रदान करानेवाला, मेरे शस्त्र के आघात से अतिपीड़ित होकर भी संघर्ष करानेवाले महानुभाव का अश्रान्त (सदा) मन में चिन्तन करता हूँ। २१८ [म.] नर (अर्जुन) की बातें सुनकर, मुस्कुराते हुए, दोनों सेनाओं के मध्यभूमि पर शत्रुओं के देखते रहने पर, रथ को खड़ा कर, परभूपालावली

वर भूपायुवु लॆल्ल जूपुलन शुंभत्केळि वंचिचु नी
वरमेशुंडु वॆलुंगुचुंडॆडु मनः पद्मासनासीनुडै ॥ 219 ॥

कं. तनवारि जंपजालक, वॆनुककु वो निच्चगिंचु विजयुनि शंकन्
घन योगविद्य वापिन, मुनिवंद्युनि पादभक्ति मीनयुन् नाकुन् ॥ 220 ॥

सी. कुप्पिंचि यॆगसिन गुंडलंबुल कांति, गगनभागंबॆल्ल गप्पिकॊनग
नुरिकिन नोर्वक युदरंबुलोनुन्न, जगमुल व्रेगुन जगति गदल
जक्रंबु जेपट्टि चनुदेंचु रयमुन, वॆनुन्न पच्चनि पटमु जाइ
नम्मिति नालावु नगुवाटु सेयक, मन्निपुमनि क्रीडि मरल दिगुव

ते. गरिकि लंघिंचु सिंहंबुकरणि मॆरसि,
नेडु भीष्मुनि जंपुदु निन्नुगातु
विडुवु मर्जुन ! यनुचु मद्विशिखवृष्टि,
दॆरलि चनुदेंचु देवुंडु दिक्कु नाकु ॥ 221 ॥

म. तनकुन् भृत्युडु वीनि गाचुट महाधर्मंबु वॊम्मंचु न-
र्जुनसारथ्यमु पूनि पग्गमुलु चे जोद्यंबुगा वट्टुचुन्
मनिकोल न्वडि जूपि घोटकमुल न्मोदिंचि तार्टिपुचुन्
जनुल न्मोहमु नोंदजेयु परमोत्साहुं प्रशंसिचंदन् ॥ 222 ॥

(पराये शत्रु-राजवर्ग) को दिखाते हुए, शत्रु राजाओं की आयु को दृष्टियों के शुम्भत् (प्रकाशित) क्रीड़ा से वंचित करनेवाला परमेश्वर, मन रूपी पद्म पर आसीन होकर, ज्योतित होता रहे । २१९ [कं.] अपने लोगों का वध न कर सक, पीछे हटने को चाहनेवाले विजय (अर्जुन) के सन्देह का घनतर योगविद्या से निवारण करनेवाला, मुनिजनों से वन्दित [सर्वेश्वर] के चरणों में भक्ति मुझमें उत्पन्न हो जाय । २२० [सी.] दम भरकर उछलने वाले के कुण्डलों की कान्ति के समस्त गगन-भाग में छा जाने पर, दौड़ने पर सहन न कर सक, उदर में स्थित जगत के भार से [इस] जगत के हिल जाने पर, चक्र धारण कर आते समय वेग के कारण ऊपर के पीत पट (पीला वस्त्र) के सरक जाने पर, "मैंने तुम पर वहुत भरोसा रखा है, मेरी सामर्थ्य को जग-हँसी का पात्र मत वनाओ, क्षमा कर दो" कहते हुए क्रीड़ि (अर्जुन) के पीछे की ओर खींचते समय, [ते.] हाथी पर आक्रमण करनेवाले सिंह की भाँति प्रकाशित हो, 'आज भीष्म को मार डालूँगा, तुम्हारी रक्षा करूँगा, छोड़ दो अर्जुन !' कहते हुए मेरी विशिख-वृष्टि (शर-परम्पराओं) से वचकर, आनेवाला देव (श्रीकृष्ण) मेरे लिए शरण्य है । २२१ [म.] यह मेरा भृत्य (सेवक) है, इसकी रक्षा करना महान धर्म है, (ऐसा मानकर,) अर्जुन के सारथ्य को स्वीकार कर, विचित्र रीति से पगहे (लगाम) ग्रहण कर तीव्रगति से चावुक दिखाकर,

कं. पलुकुल नगवुल नडपुल,
नलुकल नवलोकनमुल नाभीरवधू
कुलमुल मनमुल तालिमि,
कौलकुलु वदलिचु घनुनि गोलिचेंद मदिलोन् ॥ 223 ॥

आ. मुनुलु नृपुलु सूड मुनु धर्मजुनि सभा, मंदिरमुन याग मंडपमुन
जित्रमहिमतोड जेलुवोंदु जगदादि, देवुडमरु नादु दृष्टियंदु ॥ 224 ॥

म. ऒक सूर्युंडु समस्तजीवुलकु दा नॊक्कॊक्कडै तोचु पो-
लिक ने देवुडु सर्वकालमु महालीलन् निजोत्पन्न ज-
न्यकदंबंबुल हृत्सरोरुहमुलन् नाना विधानून रू-
पकुडै यॊप्पुचुनुंडु नट्टि हरि ने ब्राथितु शुद्धुंडनै ॥ 225 ॥

व. अनि यिट्लु मनो वाग्दर्शनंबुलं बरमात्मयगु कृष्णुनि हृदयंबुन निलिपिकॊनि निश्वासंबुलु मानि निरुपाधिकंबैन वासुदेव ब्रह्मंबुनंदु गलसिन भीष्मुनि जूचि सर्वजनुलु दिनावसानंबुन विहंगंबु लूरकयुंडु तॆरंगुन नुंडिरि। देव मानव वादितंबुलै दुंदुभि निनदंबुलु मॊरसॆ। साधुजनकीर्तनंबुलु मॆरसं। कुसुमवर्षंबुलु गुरिसॆ। मृतुंडैन भीष्मुनिकि धर्मजुंडु परलोक क्रियलु सेयिचि मुहूर्त मात्रंबु दुःखितुंडय्यॆ। अंत

घोड़ों को मारते हुए, हाँकते हुए प्रजा को मोहित करनेवाला परम-उत्साही (उत्साह वाले) की मैं प्रशंसा करूँगा। २२२ [कं.] बातों से (वतरस से), हँसी (विनोद) से, चालों से, खीझते हुए, अवलोकनों (तिरछी नज़रों) से, आभीर-वधूकुल के मन की सहन-शक्ति (धैर्य) की सीमाओं का भंग करनेवाले घन (महान् व्यक्ति) की मन में आराधना करूँगा। २२३ [आ.] मुनियों [तथा] नृपों के देखते, धर्मराज के सभामन्दिर में, यज्ञवेदिका पर विचित्र महिमा से युक्त हो, ज्योतित होनेवाला जगत का आदिदेव मेरी दृष्टियों (आँखों) में प्रतिष्ठित रहेगा। २२४ [म.] एक सूरज के समस्त जीवों के लिए (प्रत्येक को) अलग-अलग दर्शन देते हुए भी, एक होने की रीति, जो देव सर्वकालों में महान् लीला से, अपने से उत्पन्न जन्य-कदम्बों (जीव-समूहों) के हृदय रूपी कमलों में नाना प्रकार के अनून रूपों में विद्यमान रहता है, ऐसे हरि की शुद्धात्मा हो मैं प्रार्थना करता हूँ। २२५ [व.] इस प्रकार मन, वाक् एवं दृष्टियों से परमात्मा श्रीकृष्ण को हृदय में प्रतिष्ठित कर, निःश्वास रोककर, निरुपाधिक (आधार-रहित, देह-रहित) वासुदेवब्रह्म में मिलनेवाले भीष्म को देखकर, सब लोग दिन के अवसान-समय (सायंकाल) के बाद विहगगण (पक्षीगण) के मौन रहने के समान मौन रह गये। देव (तथा) मानवों से बजाई गयी दुंदुभि की ध्वनियाँ हुईं। साधुजन के कीर्तन मुखरित हुए। कुसुमवृष्टियाँ हुईं। मृत हुए भीष्म को धर्मराज परलोक-क्रियाएँ करवाकर, मुहूर्त-मात्र के लिए

नच्चटि मुनुलु गृष्णुनि दमहृदयंबुल निलिपि कॉनि संतुष्टांतरंगुलगुचु ददीय दिव्यनामंबुलचे स्तुतियिंचि स्वाश्रमंबुलकु जनिरि। पिदप नय्युधिष्ठिरुंडु कृष्णसहितुंडै गजपुरंबुनकुंजनि गांधारी सहितुंडैन धृतराष्ट्र नॊडंबरचि वारि सम्मतंबुन वासुदेवानुमोदितुंडै, पितृ पैतामहंबैन राज्यंबु गैकॊनि, धर्म मार्गंबुनं बालनंबु सेयुचुंडॆ ननि सूतुंडु चॆप्पिन विनि शौनकुंडिट्लनियॆ ॥ 226 ॥

अध्यायमु—१०

आ. धनमु लपहरिंचि तनतोड जॆनकॆंडु, नाततायि जनुलननि वधिंचि
वंधुमरण दुःखभरमुन धर्मजु, डॆट्लु राज्यलक्ष्मि निच्चगिंचॆ ॥ 227 ॥

व. अनिन सूतुं डिट्लनियॆ ॥ 228 ॥

कं. कुरुसंततिकि वरीक्षि, न्नरवरु नंकुरमु सेसि नारायणु डी
धरणी राज्यमुनकु नी, श्वरुगा धर्मजुनि निलिपि संतोषिंचॆन् ॥ 229 ॥

व. इट्लु जगंबु परमेश्वराधीनंबु गानि स्वतंत्रंबुगा दनुनदि मॊदलगु भीष्मुनि वचनंबुल हरि संभाषणंबुल धर्मनंदनुंडु प्रवर्धमान विज्ञानुंडुनु,

---

दुःखित हुए। तव वहाँ के मुनियों ने कृष्ण को अपने हृदयों में प्रतिष्ठित कर, अन्तरंग में सन्तुष्ट हो, उसके दिव्य नामों की स्तुति की और अपने-अपने आश्रम को प्रस्थान किया। उसके पश्चात् युधिष्ठिर कृष्ण को साथ लेकर गजपुर (हस्तिनापुर) जाकर, गान्धारी समेत धृतराष्ट्र को समझाकर, उनकी सम्मति से वासुदेव का अनुमोदन (स्वीकृति) पाकर, पितृ (तथा) पितामह के राज्य को ग्रहण कर, धर्ममार्ग के अनुसार पालन करता रहा। इस प्रकार सूत के कहने पर शौनक ने फिर ऐसा कहा (पूछा)। २२६

अध्याय—१०

[आ.] धन का अपहरण कर अपने को छेड़नेवाले आततायी (अत्याचारी) जनो को युद्ध में वध कर, वन्धुओं की मृत्यु के भार से दुःखी धर्मराज ने फिर से राज्यलक्ष्मी की इच्छा कैसे की ?। २२७ [व.] कहने पर (पूछने पर) सूत ने ऐसा कहा। २२८ [क.] कुरु-सन्तति के लिए राजा परीक्षित को अंकुर वनाकर, धरणी-राज्य के लिए ईश्वर (अधिपति) के रूप में धर्मज को प्रतिष्ठित कर, नारायण सन्तुष्ट हुए। २२९ [व.] इस प्रकार सारा जगत परमेश्वर के अधीन है, स्वतंत्र नहीं है, आदि भीष्म के वचन [तथा] हरि के सम्भाषणों से धर्मनन्दन

निर्वतित शंकाकुळंकुंडुनु नै नारायणाश्रयुंडैन यिंद्रुंडुनु बोलॅ जतुस्सागर वेलालंकृतंबगु वसुंधरामंडलंबु सहोदरसहायुंडै येलुचुंडॅ ॥ 230 ॥

सी. संपूर्णवृष्टि बर्जन्युंडु गुरियिंचु निल यॅल्ल गोर्कुल नीनुचुंडु
गोवुलु वर्षिचु घोषभूमुल वालु फलवंतमुलु लता पादपमुलु
पंडु सस्यमुलु दप्पक ऋतुवुलनॅल्ल धर्ममॅल्लॅडलनु दनरि युंडु
दैव भूतात्म तंत्रमुलगु रोगादि भयमुलु सॅंदवु प्रजल कॅंदु

आ. गुरुकुलोत्तमुंडु कुंतीतनूजुंडु, दानमान घनुडु धर्मजुंडु
सत्यवाक्यधनुडु सकल महाराज्य, विभव भाजि यॅन वेळ यंदु ॥ 231 ॥

श्रीकृष्णुंडु द्वारका नगरमुन करुगुट

व. अंत गृष्णुंडु चुट्टालकु शोकंबु लेकुंडं जेयुकॉऱकुनु, सुभद्रकुं बियमु सेयुकॉऱकुनु, गजपुरंबुनं गॉन्नि नॅललुंडि, द्वारकानगरंबुनकुं बयाणंबु सेयंदलंचि, धर्मनंदनुनकुं गृताभिवंदनुंडगुचु नतनिचे नालिंगितुंडै यामंत्रणंबु वडसि, कॉंदऱु दनकुं नमस्करिंचिनं गौगिलिंचुकॉनि, कॉंदऱु दनुं गौगिलिप नानंदिंचुचु रथारोहणंबु सेयु नवसरंबुन, सुभद्रयु द्रौपदियु

प्रवर्द्धमान विज्ञान वाला [तथा] निर्वतित-शंका-कलंक वाला बन, नारायण के आश्रित इन्द्र के समान, चार सागरों की वेलाओं (तटों) से अलंकृत (परिवेष्टित) वसुन्धरा-मण्डल का [अपने] सहोदरों (भाइयों) की सहायता से पालन करता रहा। २३० [सी.] कुरु-कुल-उत्तम, कुन्ती-पुत्र, दान तथा मान में महान, सत्यवाक्यधनी धर्मराज के सकल मही राज्य को वैभव के साथ राज्य का पालन करते समय पर्जन्य पूर्ण रूप से वर्षा करवाता, धरती पर सब इच्छाएँ पूर्ण होतीं (सभी जन सुखी रहते), गौमाताएँ घोषभूमियों (गोशालाओं से युक्त प्रदेशों) में दूध की वर्षा करतीं, लता और पादप (वृक्ष) फलते, समस्त ऋतुओं में फ़सल अवश्य होती, सर्वत्र धर्म व्याप्त रहता, दैव-तथा भूत [तथा] आत्म-तन्त्र कोई रोग आदि भय प्रजा को न होता। २३१

श्रीकृष्ण का द्वारका नगरी को प्रस्थान करना

[व.] तब कृष्ण ने बन्धुजनों का शोक मिटाने के निमित्त, [तथा] सुभद्रा को प्रिय (प्रसन्न) करने के लिए, गजपुर (हस्तिनापुर) में कतिपय मास निवास कर, द्वारका नगर के लिए प्रस्थान करना चाहकर, धर्मनन्दन को अभिवन्दन (नमस्कार) कर, उससे आलिंगित होकर (तथा) [पुनरागमन के लिए] आमंत्रित हुआ। कुछ के नमस्कार करने पर आलिंगन कर, कुछ के आलिंगन करने पर आनन्दित होते हुए, रथ पर आरूढ़ होते समय, सुभद्रा,

गुंतियु नुत्तरयु गांधारियु धृतराष्ट्रुंडुनु विदुरुंडुनु युधिष्ठिरुंडुनु युयुत्सुंडुनु गृपाचार्युंडुनु नकुल सहदेवुलुनु वृकोदरुंडुनु धौम्युंडुनु सत्संगंबु वलन मुक्त दुस्संगुंडगु बुधुंडु सकृत्काल संकीर्त्यमानंबै रुचिकरंबगु नॆव्वनि यशंबु नाकर्णिंचि विडुवनोप डट्टि हरितोडि वियोगंबु सहिंपक, दर्शन स्पर्शनालाप शयनासन भोजनंबुलवलन निमिष मात्रंबुनु हरिकि नॆडलेनि वारलैन पांडवुलं गूडिकॊनि, हरि मरलवलॆ ननि कोरुचु हरि चनिन मार्गंबु चूचुचु, हरि विन्यस्तचित्तुलै लोचनंबुल बाष्पंबु लोलुक नंतनंत निलुवंबडिरि अय्यवसरंबुन ॥ 232 ॥

सी. कनकसौधमुलपै गौरव कांतलु गुसुमवर्षंबुलु गोरि कुरिय
मौक्तिकदाम समंचित धवळात-पत्रंबु विजयुंडु पट्टुचुंड
नुद्धव सात्यकु लुत्साहवंतुलै रत्नभूषित चामरमुलु वीव
गगनांतराळंबु गप्पि काहळ भेरि पणवशंखादि शब्दमुलु मोरय

आ. सकल विप्रजनुलु सगुणनिर्गुणरूप, भद्रभाषणमुलु पलुकुचुंड
भुवन मोहनुंडु पुंडरीकाक्षुंडु, पुण्यराशि हस्तिपुरमु वॆडलॆ ॥ 233 ॥

व. तत्समयंबुनं बौरसुंदरुलु प्रासाद शिखरभागंबुल निलिचि, गोपाल

द्रौपदी, कुन्ती, उत्तरा, गान्धारी, धृतराष्ट्र, विदुर, युधिष्ठिर, युयुत्सु, कृपाचार्य, नकुल-सहदेव, वृकोदर, धौम्य, सत्संगति के कारण दुस्संगति से मुक्त बुध (बुद्धिमान) कभी संकीर्तित रुचिकर जिसका यश सुन-सुनकर, जिसे छोड़ नहीं सकता, ऐसे हरि से वियोग को सह न सक, दर्शन, स्पर्श, आलाप (सम्भाषण), शयन, आसन, भोजन आदि से निमिषमात्र (पल-भर) के लिए हरि से दूर न होनेवाले, पाण्डवों के साथ सब लोग हरि के लौटने की इच्छा करते हुए, हरि के गये मार्ग की ओर देखते हुए, हरि में विन्यस्त (रखे हुए) चित्त वाले हो, आँखों मे आँसू के उमड़ने पर, यहाँ-वहाँ खड़े रहे। तब। २३२ [सी.] कनक-सौधों (स्वर्ण-भवनों) पर कौरव-वनिताओं के चाव से कुसुमवृष्टि करने पर, मोतियों की मालाओं से सुसज्जित, धवल-आतपत्र (छत्र) के अर्जुन के धरे रहने पर, (तथा) उद्धव और सात्यकि के उत्साही हो रत्नों से विभूषित चामरों के डुलाने पर, काहल, भेरी, पणव, शंख आदि के शब्दों के गगन के अन्तराल में व्याप्त होने पर, [आ.] सब विप्रजनों के सगुण-निर्गुण रूप सम्बन्धी मंगलवाक्य कहते समय (स्तुति करते समय), भुवनों को मोहित करने वाला पुण्डरीकाक्ष (कमल-नयन वाला), पुण्यराशि (कृष्ण) हस्तिनापुर से निकल पड़ा। २३३ [व.] उस समय में पुर की सुन्दरियाँ प्रासादों के शिखर भागों में स्थित हो, गोपाल सुन्दर के सन्दर्शन कर, मार्ग

सुंदरुनि संदर्शिंचि, मार्गंबुल रेंडुदेसल गरारविंदंबुलु साचि योंडोरुलकुं जूपुचुं दमलोनं, दोल्लिटं ब्रळयंबुन गुणंबुलं गूडक जोवुलु लीनरूपंबुलै युंड ब्रपंचंबु प्रवर्तिपनि समयंबुन ब्रपंचात्मकुंडु नद्वितीयुंडु नगुचु मेलै दीपुंचु पुराणपुरुषुंडीतंडनुवारुनु, जीवुलकु ब्रह्मत्वंबु गलुग लयंबु सिद्धिचुट येट्लनुवारुनु, जीवोपाधि भूतंबुलैन सत्त्वादि शक्तुल लयमु जीवलयमनु वारुनु, ग्रम्मरं नप्परमेश्वरुंडु निज वीर्य प्रेरितयै निजांशभूतंबुलैन जीवुलकु मोहिनियैन सृष्टि सेय निश्चयिंचि, नामरूपंबुलु लेनि जीवुलंदु नामरूपंबुलु गल्पिचु कोंरकु वेदंबुल निर्मिचि मायानुसरणंबु सेयु ननुवारुनु, निर्मल भक्ति समुत्कंठा विशेषंबुल नकुंठितुलै जितेंद्रियु लगु विद्वांसु लिम्महानुभावु निजरूपंबु दर्शितुरनुवारुनु, योगमार्गंबुलंगानि दर्शिपरादनुवारुनै मरियु ॥ 234 ॥

म. रमणी ! दूरमुवोयें गृष्णुरथमुन् रादिंक वोक्षिप नी
कमलाक्षुं बोंडगानलेनि दिनमुल् गल्पंबुलै तोचु गे-
हमुलं दुंडगनेल पोयि परिचर्यल् सेयुचुन् नेंम्मिनुं
दमु रम्मा ! यनें नोक्क चंद्रमुखि गंदर्पाशुगभ्रांतयै ॥ 235 ॥

की दोनों दिशाओं में करारविन्द (कर-कमल) फैलाकर, एक-दूसरे को दिखाते हुए, परस्पर सम्भाषण करने लगीं कि पूर्व में प्रलयकाल में गुणों की संगति न पाकर जीव के (परमात्मा में) लीन-रूप मे स्थित रहते समय, संसार का प्रवर्तन (सृजन) न होने से पूर्व प्रपंचात्मक (जगदात्मा), अद्वितीय हो, दीप्तिमान होनेवाले पुराणपुरुष यही हैं, ऐसा कुछ लोग कहते। जीवों को ब्रह्मत्व की प्राप्ति, लय की सिद्धि कैसे होती है, तो जीव के लिए उपाधि (आधार) स्वरूप सत्त्वादि शक्तियों के लय ही जीवलय है, ऐसा कुछ लोग कहते। (और) कुछ लोग कहते हैं कि फिर उस परमेश्वर ने अपने वीर्य से प्रेरित हो अपने अंश से उत्पन्न जीवों को मोहित करनेवाली सृष्टि के रचने का निश्चय कर, नाम-रूप-रहित जीवों में नामरूपों की भावना (कल्पना) करने के लिए वेदों का निर्माण कर, माया का अनुसरण करता है। निर्मल भक्ति की विशेष उत्कंठा से अकुंठित हो, जितेन्द्रिय होनेवाले विद्वान् लोग इस महानुभाव के निजरूप (सत्यरूप) के दर्शन करते हैं, तो कुछ लोग कहते हैं कि योगमार्ग से ही इनके दर्शन होते। और, । २३४ [म.] रमणी ! कृष्ण का रथ दूर चला गया। अब दिखायी नहीं पड़ेगा। इस कमलाक्ष को देखे बिना दिन कल्प-समान लगते हैं। अब गेहों (घरों) में रहना ही क्यों, उनके साथ चलकर सेवाएँ करते हुए, सन्तोष के साथ रहेंगी, चलो। ऐसा एक चन्द्रमुखी ने कन्दर्पाशुग-भ्रान्ता (कामदेव के बाण से भ्रान्ता) हो कहा। २३५

म. तरुणी ! यादवराजु गाडितडु वेदव्यक्तुडै यॉक्कडे
वरुसन् लोकभव स्थिति प्रळयमुल् वर्तिपगा जेयु दु-
स्तर लीलारतुडैन यीशु डितनिन् दर्शिचिति बुण्य भा-
सुर ने नंचु नटिचॅ नॉक्कतॅ महा शुद्धांतरंगंबुनन् ॥ 236 ॥

क. तामसगुणुलगु राजुलु, भूमि न्नमर्विचि प्रजल वॉलियिपग स-
त्वमलडैनुत यीतडु, भामिनि ! वारल वधिचु न्रतिकल्पमुनन् ॥ 237 ॥

सी. ई युत्तमश्लोकु डॅलसि जन्मिचिन यादव कुलमॅल्ल ननघमय्यॅ
नी पुण्यवर्तनु डे प्रॉद्दुनुंडिन मथुरापुरमु दॉड्ड महिम गनियॅ
नी पूरुषश्रेष्ठु नीक्षिचि भक्तितो द्वारकावासुलु धन्युलैरि
यी महावलशालि यॅरिगि शासिपग निष्कंटकंवय्यॅ निखिल भुवन

ते. मी जगन्मोहनाकृति निच्चगिचि,
पंचशर भल्लजाल विभज्यमान
विवश मानसमै वल्लवीसमूह,
मितनि यधरामृतमु, ग्रोलु नॅल्लप्रॉद्दु ॥ 238 ॥

उ. ई कमलाक्षु नी सुभगु नी करुणांवुधि न्राणनाथुगा
जेकॉनि देड्क गापुरमु सेयुचुनुंडॅडि रुक्मिणीमुखा

[म.] तरुणी ! यह यादव [वंश का] राजा नही है। वेद के द्वारा प्रकट होकर, एक ही ईश, जो लोक की सृष्टि, स्थिति, प्रलय को सम्भव कराता है, जो दुस्तर लीला में रत होनेवाला है [वह यही है]। पुण्य के प्रभाव से मैंने इसके दर्शन किये है, कहती हुई एक [भामा] महान् शुद्ध (पवित्र) अन्तरंग से नाच उठी। २३६ [कं.] भामिनी ! तामस गुणवाले राजा लोगों के धरती पर उत्पन्न हो, प्रजा को त्रास देने पर, यह सत्त्व गुण से अमल तनु वाला हो प्रतिकल्प मे उनका वध करता है। २३७ [सी.] इस उत्तमश्लोक वाले के जन्म लेने से समस्त यादवकुल अनघ (पापरहित) हुआ। इस पुण्यचरित वाले के सदा निवास करने से मथुरापुरी बड़ी महिमामयी बन गयी। इस पुरुषश्रेष्ठ के भक्तियुत दर्शन करने के कारण द्वारकावासी धन्य हुए। इस महान बलशाली के जानकर शासन करने से निखिल भुवन निष्कंटक (राक्षसादि की बाधाओं से मुक्त) हुए। [ते.] इसकी जगत को मोहित करनेवाली आकृति (रूप) की इच्छा (वरण) कर, पंचशर वाले (मन्मथ) के बाणों के लगने पर विवश मानसवाली हो वल्लवी (गोपी)-समूह सदा इसके अधरामृत का पान करता है। २३८ [उ.] इस कमलाक्ष वाले, इस सुभग (सुन्दर) रूप वाले, इस करुणासागर को प्राणनाथ (पति) के रूप में पाकर, गृहिणी के रूप मे सेवा करने के लिए रुक्मिणी आदि अनेक

नेक पतिव्रतल् नियति निर्मल मानसलै जगन्नुता-
स्तोक विशेष तीर्थमुल दौल्लिलटिवामुल नेमि नोचिरो ॥ 239 ॥

व. अनि यिट्लु नानाविधंबुलैन पुरसुंदरी वचनंबु लाकर्णिंचि, कटाक्षिंचि नगुचु नगरंबु वेडलॅ। धर्मजुंडुनु हरिकि रक्षकंबुलै कौलिचि नडुवं जतुरंगंबुलु बंपिन दत्सेनासमेतुलै तन तोडि वियोगंबुनकु नोर्वक दूरंबु वॅनुतगिलिन कौरवुल मरलिचि, कुरु जांगल पांचाल शूरसेन यामुन भूमुलं गडचि, ब्रह्मावर्त कुरुक्षेत्र मत्स्य सारस्वत मरुधन्व सौवीराभीर विषयंबु लतिक्रमिंचि, तत्तद्देशनिवासु लिच्चिन कानुकलु गौनुचु नानर्त मंडलंबु सौच्चि पद्मबंधुंडु पश्चिमसिंधु निमग्नुंडैन समयंबुन बरिश्रांत-वाहुंडै चनि चनि ॥ 240 ॥

अध्यायमु—११

म. जलजाताक्षुडु शौरि डगरॅ महासौधाग्र शृंगारकन्
गलहंसावृत हेमपद्म परिघा कासारकन् दोरणा

राजदेहंबुनंदु वर्तिंचु निन्नु नसत्य लोभ चौर्य दौर्जन्य दुराचार माया कलह कपट कलुषालक्ष्म्यादु लाश्रयिंचु। सत्य धर्मंबुलकु निवासंबगु ब्रह्मावर्तदेशंबुन यज्ञविस्तारनिपुणुलैन वारु यज्ञेश्वरुंडैन हरि गूर्चि यागंबु सेयुचुन्नवारु। यजिंचु वारलकु सुख प्रदानंबु सेयुचु, सकल भूतांतर्यामियै भगवंतुंडैन हरि जंगमस्थावरंबुलकु नंतरंग बहिरंगंबुल संचरिंचु वायु चंदंबुन, नात्मरूपंबु मनोरथंबु निच्चु गावुन निबुंड वलव दनुचु दंडहस्तुंडैन जमुनिकैवडि मंडलाग्रंबु साचिन राजुनकुं गलि यिट्लनियॆं ॥ 431 ॥

कं. जगतीश्वर ! नी यडिदमु,
धग धगित प्रभलतोड दट्चुग मॆरयन्
वॆंगडॆं जित्तमु गुंडॆलु,
वगिलॆडि निक नॆंदु जॊत्तु भाविपगदे ॥ 432 ॥

व. नरेंद्रा ! निनु नारोपित शरशरासुनिग सर्वप्रदेशंबुलंदुनु बिलोकिंपुचु नुन्नवाड। नॆ नॆक्कडनुंड्डु नानतिम्मनिन राजन्यशेखरुंडु प्राणिवध स्त्री द्यूत पानंबु लनियॆडु नालुगु स्थानंबुल निच्चि, मरियु नडिगिन सुवर्णमूलंबगु नसत्य मद काम हिंसा वैरंबु लनियॆडु पंचप्रदेशंबुल नीसंगि, इतर स्थलंबुल स्पृशियिंपकुंड नियमिंचॆ। इट्लु कलि-निग्रहंबु

राजा की देह में विचरण करनेवाले तुम असत्य, लोभ, चोरी, दौर्जन्य, दुराचार, माया, कलह, कपट, कलुष (दोष, पाप), अलक्ष्मी (शुभ लक्षणों का न होना) आदि (गुणो) का आश्रय लो। सत्य तथा धर्म के निवास स्वरूप ब्रह्मावर्त देश में यज्ञ के विस्तार करने में निपुण (चतुर) लोग यज्ञेश्वर-हरि के प्रति यज्ञ कर रहे हैं। यज्ञ करनेवालों को सुख प्रदान करते हुए, सकल प्राणियों के अन्तर्यामी, भगवान हरि जंगमस्थावर (चर-अचर) के अन्तरंग, वहिरंग में संचार करनेवाली वायु की भाँति, आत्मा-रूप में स्थित हो, मनोरथ (कामना) की पूर्ति करते रहता है, इसलिए तुम्हारा यहाँ ठहरना ठीक नहीं है, ऐसा कहते हुए दण्डधर वने यमराज की भाँति स्थित हो, मण्डलाग्र (तलवार) को फैलानेवाले राजा को देखकर, कलि ने इस प्रकार कहा। ४३१ [कं.] जगदीश्वर ! तुम्हारे खड्ग के धग्-धग् कान्तियों के साथ वार-वार चमकते देखकर मेरा चित्त भयभीत हुआ। सोचो, दिल फटता जा रहा है। अब मैं कहाँ प्रवेश करूँ। ४३२ [व.] नरेन्द्र ! तुम्हें [शर-शरासन से युक्त] सब प्रदेशों में (सर्वत्र) देख रहा हूँ। मैं कहाँ रहूँ? आज्ञा दो, ऐसा पूछने पर राज-शेखर ने प्राणियों का वध, स्त्री (व्यभिचार), द्यूत (जुआ), मदिरापान, नामक चार स्थान देकर और पूछने पर सुवर्ण-मूलक (धन के मूल स्थान), असत्य, मद, काम, हिंसा, वैर नामक पाँच प्रदेश देकर, अन्य स्थानों को न छूने का

चेसि, हीनंबुलैन तपश्शौच दय लनियेँडु मूडु पादंबुलु वृषभमूर्ति यैन धर्मदेवुनि किच्चि, विश्वंभरकु निर्भरंबैन संतोषंबु संपादिंचि ॥ 433 ॥

कं. गजनामधेय पुरमुन, गजरिपुपीठमुन घनुडु गलिमर्दनुडु
गजवैरि पराक्रमुडै, गजिबिजि लेकुंड दाल्चें गौरव लक्ष्मिन् ॥ 434 ॥

अध्यायमु—१८

व. इट्लु कृष्णुनि यनुग्रहंबुन नश्वत्थाम बाणवावकंबु वलन ब्रतिकि, परीक्षिन्नरेंद्रुडु ब्राह्मणशापप्राप्त तक्षकभयंबुवलन ब्राणंबुलु वोवुननि यॅरिंगि, सर्वसंगंबुलु वर्जिचि शुकुनकु शिष्युंडै, विज्ञानंबु गलिगि गंगा तरंगिणी तीरंबुनं गळेबरमु विडिचें विनुडु ॥ 435 ॥

कं. हरिवार्त लॅरुगुवारिकि, हरिपदमुलु दलचुवारि कनवरतंबुन्
हरिकथलु विनॅडिवारिकि, मरणागत मोहसंभ्रममु ले दनघा !॥ 436 ॥

कं. शुभचरितुडु हरि यरिगिन,
ब्रभविंचि धरित्रिनॅल्ल ब्रबियु गलि दा

नियमन किया। इस प्रकार कलि को दण्डित कर, वृषभ-मूर्ति धर्मदेव के नष्ट हुए तप, शौच, दया, नामक तीन चरणों को प्रदान कर, विश्वम्भरा (धरती) को अत्यन्त सन्तोष प्रदान कर। ४३३ [कं.] गजनाम वाले (हस्तिना) पुर में गजरिपु-आसन (सिंहासन) पर घनात्मा (महान्), कलि-मर्दन ने गजवैरि (सिंह) के पराक्रम के साथ, कौरव लक्ष्मी को व्याकुलताओं के बिना धारण किया। ४३४

अध्याय—१८

[व.] इस प्रकार कृष्ण के अनुग्रह से अश्वत्थामा के बाणों की अग्नि से [बचकर] जीवित रहकर, राजा परीक्षित ने ब्राह्मण के शाप से प्राप्त तक्षक के भय से प्राण जायेंगे, यह जानकर सर्वसंगतियों को त्यागकर, शुक का शिष्य बनकर विज्ञान की प्राप्ति कर, गंगा तरंगिणी (नदी) के तीर पर कलेवर (शरीर) छोड़ दिया। सुनो! ४३५ [कं.] अनघ! हरि की वार्ताएँ (समाचार, रहस्य) जाननेवालों को, हरि के चरणों का ध्यान करनेवालों को, सदा हरिकथाओं का श्रवण करनेवालों को मृत्यु के आगमन से [उत्पन्न] मोह एवं सम्भ्रम (भ्रान्ति) प्राप्त नहीं होते। ४३६ [कं.] भार्गव मुख्य! शुभ चरित वाले हरि के प्रस्थान करने के पश्चात् उत्पन्न होकर, सारी धरती में अतिशयता से फैलकर उस अभिमन्युसुत (परीक्षित)

नभिमन्युसुतुनि वेळनु,
अर्भविपक यणगियुंडॆ भार्गवमुख्या ! ॥ 437 ॥

व. इव्विधंबुन जतुस्समुद्र मुद्रिताखिल महीमंडल साम्राज्यंबु पूज्यंबुगा जेयुचु नभिमन्युपुत्त्रुंडु ॥ 438 ॥

उ. चेसिनगानि पापमुलु सेंदवु चेयदलंचि नंतटन्
जेसॆद नन्न मात्रमुन जेंदुगदा ! कलिवेळ पुण्यमुल्,
मोसमु लेददंचु नृपमुख्युडु गाचॆ गलिन् मरंदमु-
ल्लासमुतोड ग्रोलि विरुलं दॆग जूडनि तेटि कैवडिन ॥ 439 ॥

व. मरियुं ब्रमत्तुलै यधीरुलगु वारलयंदु वृकंबु चंदंबुन नॊदिगि दाचुकॊनियुंडि चेष्टिंचु गानि, धीरुलैन वारिकिं गलि वलनि भयंबु लेदनि कलि मंतंबु नॊंदिपडय्यॆ। अनिन विनि ऋषुलु सूतुन किट्लनिरि ॥ 440 ॥

सी. पौराणिकोत्तम ! ब्रदुकुमु पॆक्कॆंड्लु तामरसाक्षुनि धवळ यशमु
मरणशीलुरमैन मा कॊरॆगिंचिति कल्पितंबगु क्रतुकर्ममंद
वॊगल्चे बॊगिलि यबुद्धचित्तुलमैन ममु हरिपद पद्म मधुरसंबु
द्राविंचितिवि नीवु धन्युल मैतिमि स्वर्गमेमियु नपवर्ग मेनि

के [शासन] काल में अपने प्रभाव को दिखा न सक, कलि [पुरुष] स्वयं दबा रहा। ४३७ [व.] इस प्रकार चारों समुद्रों से परि-सीमित अखिल महीमण्डल (धरती) के साम्राज्य पर पूज्य-बुद्धि से शासन करते हुए अभिमन्यु-पुत्र ने [विचार किया कि] ४३८ [उ.] कलि के समय में (कलियुग में) में करने पर ही कही पाप लग जाते है, केवल सोचने पर पाप [का फल] नहीं लगता। [कलियुग में] पुण्यकार्य करने का विचार करने पर, करने के कथन मात्र करने से पुण्य [का फल] मिल जाता है न ! अतः कोई धोखे (हानि) की बात नही है, ऐसा सोच नृप-मुख्य (परीक्षित) ने मधुपान के बाद उल्लसित हो फूलों का नाश न करनेवाले मधुकर की भाँति, कलि की रक्षा की (वध नही किया।) । ४३९ [व.] और (यही नहीं) प्रमत्त हो, अधीर बने रहनेवालों के अन्तरंग में वृक (भेड़िये) की भाँति सिकुड़ छिपे रहकर [मौक़ा पाकर] चेष्टा करता है, किन्तु धैर्यवान लोगों को कलि से कोई भय नही है, ऐसा जानकर उसको समाप्त (वध) न किया। ऐसा कहने पर, सुनकर, ऋषियों ने सूत से इस प्रकार कहा। ४४० [सी.] हे पौराणिक-उत्तम (कथावाचकों में श्रेष्ठ) ! अनेक वर्ष जीते रहो ! मरणशील हमें तामरसाक्ष (कमल नयनवाले) के धवल यश को क्रतुकर्म के समय विदित किया (बताया), [क्रतुकर्म के] धुएँ से परितप्त हुए हम अबुद्ध चित्त वालों (अज्ञानी) को हरिचरण-कमलों का मधुरस पिलाया। हम धन्य हुए। स्वर्ग हो या अपवर्ग भागवतों की

ते. भागवत संग लवभाग्य फलमु कोडँ ?,
प्रकृति गुणहीनुडगु चक्रि भद्र गुणमु
लीश कमलासनादुलु नॅरुगलेरु,
विनियु विनजाल ननियेॅडि वॅर्रि गलडॅ ? ॥ 441 ॥

कं. श्रीपंबुलु खंडित सं, तापंबुलु गल्मषांधतमस् महोद्य-
द्दीपंबुलु पाषंड दु, रापंबुलु विष्णुवंदनालापंबुल् ॥ 442 ॥

कं. पावनमुलु दुरितलता, लावनमुलु नित्यमंगळ प्राभव सं-
जीवनमुलु लक्ष्मी सं, भावनमुलु वासुदेव पदसेवनमुल् ॥ 443 ॥

आ. परमभागवतुडु पांडवपौत्रुंडु,
शुकुनि भाषणमुल शुद्धबुद्धि
यें विराजमानुडै मुक्तियगु विष्णु
पादमूल मॅट्लु पडसॅ ? ननघ ! ॥ 444 ॥

व. महात्मा ! विशिष्ट योगनिष्ठाकलितंबु, विष्णुचरित ललितंबु, परमपुण्यंबु, सकलकळ्याणगुण गण्यंबु भागवतजनापेक्षितंबु नॅन पारीक्षितंबगु भागवताख्यानंबु विनिपंपु मनिन सूतुं डिट्लनियॅ ॥ 445 ॥

कं. मिमुबोटि पॅद्दवारलु, कमलाक्षुनि चरित मडुगगा जॅप्पॅडि भा-
ग्यमु गलिगॅ नेडु मा ज, न्ममु सफलंबय्यॅ वृद्धमान्युल मगुटन् ॥ 446 ॥

संगति के भाग्य [के फल] की लवलेश भी बराबरी कर सकता है ? [ते.] प्रकृति के गुणों से हीन (अतीत) चक्री के भद्र गुणों को ईश्वर, कमलासन (ब्रह्मा) आदि जान नहीं पाते। सुनकर भी (सुनने) का अवसर मिलने पर भी, न सुन सकनेवाला पागल कोई होगा ? ४४१ [कं.] विष्णु की वन्दना तथा (विष्णु के बारे में) सम्भाषण श्रीप्रद (सम्पत्ति प्रदान करनेवाले) हैं, सन्तापों को खण्डित करनेवाले हैं, कल्मष रूपी अन्ध-तमस् को हटानेवाले महा-उद्यत्-दीप हैं। पाषंडों के लिए दुराप (दुर्गम) हैं। ४४२ [कं.] वासुदेव का पदसेवन पावन हैं, दुरित रूपी लताओं के लिए लावन (कुदाल) है, नित्य-मंगल-प्राभव (-वैभव) के लिए संजीवन हैं और लक्ष्मी के सम्भावन (सम्मान) के मार्ग हैं। ४४३ [आ.] अनघ ! परमभागवत, पाण्डवपौत्र (परीक्षित) ने शुक के सम्भाषणों से शुद्ध-बुद्धि के साथ विराजमान हो, मुक्तिस्वरूप विष्णु-चरण के मूल को कैसे प्राप्त किया। ४४४ [व.] हे महात्मा ! विशिष्ट योग की निष्ठा से कलित, विष्णु के चरित से ललित, परमपुण्य [दायक] सकल कल्याण कर गुणों से गण्य (गणनीय), भागवत जनों के द्वारा अपेक्षित और परीक्षित से संबंधित भागवत का आख्यान सुनाओ। कहने पर सूत ने इस प्रकार कहा। ४४५ [कं.] आप जैसे बड़ों के कमलाक्ष [वाले] के चरित

कं. कुलहीनुडु नारायण,
विलसत्कथनमुलु दगिलि विनिर्पिचिनद-
त्कुलहीनत वासि महो-
ज्ज्वल कुलजत्वमुनु बॊंदु सन्मुनुलारा ! ॥ 447 ॥

सी. एव्वनि गुणजालमॆन्न जिह्वलु लेक नळिनभवादु लनंतुडंड्र.
कोरॆडु विभुदॆव्रकोटि नॊल्लक लक्ष्मि प्रार्थिचॆ नॆव्वनि पावरजमु
ब्रह्म एव्वनि पादपद्मंबु गडिगिन जलमु धन्यत निच्चॆ जनुल कॆल्ल
भगवंतु डनियॆडि भद्र शब्दमुनकु नॆव्वडधीकृति नेपु मिगुलु

आ. ने महात्मु नाश्रयिचि शरीरादि, संगकोटि नॆल्ल संहरिंचि
ाभवमुन मुनुलु पारमहंस्यंबु, नॊंदि तिरिगि राकयुंदु रॆलमि ॥ 448 ॥

च. क्रममुन मिटिकॆ यॆगयु गाक विहंगमु मिटिदैन पा-
रमु गननेर्चुनॆ ? हरिपराक्रम मोपिनयंत गाग स-
र्वमु विवरिप नॆव्वडु प्रवर्तकु डय्यॆमुलार ! नादु चि-
त्तमुनकु नॆंत गान वडॆ दप्पक चॆप्पॆद मीकु नंतयुन् ॥ 449 ॥

[के बारे में] पूछने पर, कहने का सौभाग्य आज प्राप्त हुआ। वृद्धजनों के द्वारा सम्मान्य होने से हमारा जन्म सफल हुआ। ४४६ [कं.] मुनिवर ! कुल-हीन के नारायण की विलसत् (उज्ज्वल) कथाओं को चाव से सुनाने पर, [वह] कुलहीनता से छूट (मुक्त हो) कर महोज्ज्वल कुलजत्व को प्राप्त होगा। ४४७ [सी.] जिसके गुणसमूह की गिनती करने के लिए जिह्वाओं के [बस] न होने पर, ब्रह्मादि लोग जिसे अनन्त कहते हैं, इच्छा (वरण) करनेवाले देवताओं को न चाहकर, लक्ष्मी ने जिसकी चरणधूलि के लिए प्रार्थना की, जिसके पाद-पद्म को धोकर उस जल को ब्रह्मा ने सकल जनों को दिया, भगवान नामक भद्रशब्द के अर्थ तथा आकार को जिसने सार्थक रूप में विलसित किया, [आ.] जिस महात्मा के आश्रित होकर मुनिलोग शरीर आदि अंग-कोटि का संहार कर, प्राभव से परम हंसत्व को प्राप्त कर, वापस नहीं लौटते हुए, शाश्वत तत्त्व को प्राप्त करते हैं, [वह नारायण ही है]। ४४८ [च.] मुनियो ! पक्षी क्रम से आकाश में भले ही उड़ जायें, (किन्तु) वह आकाश का पार पा सकता है क्या ? उसी प्रकार हरि-पराक्रम को यथाशक्ति ही कोई बता सकता है, (किन्तु) सब कुछ का विवरण देने में कौन समर्थ होगा ? [अस्तु] मेरे चित्त में जितना परिलक्षित हुआ, उतना अवश्य आपको सुना दूँगा। ४४९

परीक्षिन्महाराजु श्रृंगिवलन शापंबु नोंदुट

कं. वेदंड पुराधीशुडु, कोदंडमु चेतबट्टिकोनि गहनमुलो
वेदंडादुल नोंकना, डे दंडल बोवनीक येंगचेंन् बलिमिन् ॥ 450 ॥

कं. ओग्गमुलु द्रव्वि पडुमनि, योग्गेंडु पेनुवेरल वलल नुग्रमृगम्मुल्
डग्गरिन जंपुवेडुक, वेग्गलमै चित्तमंदु वेटाडिपन् ॥ 451 ॥

कं. कोलमुल गवय वृक शा, र्दूलमुल दरक्षु खड्ग रोहिष हरि शुं-
डालमुल शरभ चमर, व्यालमुल वधिचें विभुडु वडि नोलमुल् ॥ 452 ॥

कं. मृगयुलु मेंच्च नरेंद्रुडु, मृगराजपराक्रममुन मेंरसि हरिंचेंन्
मृगधरमंडलमुन गल, मृग मोक्कटि दक्क वन्यमृगमुल नेल्लन् ॥ 453 ॥

व. इट्लु वाटंबैन वेट तमकंबुन मृगंबुल वेंटं दगिलि बुभुक्षापिपासल बरिश्रांतुंडै धरणीकांतुंडु चल्लनि नीटि कोलंकुलु गानक कलंगेंडु चित्तंबुतो जनिचनि योक्क तपोवनंबु गनि यंदु ॥ 454 ॥

सी. मेंलगुट जालिंचि मीलितनेत्रुडै शांतुडै कूचुंडि जडत लेक
प्राण मनो बुद्धि पंचेंद्रियंबुल, बहिरंग वीथुल बारनीक
जागरणादिक स्थान त्रयमु दाटि परममै युंडेडि पदमु देंलिसि
ब्रह्मभूतत्त्व संप्राप्त्यविक्रियुडयि यति दीर्घ जटलु दन्नावरिंप

महाराजा परीक्षित का श्रृंगी के द्वारा शापग्रस्त होना

[कं.] वेदंड (हस्तिना)-पुराधीश [परीक्षित] ने कोदण्ड को हाथ में लेकर, अरण्य में वेदंड (हाथियों) आदि का शिकार करते हुए, उनको कहीं भाग जाने न देकर विजृंभण किया। ४५० [कं.] [जानवरों के] गिरने के लिए गड्ढे खोदकर, उग्र मृगों के लिए बड़े-बड़े जालों को फैलाकर, समीप पहुँचकर मारने के उत्साह के अत्यधिक होने पर, शिकार किया। ४५१ [कं.] कोल (जंगली वराह), गवय, वृक (भेड़िये), शार्दूल, तरक्षु, खड्ग-मृग, रोहिष (लाल हिरन), हरि (सिंह), शुंडाल (हाथी), शरभ, चमर, व्याल (साँप) आदि का राजा ने झट भालों से वध किया। ४५२ [कं.] शिकारियों के प्रशंसा करने पर, नरेंद्र (राजा) ने मृगराज (सिंह) पराक्रम से प्रकाशित होकर मृगधर-मण्डल (चंद्र) में स्थित एक मृग (हिरन) को न छोड़कर, सब वन्यमृगों का वध किया। ४५३ [व.] इस प्रकार अनुकूल बने आखेट में अत्यन्त अभिलाषा के कारण, मृगों (पशुओं) के पीछे पड़कर, बुभुक्षा (भूख) और पिपासा (प्यास) से परिश्रान्त होकर, धरणीकान्त (राजा) ने शीतल जलकुण्ड को [कहीं] न पाकर, व्याकुल चित्त से जा-जाकर, एक तपोवन को देखकर, उसमें। ४५४ [सी.] विचलित होना छोड़कर (न हिलते-डुलते), निमीलित नेत्रों (बन्द आँखों) वाला हो, शान्त हो, जड़ता को छोड़कर, प्राण, मन, बुद्धि,

ते. नलघु रुरुचर्मधारियै यलरुचुन्,
तपसि वॊडगनि शोषित तालुडगुचु
नॆंडि तडिलेनि कुत्तुक नॆलुगु डिद,
मंदभाषल डग्गरि मनुजविभुडु ॥ 455 ॥

कं. तोयमुलु दॆम्मु मा की, तोयमु वेटाडुवेळ दॊलिलि पॊडम दी
तोयमु क्रिय जलदाहमु, तोयमु वारलुनु लेरु दुस्सह मनघा ! ॥456॥

व. अनि भूवरुंडु शमीक महामुनि समाधि निष्ठुंडुनु, हरिचिंता-परुंडुनै युंडुट विचारिपक ॥ 457 ॥

उ. कन्नुलुमूसि ब्राह्मणुडु गर्वमु तोडुत नुन्नवाडु चे-
सन्नल नैन रम्मनडु सारजलंबुलु दॆच्चि पोयडे
मन्नन लैन जेयडु समग्रफलंबुलु वॆट्ट डित सं-
पन्नत नॊदॆने ? तन तपश्चरण प्रतिम प्रभावमुल् ॥ 458 ॥

आ. वारि गोरुचुन्नवारिकि शीतल, वारि निडुट यॆट्टि वारिकैन
वारितंबुगानि वलसिन धर्मंबु, वारि यिडडु दाहवारि गाडु ॥ 459

च. अनि मनुजेश्वरुंडु मृगयावसरायत तोयदाह सं-
जनित दुरंत रोषमुन संयमि दन्नु दिरस्करिंचि पू-

पंचेन्द्रियों को वहिरंग की वीथियों में प्रवाहित न होने देकर, जागरण आदि स्थान-त्रय को पारकर, परमस्वरूप पद को जानकर, ब्रह्मभूतत्व को सम्प्राप्त करने की क्रियाशीलता से युक्त हो (ब्रह्मतत्त्व में अद्वैत प्राप्त कर) अतिदीर्घ जटाओं के आवृत करने पर, [ते.] अलघु (महान्, श्रेष्ठ) रुरु (हिरन) के चर्म को धारण कर, विलसित होनेवाले तापसी को देखकर, शोषित (शुष्क) तालु (कौआ) वाले हो, गले के सूखने पर, मन्दवाणी में मनुजविभु (राजा) ने कहा। ४५५ [कं.] अनघ ! हमें तोय (जल) दो। शिकार करते समय पूर्व में (इससे पहले) यह तोय (प्रकार से) नहीं हुआ। इस तोय (प्रकार) से जलदाह (प्यास) नहीं लगा। तोय (बराबरी) वाले भी (परिजन भी) साथ नहीं हैं। दुस्सह [पीड़ा हो रही] है। ४५६ [व.] इस प्रकार भूवर ने महामुनि शमीक के समाधि-निष्ठ (स्थित) और हरि के चिन्तन में लीन होने की स्थिति का विचार न कर, ४५७ [उ.] ब्राह्मण आँखें बन्द कर गर्व के साथ है, इशारों से भी बुलाता नहीं, सारजल लाकर डालता (देता) नही, कोई आदर करता नहीं, समग्र (पके) फल ला देता नहीं, अपनी तपस्या के आचरण के अप्रतिम प्रभाव के कारण इतना सम्पन्न (घमण्डी) हो गया है ? ४५८ [आ.] वारि (जल) की चाह करनेवालों को शीतल वारि देना किसी को भी वारित न होनेवाला (अनिवार्य) धर्म है, [यह मुनि] वारि (जल) नहीं देता [और] दाहवारि (प्यास बुझानेवाला) नहीं बनता। ४५९ [च.] [इस प्रकार] सोचकर

जनमुलु सेयडंचु मृतसर्पमु नीक्कटि विटि कोपुनन्
बनिवडि तॅच्चि वॅचॅ नटु ब्रह्ममुनींद्रुनि यंसवेदिकन् ॥ 460 ॥

व. इट्लु वृथा रोषदर्पंबुन मुनिमूपुन गतासुवैन सर्पंबु निडि, नरेश्वरुंडु दन पुरंबुनकुं जनियॅ। अंत समीप वर्तुलैन मुनि कुमारुलु सूचि शमीकनंदनुंडैन श्रृंगिकडकुं जनि ॥ 461 ॥

कं. नर गंध गज स्यंदन, तुरगंबुल नेलु राजु तोयातुरुडै
परगन्नी जनकुनिमॅड, तुरगमु दगिलिचि पोयॅ नोडक तंड्री ! ॥ 462 ॥

व. अनि पलिकिन समान वयो रूप मुनिकुमार लालासंगियैन श्रृंगि श्रृंगबुलं तोडि मूर्ति धरियिंचिनट्लु विजृंभिचि रोषसंरंभंबुन नदरिपडि बलयन्नंबुल भुजिचि पुष्टंबुलगु नरिष्टबुलं बोलॅ बलिसियु, द्वारंबुलं गाचिकॉनियुंडु सारमेयंबुल पगिदि दास भूतुलगु क्षत्रियाभासु लॅट्लु ब्राह्मणोत्तमुलचे स्वरक्षकुलुग निरूपितुलैरि ? अट्टि वारि लॅट्लु तद्गृहंबुल भांड सहितंबगु नन्नंबु भुजिप नर्हुलगुदुरु ? तत्कृतंबुलैन द्रोहंबु लॅट्लु निजस्वामि जेंदु ननि मट्टियु निट्लनियॅ ॥ 463 ॥

मनुजेश्वर ने मृगया (शिकार) के अवसर पर आयत (अधिक) तोयदाह (प्यास) के कारण संजनित (उत्पन्न) दुरन्त (अत्यन्त) रोष (क्रोध) से, यह सोचकर कि संयमी (मुनि) मेरा तिरस्कार कर, [और] पूजन नहीं करता (आदर नही करता), एक मृतसर्प को धनुष की नोक से जान-बूझकर लाकर ब्रह्मज्ञानी मुनीन्द्र के अंस-वेदिका पर (छाती, गले में) डाल दिया। ४६० [व.] इस प्रकार व्यर्थ के रोष तथा दर्प के कारण, मुनि के कंधे पर मृत सर्प को डालकर, नरेश्वर अपने नगर को चला गया। तब समीप विचरण करनेवाले मुनिकुमारों ने देखकर, शमीक-नंदन श्रृंगी के पास जाकर [कहा], ४६१ [कं.] तात ! नर (प्रजा), गंधगज (मस्त हाथी), स्यंदन (रथ), तुरगों का पालन करनेवाले राजा ने तोयातुर (जल के लिए व्याकुल) हो आकर, बिना किसी संकोच के तुम्हारे पिता के गले में सर्प को लगा (डाल) कर चला गया। ४६२ [व.] ऐसा कहने पर आयु तथा रूप में अपने समान मुनिकुमारों के साथ लीला-संगी (खेल में मग्न) श्रृंगी ने श्रृंगों (सींगों) के साथ मूर्ति (रूप) धारण किया हो, ऐसा विजृंभण कर, रोष तथा संरम्भ के साथ विचलित हो, बलि के अन्न खाकर मोटे हुए अरिष्ट (कौए) के समान मोटे बने और द्वार पर रखवाली करनेवाले सारमेय (कुत्तों) के समान दास-भूत क्षत्रिय के आभास-स्वरूप राजा लोग ब्राह्मण श्रेष्ठों से अपने रक्षक के रूप में कब निरूपित हुए ? ऐसे लोग उनके घरों में भाण्डों (पात्रों) में स्थित भोजन करने में समर्थ कैसे होंगे ? उनके किये हुए द्रोह-कार्य (दुष्ट कार्य) अपने स्वामी को कैसे छू सकेंगे ? और कहा। ४६३ [उ.] दूषण करनेवालों के प्रति भी दूषण

उ. आडडु दन्नु दूपणमु, लाश्रमवासुलगानि वैरुलं
गूडडु, कंदमूलमुलु कूडुग विचु समाधि चित्तुडै
वीडडु लोनि चूड्कुलनु, विष्णुनि दक्क यर प्रपंचमुं
जूडडु मद्गुरुंडु फणि जुट्टग नेटिकि ? राचवानिकिन् ॥ 464 ॥

उ. पोमु हिरण्यदानमुलु पुच्चु कोनंग, धनंबु लेमियुं
देमु, सवंचनंबुलुग दीवेन लिच्चुचु वेसरिपगा
रामु, वनंबुलन् गृह विरामुलमै निवसिप जेल्लरे !
पामुनु वैवगा दगुनें ? ब्रह्ममुनींद्रु भुजार्गळंबुनन् ॥ 465 ॥

कं. पुडमि गल जनुलु वोगडग,
गुड्तुरु गट्टुदुरु गाक कुवलयपतुले
यडवुल निडुमल वडियेंडि,
वड्गुल मेंड निडग दगुनें ? पन्नगशवमुन् ॥ 466 ॥

कं. भगवंतुडु गोविंदुडु, जगति वेंडवासि चनिन शासिपंगा
दगुवरुलु लेमि दुर्जनु, लेंगसि महासाधु जनुल नेचेंद रकटा ॥ 467 ॥

कं. वालकुलार ! धरित्री, पालकु शपियितु ननुचु वलुविडिनि विलो
लालकुडगु मुनिकुंजर, वालकु डरिगें द्रिलोकपालकु लदरन् ॥ 468 ॥

नहीं करता, (परुपवचन नहीं बोलता), आश्रमवासियों के अतिरिक्त शत्रुवर्ग से मिलता नही, कन्दमूल को भोजन के रूप में ग्रहण करते हुए समाधि में अपने चित्त को रख, आन्तरिक दृष्टि को छोडता नहीं (अन्तर्लीन हो रहता)। विष्णु के विना अन्य संसार को देखता नहीं, ऐसे मेरे गुरु (पिता) के गले में क्षत्रिय (राजा) को सांप क्यों लपेटना चाहिए ? । ४६४ [उ.] हिरण्य-दान (स्वर्णदान) लेने के लिए हम नहीं जाते, (किसी से) किसी प्रकार का धन नहीं लाते, वंचनायुक्त रूप से आशीप देते हुए सताने नही आते, वन-प्रान्तों में गृहविराम होकर (गृहों पर आसक्ति छोड़कर) निवास करना भी संगत नही है क्या ? ब्रह्मज्ञानी मुनीन्द्र की भुजाओं रूपी अर्गला पर सांप को डालना कहाँ उचित है ? ४६५ [कं.] धरती पर स्थित जनता की स्तुतियाँ करने पर, कुवलय-पति (राजा) खा सकते हैं, पहन सकते हैं (ठाट-बाट से रह सकते है, कौन रोकता है ?) किन्तु वनों में कष्टों के पल्ले पड़कर रहनेवाले वलहीनों के गले मे पन्नगशव (सांप का शव) डालना ठीक है क्या ? ४६६ [कं.] भगवान गोविन्द (कृष्ण) के जगत को छोड़ चले जाने के पश्चात्, शासन (दंडित) करनेवाले योग्य लोगों के अभाव में दुर्जन लोग विजृंभित होकर महासाधुजनों को हाय ! सताते है ! । ४६७ [कं.] हे वालको (मित्रो) ! राजा को शाप दे दूंगा, कहते हुए, अधिक तीव्रता (तीव्रगति) से, लटों के विखर जाने पर, मुनिकुंजर (मुनिश्रेष्ठ)

व. इट्लु रोषिंचि कौषिकी नदिकिं जनि जलोपस्पर्शनंबु सेसि ॥ 469 ॥

उ. ओडक विंटिकोपुन मृतोरगमुं गोनि वच्चि माऊमा
टाडकयुन्न मज्जनकु नंसतलंबुन वेट्टि दुर्मद
क्रीड जरिंचु राजु हरकेशवु लड्डिडननैन जच्चुवो-
येडवनाडु तक्षक फणींद्र विषानल हेति संहतिन् ॥ 470 ॥

व. अनि शमीक महामुनिकुमारुंडैन शृंगि परीक्षिन्नरेंद्रुनि शपियिंचि, निजाश्रमंबुनकुं जनुदेंचि, कंठलग्न काकोदर कळेबरुंडैन तंड्रि जूचि ॥ 471 ॥

कं. इट्लैड नी कंठमुनकु, निय्युरगशवंबु देच्चि यिडु चेर्चिन या
य्य्य निक नेमि सेयुदु ? नेय्यंबुलु लेवु सुम्मु नृपुलकु दंड्री ! ॥ 472 ॥

शा. प्रारंभंबुन वेटवच्चि धरणीपालुंडु मा तंड्रिपै
नेरं बेमियु लेवु सर्पशवमु न्नेडुग्रुडै वैचिना-
डीरीतिन्, फणि क्रम्मरन् ब्रतुकुनो ! हिंसिचुनो ! कोरलन्
रारे ! तापसुलार ! दीनि दिवरे ! रक्षिपरे ! म्रोक्कैदन् ॥ 473 ॥

व. अनि सर्पंबु दिगुचु नेर्पु लेक येलुंगेत्ति विलपिंचुचुन्न कुमारकु रोदनध्वनि

का बालक त्रिलोकपालकों के भयभीत होने पर [नदी के पास] गया। ४६८ [व.] इस प्रकार रोषी (क्रोधी) हो कौशिकी नदी को जाकर, जल का उप-स्पर्श कर, ४६९ [उ.] बिना संकोच के धनुष की नोक से मृतसर्प को लाकर, जवाब न देनेवाले मेरे पिता के अंसतल (भुजाओं के ऊपरी भाग) पर डालकर, दुर्मद (गर्व) से विचरण करनेवाला राजा, हर और हरि भी क्यों न रक्षा करने आ जायें तो भी तक्षक नामक फणीन्द्र के विष की ज्वालाओं रूपी आयुध की वार से [आज से] सातवें दिन अवश्य मर जाएगा। ४७० [व.] [इस प्रकार] कहकर शमीक महामुनि के पुत्र शृंगी ने परीक्षित राजा को शाप देकर, अपने आश्रम में आकर, कंठ में लगे काकोदर (सर्प) से युक्त कलेवर वाले पिता को देखकर [कहा]। ४७१ [कं.] हे पिता ! इस प्रकार यहाँ तुम्हारे कण्ठ पर सर्प उरग (शव) को लाकर रखनेवाले उसको और क्या करूँ ? [शाप देना भी पर्याप्त नहीं है।] सच है, राजाओं के मन में (किसी के प्रति) स्नेह नहीं होता। ४७२ [शा.] धरणीपाल (राजा) ने पहले शिकार करने आकर, बिना किसी अपराध के, मेरे पिता के ऊपर, उग्र हो, इस प्रकार आज सर्प-शव को लाकर डाला ! पता नहीं, फणि (साँप) फिर से जीवित हो गया हो ! दाढ़ों से हिंसित करेगा ! आओ न तपस्वीयो ! इसे हटा दो ! रक्षा करो न ! प्रणाम करता हूँ ! । ४७३ [व.] [इस प्रकार] कहकर, साँप को हटाने की चतुराई न जानकर, ज़ोर-ज़ोर से रोनेवाले पुत्र के रोदन की ध्वनि को

विनि, यांगिरसुडैन शमीकुंडु समाधि जालिंचि मॆल्लन गन्नुलु दॆरचि मूपुन व्रेलुचुन्न मृतोरगंबु वीक्षिंचि तीसि पारवैचि कुमारकुं जूचि ॥ 474 ॥

कं. ऐकीडु नाचरिंपमु, लोकुलकुन् मनमु सर्वलोक समुलमुन्
शोकिंपनेल पुत्रक ! काकोदर मेलवच्चॆ ? गंठंबुनकुन् ॥ 475 ॥

व. अनि यडिगिन तंड्रिकि गॊडुकु राजुवच्चिच सर्पंबु वैचुटयुं दानु शपिंचुटयुनु विनिपिंचिन वंड्रि कॊडुकु वलन संतसिंपक यिट्लनियॆ ॥ 476 ॥

कं. वॆट्टिदमुगु शापमुनकु, दट्टपु द्रोहंबुगादु धरणीकांतुं
गट्टा ! येलशपिंचिति ? पट्टी ! तक्षक विषाग्नि पालगु मनुचुन् ॥477॥

आ. तल्लि कडुपुलोन दग्धुडै क्रम्मर,
गमलनाभु करुण गलिगिनाडु
बलिमि कलिगि प्रजल वालिपुचुन्नाडु,
दिट्टघडुग ! राजु विट्ट दगुनॆ ? ॥ 478 ॥

उ. कापरिलेनि गॊर्रियल कैवडि गंटक चोरकोटिचे
नेपरियुन्न वी भुवन मीशुडु कृष्णुडु लेमि निट्टिचो
भू परिपालनंबु समबुद्धि नितं डोनरिंप जॆल्लरे !
यी परिपाटि द्रोहमुन किट्लु शपिंपगनेल ? बालका ! ॥ 479 ॥

सुनकर, अंगीरस के पुत्र शमीक ने समाधि (ध्यान) को समाप्त कर, धीरे से आँखें खोलकर, कन्धे पर लटकते हुए, मरे सर्प को देखकर, [उसे] निकाल फेंककर पुत्र को देखकर [कहा]। ४७४ [कं.] पुत्र ! लोगों के प्रति (किसी के प्रति) [हम] कोई बुराई (हानि) नहीं करते। हम सब लोगों को सम भाव से देखते हैं। शोक करना (दुःखी होना) क्यों ? गले में यह काकोदर कैसे आ गया ? ४७५ [व.] ऐसा पूछने पर पिता से पुत्र ने राजा का आना, साँप का डालना और अपना शाप देना कह सुनाया। [तब] पिता ने पुत्र के किए पर प्रसन्न न होकर इस प्रकार कहा। ४७६ [कं.] क्रूर-शाप के लिए योग्य उत्कट द्रोह नहीं है। हाय ! (तुमने) धरणीकान्त (राजा) को तक्षक के विष की अग्नि के भागी बन जाने का शाप क्यों दिया ? ४७७ [आ.] माता के गर्भ में दग्ध होकर, फिर कमलनाभ वाले (विष्णु) की कृपा से उत्पन्न हुआ। वह बलशाली बन कर, प्रजा पर शासन कर रहा है। अरे समर्थ ब्रह्मचारी ! राजा को गाली (शाप) देना ठीक है क्या ? ४७८ [उ.] अरे बालक ! गड़रिये के न होने पर भेड़ों के समान यह भुवन ईश कृष्ण के न होने पर कंटक (अत्याचारी), चोर कोटि के कारण औन्नत्य खोकर है। ऐसे [अवसर] पर समबुद्धि से यह भू-परिपालन कर रहा है, [ऐसा] नहीं करना चाहिए ? इतने छोटे से द्रोह (अपराध) के लिए ऐसा शाप क्यों देना ? ४७९ [सी.] अब

सी. पापंबु नी चेत न्रापिंचे मन किक राजु नशिंचिन राज्यमंदु
बलवंतुडगुवाडु बलहीनु पशुदार हय सुवर्णादुल नपहरिंचु
जार चोरादुलु संचरिंतुरु प्रज कन्योन्य कलहंबु लतिशयिल्लु
वैदिकंबै युन्न वर्णाश्रमाचार धर्म मिंचुक लेक तप्पिपोवु

आ. नंतमीद लोकु लर्थकामंबुल, दगिलि संचरिंप धरणि नेल्ल
वर्ण संकरमुलु वच्चुनु मर्कट, सारमेय कुलमु मेर बुत्र ! ॥ 480 ॥

उ. भारतवंशजुं बरम भागवतुन् हयमेधयाजि ना
चारपरुन् महानय विशारदु राजकुलैक भूषणुन्
नीरमु गोरि नेडु मन नेलकुवच्चिन भक्ति नथि स-
त्कारमु सेसि पंप जनु गाक ! शपिंपग नीकु धर्ममे ? ॥ 481 ॥

क. भूपतिकि निरपराधमु,
शापमु दा निच्चें बुद्धि चापलमुन मा
पापडु वी डीनरिंचिन,
पापमु दोलंगिचु कृष्ण ! परमेश ! हरी ! ॥ 482 ॥

कं. पीडिंचिन विट्टिटन गोट्टिटन,
बचुंचुंदुरु गानि परम भागवतुलु दा-
रीडबडरु मारु सेयग,
गोडुका ! विभु डेग्गुसेय गोरडु नीकुन् ॥ 483 ॥

तुम्हारे कारण अब हमें पाप सम्प्राप्त हुआ। राजा के नाश होने के बाद राज्य में बलशाली व्यक्ति शक्ति-हीन [लोगों] के पशु, दारा (पत्नी), घोड़े, सोने (गहने) आदि का अपहरण करेगा। जार और चोर संचरण करेंगे। प्रजा में परस्पर कलह बढ़ जायेंगे। वेदानुसार स्थित वर्णाश्रम-धर्म, आचार-धर्म किंचित् भी न रहकर हट जायेगा। [आ.] तब लोगों के अर्थ और काम में रत होकर संचरण करने पर समस्त धरती पर बन्दर और कुत्तों की जाति की भाँति वर्णसंकर जातियाँ पैदा हो जायेंगी। ४८० [उ.] भरतवंश में उत्पन्न परम भागवत, जिसने अश्वमेध यज्ञ किया, आचारवान, महानय-विशारद, राजकुल के लिए एकैक भूषण, [ऐसे परीक्षित के] जल चाहकर हमारे प्रान्त (आश्रम) में आने पर, भक्ति के साथ अर्थि (चाहकर) समादर कर भेजना योग्य (समुचित) होता है ! शाप देना [कहाँ का] तुम्हारा धर्म है रे ! । ४८१ [कं.] हे कृष्ण ! परमेश्वर ! हरि ! निरपराधी भूपति को बुद्धि की चंचलता के कारण, मेरे पुत्र ने शाप दे दिया। ऐसे बालक के किए पाप को हटा दो न। ४८२ [कं.] चुभोने, गाली देने, मारने पर भी भागवत जन (भक्त) सहन करते हैं, किन्तु बदला लेने को तैयार नहीं होते। पुत्र ! विभु तुम्हारा बुरा करना नहीं

कं. चॅलगरु कलगरु साधुलु,
मिळितमुलै परुल दलन मेलुं गीडुन्
नॅलकॉनिनन्नॅन, नात्मकु,
नॉलयपु सुख दुःख चयमु लुग्रमु लगुचुन् ॥ 483 (अ) ॥

व. अनि इट्लु शमीक महामुनींद्रुडु कॉडुकु सेसिन पापंबुनकु संतापंबु नॉंदुचुंडॆ ॥ 484 ॥

अध्यायमु—१९

व. अंत शमीक प्रेषितुंडगु शिष्युनि वलन ना मुनिकुमारकु शापंबु विनि या यभिमन्यु पुत्रुंडु काम क्रोधादि विषयासक्तुडगु तनकु तक्षक विषाग्नि विरक्ति बीजंबगु ननुचु गरिनगरंबुनकुं जनि येकांतंबुन ॥ 485 ॥

परीक्षिन्महाराजु विप्रशापंबु नॅरिंग प्रायोपविष्टुंडगुट

उ. एटिकि वेट वोयिति? मुनींद्रुडु गाढसमाधि नुंडगा
नेटिकि दद्भुजाग्रमुन नेसिति सर्पशवंबु दॅच्चि? ने
डेटिकि वाप साहसमु ली क्रिय जेसिति? दैवयोगमुन्
दाटग रादु वेगिरम तथ्यमु गीडु जनिचु घोरमै ॥ 486 ॥

चाहते! ४८३ [कं.] साधुजन [दूसरों के कार्य में] हस्तक्षेप नही करते, दूसरों से भला-बुरा दोनों के मिलकर होने पर भी, वे आत्मा के लिए कोई सुख-दुःख-चय नहीं होते! ४८३ (अ) [व.] कहकर इस प्रकार शमीक महामुनि पुत्र के किये पाप के लिए सन्ताप करता रहा। ४८४

अध्याय—१९

[व.] तब [शमीक-प्रेषित शिष्य के द्वारा] उस मुनिपुत्र के शाप को सुनकर अभिमन्युपुत्र [काम क्रोध, अदि विषयो में आसक्त] अपने लिए [तक्षक के विष की अग्नि] वैराग्य का बीज होगा, ऐसा जानकर हस्तिनापुर को चलकर, एकान्त में (विचार किया)। ४८५

महाराजा परीक्षित का विप्र-शाप को जानकर प्रायोपविष्ट होना

[उ.] क्यों शिकार करने गया? मुनीन्द्र के गाढ़-समाधि में स्थित रहते समय सर्पशव को लाकर उनके भुजाग्र पर डाला क्यों? आज क्यों मैंने पाप [प्रद]-साहस इस क्रिया (रीति) से किया? दैवयोग (नियति) को पार नही किया जा सकता। शीघ्र ही अवश्य भयंकर अहित होनेवाला है। ४८६ [उ.] साँप के विष की अग्निज्वालाओं से प्राण भले ही चले

उ. पामु विषाग्नि कीललनु प्राणमु लेगिन नेगु गाक यी
भूमियु राज्यमुन् सतुलु भोगमु बोयिन बोवु गाक सौ
दामिनि बोलु जीवनमु दथ्यमुगा वलपोसि यिक ने
नेमनि मारु दिट्टुदु ? मुनींद्रकुमारकु दुर्निवारकुन् ॥ 487 ॥

आ. राजननुचु वोथि राज्यगर्वंबुन,
वनमु कीरकु वारि वनमु सौच्चि
दंदशूक शवमु दंड्रिपै वैचिन,
बौलिय दिट्टकेल पोवु ? सुतुडु ॥ 488 ॥

कं. गोवुलकुन् ब्राह्मणुलकु, दैवतलकु नॅल्ल प्रौद्दु दॅपुन गीडुं
गाविंचु पाप मानस, मे विधमुन बुट्टकुंड ने वारितुन् ॥ 489 ॥

व. अनि वितर्किंचे ॥ 490 ॥

कं. दामोदर पदभक्ति, गामादुल गॅल्चिनाडु गावुन गरुणन्
भूमीशु डलुग डय्यॅनु, सामर्थ्यमु गलिगि दोष संगिन् शृंगिन् ॥ 491 ॥

व. अंत मुनिकुमारुंडु शपिंचिन वृत्तांतमंतयु निट्लु वितर्किंचि तक्षक व्याळ विषानल ज्वाला जालंबुनं दनकु सप्तम दिनंबुन मरणं बनि यॅरिंगि,

---

जायें, यह धरती, राज्य, सतीगण, भोग [आदि] भले ही चले जायें, सौदामिनी (चंचला) जैसे जीवन को तथ्य (शाश्वत सत्य) मानकर उस दुर्निवार मुनिकुमार का अब मैं कैसे प्रतिदूषण (प्रतिशाप) करूँ ? ४८७ [आ.] [अपने-आप को] राजा मानकर, राजगर्व से वन (जल) के लिए उनके वन में प्रवेश कर, दंदशूक (सर्प)-शव को पिता पर डालने पर, बेटा मृत हो जाने का क्यों दूषण (शाप) न करेगा ? ४८८ [कं.] गोगण, ब्राह्मण और देवताओं के प्रति नित्य ही साहस से बुरा करनेवाले पाप-मानस (पाप-भाव) को किस विधि से, उत्पन्न होने से रोकूँ ? ४८९ [व.] ऐसा तर्क-वितर्क किया, ४९० [कं.] दामोदर (विष्णु) की पदभक्ति से काम आदि को जीत लेनेवाला होने से ,करुणा कर, दोष-संगी शृंगी पर, समर्थ होते हुए भी, भूमीश क्रोधी नहीं हुआ। ४९१ [व.] तब मुनिकुमार के शाप के सारे वृत्तान्त का इस प्रकार विचार कर, तक्षक-व्याल (सर्प) के विष की अग्नि की ज्वालाओं के समूह से सातवें दिन अपनी मृत्यु को निश्चित जानकर, भूलोक, स्वर्गलोक के भोगों को हेय मानकर, राज्य का विसर्जन (त्याग) कर, निरशन (अनशन) की दीक्षा के आचरण का संकल्प कर। ४९२ [म.] तुलसी [दल] संयुत (सहित) दैत्यों को जीतनेवाले (विष्णु) के पदरज-समूह से बढ़कर महोज्ज्वल हो, दिक्पाल-संघ के सहित, जगत के सौभाग्य का संधायिनी होकर, कलि की समस्त दोषावली को दूर करनेवाली दिविषद् (स्वर्ग)-गंगा के प्रवाह के

भूलोक स्वर्गलोक भोगंबुलु हेयंबुलनि तलँचि, राज्यंबु विसर्जिंचि, निरशन दीक्षाकरणंबु संकल्पिंचि कौनि ॥ 492 ॥

म. तुलसी संयुत दैत्याजि त्पदरज स्स्तोमंबु कंटॆम् महो
ज्ज्वलमै दिक्पतिसंघ संयुत जग त्सौभाग्य संधायियै
कलिदोषावळि नॆल्ल बापु दिविषद्गंगा प्रवाहंबु लो
पलिकि बोयि मरिष्यमाणु डगुचुं बायोपवेशंबुनन् ॥ 493 ॥

कं. चित्तमु गोविंद पदा, यत्तमु गाविंचि मौनियै तनलोन नॆ-
त्तॆरमु लेक भूवर- सत्तमुडु वसिंचॆ मुक्त संगत्वमुनन् ॥ 494 ॥

व. इट्लु पांडव पौत्रुंडु मुकुंद चरणारविंद वंदनानंद कंदायमान मानसुंडै विष्णुपदी तीरंबुनं बायोपवेशंबुन नुंडुट विनि सकललोक पावन मूर्तुलु महानुभावुलु नगुचु दीर्थंबुनकु दीर्थत्वंबु लीसंग समर्थुलैन यत्रि, विश्वामित्र, भृगु, वसिष्ठ, पराशर, (व्यास), भरद्वाज, परशुराम, देवल, गौतम, मैत्रेय, कण्व, कलशसंभव, नारद, पर्वतादुलैन ब्रह्मर्षि, देवर्षि, राजर्षि पुंगवुलु, कांडऋषुलैन यरुणादुलु मरियु नाना गोत्र संजातुलैन ऋषुलुनु शिष्य प्रशिष्य समेतुलै येतॆंचिन वारलकु दंड प्रणामंबुलु सेसि कूर्चुंड नियोगिंचि ॥ 495 ॥

कं. क्रम्मर नम्मुनि वरुलकु, नम्मनुजेंद्रुंडु म्रॊक्कि हर्षाश्रुतलुल्
ग्रम्मग मुकुलित करुडै, सम्मतमुग जॆप्पॆ नात्म संचारंबुन् ॥ 496 ॥

भीतर प्रवेश कर, मरिष्यमाण (म्रियमाण) होते हुए, प्रायोपविष्ट हुआ। ४९३ [कं.] चित्त को गोविन्द के चरणों में लगाकर, मौनी हो, अपने-आप में किसी प्रकार की व्याकुलता के विना भूवर-श्रेष्ठ मुक्त-संगी बनकर रहा। ४९४ [व.] इस प्रकार पाण्डवों के पोते के मुकुन्द के चरणारविंद की वन्दना के आनन्द मूल रूपी मन वाला होकर, विष्णुपदी (गंगा) के तट पर, प्रायोपविष्ट होते सुनकर, सकल लोकों में पवित्र मूर्ति वाले, महानुभाव, तीर्थों को तीर्थत्व प्रदान करने मे समर्थ अत्रि, विश्वामित्र, भृगु, वसिष्ठ, पराशर, [व्यास], भरद्वाज, परशुराम, देवल, गौतम, मैत्रेय, कण्व, कलशसम्भव, नारद, पर्वत आदि ब्रह्मर्षि, देवर्षि, राजर्षि-पुंगव, काण्ड-ऋषि (वेद-विभागों को कांडों में विभाजित करनेवाले ऋषि) कहलानेवाले अरुण आदि तथा नाना गोत्रों में उत्पन्न ऋषिगण के [अपने शिष्य तथा प्रशिष्यों के साथ] आने पर उनको दण्डप्रणाम कर उपविष्ट कराकर, ४९५ [कं.] और फिर उन मुनिवरों को मनुजेन्द्र (राजा) ने प्रणाम कर, आँखों में आँसू भर आने पर, हाथ जोड़कर, अपनी आत्मा के विचार प्रकट किये। ४९६ [उ.] सहनशक्ति के अभाव में महासर्प को लगाकर, क्रोधी हो, तापसी के पीठ पर रखनेवाला दारुण

उ. ओपिकलेक चच्चिन महोरगमुं गॅनिवच्चि कोपिनै
तापसु मूपुपै निडिन दारुण चित्तुड मत्तुडन् महा
पापुड मीरु पापतृण पावकु लुत्तमु लय्यलार! ना
पापमु वायु मार्गमु गृपापरुलार! विधिंचि चॅप्परे! ।। 497 ।।

उ. भूसुरपाद रेणुवुलु पुण्युल जेयु नरेंद्रुलन् धरि
त्री-सुरुलार! मी चरण रेणु कणंबुलु मेनुसोक ना
चेसिनपाप मंतयु नशिंचे गृतार्थुडनैति नॅद्दि ने
जेसिन मुक्ति पद्धतिकि जॅच्चॅर बोवगवच्चु जॅप्परे! ।। 498 ।।

कं. भीकरतर संसार व्याकुलतन् विसिगि देहवर्जनगति ना
लोकिंचु नाकु दक्षक, काकोदर विषमु मुक्ति कारण मय्यॅन् ।। 499 ।।

कं. एपारु नहंकार, व्यापारमुनंदु मुनिगि वर्तिपंगा
नापालिटि हरि भूसुर, शाप व्याजमुन मुक्तसंगुनि जेसॅन् ।। 500 ।।

म. उरगाधीश विषानलंबुनकु मे नॉप्पितु शंकिप नी-
श्वर संकल्पमु नेडु मानदु भविष्य ज्जन्म जन्मंबुलन्
हरि चिंता रतियुन् हरि प्रणुति भाषाकर्ण नासक्तियुन्
हरि पादांबुज सेवयुन् गलुग मी रर्थिन् बसादिंपरे ।। 501 ।।

कं. चूडुडु ना कळ्याणमु, पाडुडु गोविंदु मीदि पाटलु दयतो
वाडुडु हरिभक्तुल कथ, ले डहमुललोन मुक्ति केगग निच्चटन् ।। 502 ।।

(कठिन) चित्तवाला, मत्त (घमंडी) तथा महापापी हूँ। आप लोग पाप रूपी तृण (घास) के लिए पावक (आग) हैं, उन्नत हैं! आर्य! कृपामती! मेरे पाप को मिटाने के उपाय का विधान करके (निर्णय कर के) दीजिए ४९७ [उ.] धरित्रीसुर! भूसुरों के पादरेणु राजाओं को पुण्यवान करते हैं। आपके चरण-रेणु-कणके [मेरे] शरीर-स्पर्श करते ही मेरा किया समस्त पाप नष्ट हो गया, कृतार्थ हुआ। कौन सा कर्म करने से मुक्ति-पद्धति (मार्ग) को शीघ्र जा सकता हूँ, उसे बता दीजिए न। ४९८ [कं.] भीकर-तर संसार की व्याकुलता से ऊबकर, देह को त्यागने की रीति को विचारनेवाले मुझे तक्षक-काकोदर का विष मुक्ति का कारण बन गया। ४९९ [कं.] उत्कट अहंकार के व्यापार में सदा डूबकर विहार करते रहने पर हरि ने भूसुर के शाप के मिस मुझे मुक्त-संग बना दिया। ५०० [म.] उरगाधीश (सर्पराज) के विष की अग्नि को शरीर सौंप दूंगा। इसमें कोई सन्देह नहीं करूँगा। ईश्वर का संकल्प आज न होकर नहीं रहेगा। [किन्तु] भविष्य के जन्म-जन्मान्तरों में भी हरि के चिन्तन की रीति, हरि के प्रणति (स्तोत्र), संभाषण सुनने की आसक्ति हरि के चरणांबुज की सेवा प्राप्त हो जाय, ऐसा मुझे चाहकर [उपाय] प्रसादित करें। ५०१ [कं.] मेरा कल्याण (शुभ)

कं. अम्मा ! निनु जूचिन नरु,
बॊम्मायनि मुक्तिकडकु बुत्त वट कृपन्
लॆम्मा नी रूपमुतो,
रम्मा ना कॆदुरु गंग ! रम्यतरंगा ! ॥ 503 ॥

व. अनि तनकुमीद नय्यॆडि जन्मांतरंबुलंदैन सर्वजंतु सौजन्यंबु संधिल्लुं गाक यनि, गंगा तरंगिणी दक्षिण कूलंबुनन् बूर्वाग्र दर्भासनंबुन नुत्तराभिमुखुंडै युपवेशिंचि, जनमेजयु रप्पिंचि राज्यभारंबु समर्पिंचि, यत्नंबु संसार बंधंबुनकु दप्पिंचि चित्तंबु हरिकि नॊप्पिंचि, परमभागवतुंडैन पांडवपौत्रुंडु प्रायोपविष्टुंडैयुन्न समयंबुन ॥ 504 ॥

कं. ऒत्तिलि पॊगडुचु सुरलु वि,
यत्तलमुन नुंडि मॆच्चि यलरुल वानल्
मॊत्तमुलै कुरिसिरि नृप,
सत्तमुपै भूरि भेरि शब्दंबुलतोन् ॥ 505 ॥

व. आ समयंबुन सभासीनुलैन ऋषु लिट्लनिरि ॥ 506 ॥

म. क्षितिनाथोत्तम ! नी चरित्रमु महाचित्रंबु मी तातलु लु-
ग्र तपोधनयुलु विष्णुपार्श्व पदविन् गामिंचि राजन्य शो-

हो, ऐसा देखिए (कीजिए)। कृपा कर गोविन्द सम्बन्धी गीत गाइए और हरिभक्तों की कथाएँ कहिए, ताकि सात दिनों में मैं यहाँ से मुक्ति के लिए प्रस्थान करूँ! ५०२ [क.] माँ ! गंगा ! रम्य तरंग वाली ! सुना है, तुम्हारे दर्शन करनेवालों पर दया करके 'जाओ' कहकर मुक्ति के यहाँ भेज देती हो। अपना [निज] रूप लेकर मेरे सम्मुख आ जाओ ! ५०३ [व.] और यह कहकर कि आगे के (भावी) जन्मान्तरों में भी [मुझमें] सर्वजन्तु (प्राणियों) के प्रति सौजन्यभाव बना रहे। (और) गंगा नदी के दक्षिण कूल (तट) पर, पूर्वाग्र वाला (जिसके कोने पूर्व की तरफ़ हों), दर्भासन बिछाकर, उत्तर की ओर अभिमुख हो, उपविष्ट हो (बैठकर) जनमेजय को बुलाकर (उसे) राज्य-भार सौंपकर, संसार में बँधे, रहने के प्रयत्न को छोड़कर, चित्त को हरि पर स्थिर रख, परम भागवत पाण्डव-पौत्र प्रायोपविष्ट हुआ, उस समय में, ५०४ [कं.] बड़ी प्रशंसा करते हुए, देवताओं ने वियत्तल (आकाश) से प्रशंसा करते हुए, नृपसत्तम (राजा) पर भूरि-भेरी की ध्वनियों के साथ लगातार पुष्प-वर्षा की। ५०५ [व.] उस समय में सभा में आसीन (बैठे हुए) ऋषियों ने इस प्रकार कहा। ५०६ [म.] क्षितिनाथ-उत्तम (श्रेष्ठ राजा) ! तुम्हारा चरित्र अतिविचित्र है। तुम्हारे दादा उग्रतपोधनी हैं। विष्णु के पार्श्व में स्थित रहने के पद की कामना कर, अनेक राजाओं से

भित कोटीर मणिप्रभान्वित महापीठंबु वर्जिंचि उ-
न्नतुलै नीवु महोन्नतुंडवु गदा! नारायण ध्यायिवै ॥ 507 ॥

म. वसुधाधीश्वर! नीवु मर्त्यतनुवुल् वर्जिंचि निश्शोकमै
व्यसन च्छेदकमै रजोरहितमै वर्तिंचु लोकंबु स-
र्वसमत्वंबुन जेरु नंतकु भवद्वाक्यंबुलन् विंचु ने
देसकुं बोवक चूचुचुंडेदमु नी दिव्य प्रभावंबुलन् ॥ 508 ॥

व. अनि इट्लु पक्षपात शून्यंबुलुनु महनीय माधुर्य गांभीर्य सौजन्य धुर्यंबुलुनु नैन भाषणंबु लाडुचु मूडुलोकंबुलकु नव्वलिदैन सत्यलोकंबुनंदु मूर्ति मंतंबुले नेगडुचुन्न निगमंबुल चंदंबुनन् देजरिल्लुचुन्न ऋषुलं जूचि भूवरुंडु नारायण कथा श्रवण कुतूहलुंडै नमस्करिंचि यिट्लनियें ॥509॥

कं. एडु दिनंबुल मुक्ति, गूडग ने रीति वच्चु गुरु संसार
क्रीडन मे क्रिय नेडतेंगु, जूडुडु मा तंड्र लार! श्रुतिवचनमुलन् ॥ 510 ॥

शा. प्राप्तानंदुलु ब्रह्मबोधन कळापारीणु लात्म प्रभा
लुप्ताज्ञानुलु मीर लार्युलु दयाळुत्वाभिरामुल् मनो
गुप्तंबुल् सकलार्थ जालमुलु मीकुं गानवच्चुं गदा!
सप्ताहंबुल मुक्ति कोंगेडु गतिन् जर्चिंचि भाषिंपरे ॥ 511 ॥

सुशोभित कोटिर (किरीट)-मणियों की प्रभा से विलसित महापीठ (सिंहासन) को त्यागकर, उन्नत हुए। तुम नारायण के ध्यान में महोन्नत हुए हो। ५०७ [म.] वसुधाधीश्वर! मर्त्य-तनु (-शरीरों) को छोड़कर, शोकरहित, व्यसन का छेदक, रजो [गुण] रहित होकर प्रवर्तित होनेवाले लोक को सर्व समभाव से तुम्हारे प्राप्त होने तक तुम्हारे वचनों को सुनते हुए, कहीं अन्यत्र न जाते हुए, तुम्हारे दिव्य प्रभाव को देखते रहेंगे। ५०८ (व.) कहकर, ऐसे पक्षपात शून्य (रहित), महनीय माधुर्य, गाम्भीर्य, सौजन्यपूर्ण वचन कहते हुए, तीनों लोकों के उस पार के सत्यलोक में मूर्तिमान हो, प्रसिद्ध वेदों के समान तेजोमान ऋषियों को देखकर भूवर ने नारायण के कथा-श्रवण मे कौतूहल-भाव रखकर, नमस्कार कर, इस प्रकार कहा। ५०९ [कं.] मेरे पिताओ (गुरजनो)! सात दिनों में किस विधि से मुक्ति की प्राप्ति कर सकते हैं, (और) गुरु संसार की क्रीड़ा को किस रीति से तोड़ सकते है? इसे श्रुतिवचन सम्मत रूप से वताइए। ५१० [शा.] [आप लोग] आनन्द को प्राप्त कर चुके हैं। ब्रह्म-बोधन की कला में पारंगत हैं, आत्म-प्रभा से अज्ञान को लुप्त कर चुके हैं, आप आर्य (श्रेष्ठ) हैं, दयालुता से अभिराम है। मन मे गुप्त रूप में स्थित सकल अर्थ-समूह आपको दिखाई पड़ते है न! सात दिनों में मुक्ति को प्राप्त करने की विधि को चर्चित कर कहिए न। ५११ [व.] इस प्रकार उत्तरा के

व. अनि युत्तरानंदनुंडाडिन वचनंबुलकु मुनुलंदरु प्रत्युत्तरंबु विमर्शिचुनॆड दैवयोगंबुन ॥ 512 ॥

शुकमहर्षि परीक्षिम्महाराजु नॊद्द कॆतॆंचुट

सी. प्रति निमेषमु परब्रह्मंबु वीक्षिचि मदि जॊविक वॆलुपल मरचुवाडु
कमलंबु मीदि भृंगमुल कंवडि मोमुपै नॆरसिन केशपटलि वाडु
गिरिव्रासि माय नंगीकरिचनि भंगि वसनंबु गट्टक वच्चुवाडु
संगि गाडनि वॆंट जाटु भूतमुलु ना बालुर हास शब्दमुलवाडु

ते. महित पद जानु जंघोरु मध्य हस्त,
बाहु वक्षो गळानन फालकर्ण
नासिका गंडमस्तक नयन युगळु,
डॆन यवधूतमूर्ति वाडरुगुदॆंचॆ ॥ 513 ॥

उ. ईरनि लोकुलं गिनिसि यॆग्गुलु वल्कनि वाडु गोरिकल्
गोरनिवाडु गूटुवल गूडनिवाडु वृथाप्रपंचमुन्
जेरनिवाडु दैवगति जेरिन लाभमु सूचि तुष्टुडै
नेरनि वानि चंदमुन नेर्पुलु सूपॆडुवाडु वॆडियुन् ॥ 514 ॥

नन्दन (परीक्षित) के कहे वचनों के प्रति-उत्तर देने के लिए (सब मुनि) विचार करते रहे। उस समय दैवयोग से। ५१२

शुक महर्षि का राजा परीक्षित के यहाँ आगमन

[सी.] प्रति निमेष (पल) परब्रह्म के दर्शन कर, मन ही मन परवश हो, बाहर की दुनिया को भूलनेवाला, कमलों पर मँड़रानेवाले भ्रमरगण की भाँति मुख पर बिखरे हुए केश पटलि (जाल) वाला, रेखा खींचकर माया को अस्वीकृत करने की रीति (शरीर-बंधन तक ही माया के अस्तित्व को मानकर), बिना वस्त्र पहने आनेवाला, यह संगी नहीं (मुक्तसंगी) है, ऐसा कहते हुए बच्चों-सहित सब प्राणियों के हँसी-मजाक़ करते हुए आने पर भी ध्यान न देनेवाला, [ते.] महिमा से युक्त चरण, घुटने, जांघ, ऊरु, मध्य (कमर), हाथ, बाहु (भुजाएँ), वक्ष, गला, आनन (मुख), फाल (माथा), कर्ण, नासिका, गाल, मस्तक, नयन-युगल वाला, अवधूत मूर्ति वाला आ पहुँचा। ५१३ [उ.] न देनेवाले लोगों पर क्रोधित होकर भला-बुरा न कहनेवाला, कोई इच्छाएँ न रखनेवाला, भीड़ के साथ न रहनेवाला, वृथा (निरर्थक)-संसार की संगति न करनेवाला, दैवयोग से प्राप्त लाभ को देखकर सन्तुष्ट हो, अनजाने की भाँति चतुराई (अभिनय) बरतनेवाला, और भी, ५१४ [आ.] उस महात्मा के सोलह साल की

आ. अम्महात्मु षोडशाब्द वयो रूप, गमन गुण विलास कौशलमुलु
मुक्तिकांत सूचि मोहि यगु नन, नितर कांतलॅल्ल नेमि चॅप्प ॥ 515 ॥

आ. वॅऱ्ऱितनमु मानि विज्ञानमूर्तियै, ब्रह्मभावमुननु बर्यटिंप
वॅऱ्ऱियनुचु शुकुनि वॅंट नेतॅंतुरु, वॅलदु लर्भकुलुनु वॅरॅ लगुचु ॥ 516 ॥

व. इट्लु व्यासनंदनुंडैन शुकुंडरुगुदॅंचिन नंदलि मुनींद्रु ला महानुभावुनि प्रभावंबुतॅरंगॅरुंगुदुरु गावुन निजासनंबुलु विडिचि प्रत्युत्थानंबु सेसिरि। पांडव पौत्रुंडु ना योगिजन-शिखामणिकि नतिथिसत्कारंबु गाविंचि दंड प्रणामंबु सेसि पूजिंचॅ। मऱ्ऱियु ग्रह नक्षत्र तारक मध्यंबुनं देजरिल्लु राकासुधाकरुंडुनुं बोलॅ ब्रह्मर्षि, देवर्षि, राजर्षि मध्यंबुनं गूचुंडि विराजमानुंडैन शुकयोगींद्रुं गनुंगॉनि ॥ 517 ॥

उ. फालमु नेलमोपि भयभक्तुलतोड नमस्करिंचि भू-
पालकुलोत्तमुंडु करपद्ममुलन् मुकुळिंचि नेडु ना
पालिटि भाग्यमॅट्टिदियो! पावनमूर्तिवि पुण्यकीर्ति वी
वेळकु नीवु वच्चिति विवेक विभूषण! दिव्यभाषणा! ॥ 518 ॥

म. अवधूतोत्तम! मंटि नेडु निनु डायं गंटि नी वंटि वि-
प्रवरुन् बेकॉनु नंतटन् भसितमौ पापंबु ना बोटिकिन्

आयु, रूप, गमन, गुण-विलास तथा कौशल को देख मुक्तिकान्ता (स्वयं) ही जब मोहित हो जाए तो अन्य वनिताओं की क्या कहूँ? ५१५ [आ.] पागलपन छोड़कर विज्ञान की मूर्ति बनकर (आत्मज्ञानी हो), ब्रह्मभाव (परब्रह्मतत्त्व) में लीन हो, विचरण करने पर, शुक को पागल कहते हुए, रमणियाँ तथा अर्भक (बालक) पागल (आकृष्ट) हो पीछे-पीछे चलते हैं। ५१६ [व.] इस प्रकार व्यास-नन्दन (-पुत्र) शुक [योगी] के आने पर, वहाँ के मुनीन्द्रों ने उस महानुभाव के प्रभाव की रीति (महत्त्व) को जाननेवाले होने के कारण अपने-अपने आसन छोड़कर प्रति-उत्थान किया (स्वागत किया)। पाण्डव-पौत्र ने योगिजन-शिखामणि (श्रेष्ठ) का अतिथि-सत्कार कर, दण्डप्रणाम कर, पूजा की। और फिर ग्रह, नक्षत्र, तारिकाओं के मध्य तेजोरूप में विराजित होनेवाले राका-सुधाकर (चन्द्र) की भाँति ब्रह्मर्षि, देवर्षि, राजर्षि के मध्य उपविष्ट शुक योगी को देखकर, ५१७ [उ.] धरती पर माथा टेककर भय तथा भक्ति के साथ नमस्कार कर, भूपाल-कुलोत्तम (राजा) ने कर-कमल मुकुलित (जोड़) कर कहा कि हे विवेक-विभूषण! दिव्यभाषण वाले! तुम पावनमूर्ति हो। पुण्य कीर्ति वाले हो। पता नहीं, आज मेरा भाग्य कैसा है जो इस समय यहाँ पधारे हो! ५१८ [म.] अवधूतों में उत्तम! [तुम्हें पाकर मैं] जी गया, आज तुम्हें निकट से देख पाया। तुम जैसे

भवदालोकन भाषणार्चन पद प्रक्षाळन स्पर्शना
दि विधानंबुल मुक्ति चेपट्टुट चिंतिपंग नाश्चर्यमे ? ॥ 519 ॥

कं. हरिचेतनु दनुजेंद्रुलु, धर मग्गॅडु भंगि नी पदस्पर्शमुचे
गुरु पातक संघंबुलु, पॅरिमालुगदय्य योगिभूषण ! विंटे ॥ 520 ॥

म. ऑलमिन् मेनमरंदियै सचिवुडै ये येटि मा तातलन्
वलिमिन् गाचि समुद्रमुद्रित धरं बट्टंबु गट्टिच्चॅ न-
ग्यलघुं डीशुडु चक्रि रक्षकुडु ना कन्युल् विपद्रक्षकुल्
गलरे ? वेडॅद भक्ति ना गुणनिधि गारुण्य वारान्निधिन् 521 ॥

सी. अव्यक्तमार्गुडवैन नी दर्शन माऱडि वोनेर दभिमतार्थ
सिद्धि गाविंचुट सिद्धंबु नेडॅल्लि देहंबु वर्जिचु देहधारि
केमि चिंतिंचिन नेमि जपिंचिन नेमि गाविंचिन नेमि विनिन
नेमि सेविंचिन नॅन्नडु संसार पद्धति वासिन पदवि गलुमु

ते. नुंडुमनराडु गुरुडवु योगविभुड,
वरय मॉदवुनु पिदिकिन यंततडवु
गानि यॅक दॅसनुंडवु करुण तोड,
जॅप्पवे तंड्रि मुक्तिकि जेरु तॅरुवु ॥ 522 ॥

विप्रवर का नाम लेते ही पाप भस्म हो जाता है। भवत् (तुम्हारे) दर्शन, भाषण, अर्चना, पद-प्रक्षालन (चरण धोना), स्पर्श आदि विधि-विधान से मुझ जैसे व्यक्ति को मुक्ति की प्राप्ति होना सोचने पर कहीं आश्चर्य की बात होगी ? (नहीं है)। ५१९ [कं.] योगिभूषण ! सुना है कि हरि के हाथों में जिस प्रकार दनुजेन्द्र मिट्टी में मिल जाते हैं, उसी प्रकार तुम्हारे चरण स्पर्श से गुरु (बड़े) पाप-समूह मिट जाते हैं। ५२० [म.] अतिशय रूप से भतीजा हो, सचिव हो, जिस श्रेष्ठ व्यक्ति ने, हमारे दादाओं को बल से रक्षा कर, समुद्र मुद्रित धराराज्य का पट्टाभिषिक्त किया, ऐसे अलघु (महान्) ईश, चक्री, रक्षक को छोड़ विपदाओं से मेरी रक्षा करनेवाले अन्य कौन है। [अस्तु] भक्ति के साथ उस गुणनिधि, करुणा वारान्निधि (सागर) की प्रार्थना करूँगा। ५२१ [सी.] अव्यक्त मार्ग वाले तुम्हारे दर्शन का व्यर्थ न जाकर, [मेरे] अभिमत (इष्ट) की सिद्धि करना तो निश्चित है। आज कल मे शरीर को छोड़नेवाले देहधारी को कौन-सा चिन्तन करने से, कौन-सा जप करने से, क्या करने से, क्या सुनने से, किसकी सेवा करने से संसार की पद्धति से छूटे [मुक्ति] पद की प्राप्ति होगी। [बताओ।] [ते.] तुम गुरु एवं योगिराज हो, ठहर जाने के लिए तो नहीं कह सकता, क्योंकि सुना है कि गोदोहन-समय पर्यन्त भी तुम एक जगह नहीं ठहरते। तात ! कृपा कर मुक्ति पाने की रीति बताओ न। ५२२

व. अनि परीक्षिन्नरेंद्रुडु बादरायणि नडिगें ननि चेंप्पि ॥ 523 ॥

कं. राजीवपत्र लोचन ! राजेंद्र किरीटघटित रत्नमरीचि
भ्राजित पादांभोरुह ! भूजन मंदार ! नित्य पुण्यविचारा ! ॥ 524 ॥

मा. अनुपम गुणहारा ! हान्यमानारिवीरा !
जन विनुत विहारा ! जानकी चित्त चोरा !
दनुज घनसमीरा ! दानव श्री विदारा !
घन कलुष कठोरा ! कंधि गर्वापहारा ! ॥ 525 ॥

ग. इति श्रीपरमेश्वर करुणाकलित कविता विचित्र, केसनमंत्रि पुत्र, सहज पांडित्य, पोतनामात्य प्रणीतंबैन, श्रीमहाभागवतंबनु महापुराणंबुनंदु, नैमिशारण्य वर्णनंबुनु, शौनकादुल प्रश्नंबुनु, सूतुंडु नारायणावतार सूचनंबु सेयुटयु, व्यास चिंतयु, नारदागमनंबुनु, नारदुनि पूर्वकल्प वृत्तांतंबुनु पुत्रशोकातुरयैन द्रुपद राजनंदन कर्जुनुं डश्वत्थामनु देच्चि यॊप्पगिंचि विडिपिंचुटयु, भीष्मनिर्याणंबुनु, धर्मनंदनु राज्याभिषेकंबुनु, गोविंदुनि द्वारकागमनंबुनु, विराट कन्यका गर्भ पीड्यमानुंडैन यर्भकु नश्वत्थाम बाणानलंबु वलनं वापि विष्णुंडु रक्षिंचुटयु, परीक्षिज्जन्मंबुनु

[व.] इस प्रकार राजा परीक्षित ने बादरायण (शुकयोगी) से पूछा। यह कहकर। ५२३ [कं.] राजीवपत्न लोचन वाले (कमलदल लोचन वाले)! राजेन्द्रों के किरीटों में विजड़ित रत्नों की मरीचियों (कान्तियों) की लहरियों से विलसित चरण-कमल वाले! भू-जन के लिए मन्दार-स्वरूप! नित्य (सदा) पुण्य विचार करनेवाले! ५२४ [मा.] अनुपम गुणों के हार वाले! हन्यमान (मार डाले जानेवाले) अरिवीर वाले! जन-विनुत-विहार (आचरण) वाले! जानकी के चित्त की चोरी करने वाले! दनुज (राक्षस) रूपी मेघों के लिए समीर! दानव की श्रीसम्पदाओं को विदारित करनेवाले! महान् कलमष के लिए कुठार-स्वरूप! कंधि (समुद्र) के गर्व को हटानेवाले! [श्रीरामचन्द्र! नमन स्वीकार हो।] ५२५ [ग.] यह श्री परमेश्वर की कृपा से विलसित, कविता से विचित्र केसन मंत्री का पुत्र, सहजपण्डित, पोतनामात्य से प्रणीत (विरचित) श्रीमहाभागवत नामक महापुराण के नैमिशारण्य-वर्णन और शौनकादि का प्रश्न और सूत के नारायण के अवतार की सूचना देना, और व्यास की चिन्ता और नारद का आगमन और नारद के पूर्वकल्प का वृत्तान्त-(कथा); पुत्र-शोकातुरा द्रुपदराजनन्दना की तृप्ति के लिए अर्जुन के अश्वत्थामा को पकड़ लाकर सौंपना और छुड़ाना और भीष्म का निर्याण और धर्मनन्दन का राज्याभिषिक्त होना और गोविन्द का द्वारका-गमन, विराट की कन्या के गर्भ में पीड़ित होनेवाले अर्भक (शिशु) को अश्वत्थामा

गांधारी धृतराष्ट्र विदुर निर्गमंबुनु, नारदुंडु धर्मजुनिकि गालसूचनंबु सेयुटयु, कृष्णावतार विसर्जनंबु विनि पांडवुलु महापथंबुनं जनुटयु, दिग्विजयंबु सेयुचु नभिमन्यु पुत्रुंडु शूद्रराज लक्षणुंडगु कलि गर्वंबु सर्वंबु मापि गोवृषाकारंबुल नुन्न धरणी धर्मदेवतल नुद्धरिंचुटयु, श्रृंगिशाप भीतुंडै, युत्तरानंदनुंडु गंगातीरंबुनं ब्रायोपवेशंबुन नुंडि शुक दर्शनंबु सेसि मोक्षोपायं बडुगुटयु, ननु कथलुगल प्रथम स्कंधमु संपूर्णमु ।। 526 ।।

के बाणों की अग्नि को दूर कर विष्णु का रक्षा करना और परीक्षित का जन्म, गान्धारी-धृतराष्ट्र-विदुर का निर्गमन और नारद के धर्मराज को काल की सूचना देना, कृष्णावतार के विसर्जन को सुनकर पाण्डवों का महाप्रस्थान करना; और दिग्विजय करते हुए अभिमन्युपुत्र के शूद्रराज कलि के समस्त गर्व को मिटाकर, गोवृषाकार में स्थित धरती तथा धर्मदेवताओं का उद्धार करना, और श्रृंगी के शाप से भयभीत हो, उत्तरानन्दन के गंगा तट पर प्रायोपविष्ट हो, शुक के दर्शन कर, मोक्ष का उपाय पूछ लेना, आदि कथाओं से युक्त प्रथम स्कन्ध सम्पूर्ण है । ५२६

ॐ

(द्वितीय स्कन्धमु)

कं. श्रीमद्भक्त चकोरक, सोम ! विवेकाभिराम ! सुरविनुत गुण-
स्तोम ! निरलंकृतासुर, रामा सीमंतसीम ! राघव रामा ! ॥ 1 ॥

अध्यायमु—१

व. महनीय गुण गरिष्ठुलगु नम्मुनि श्रेष्ठुलकु निखिल पुराणव्याख्यान वैखरी समेतुंडैन सूतुं डिट्लनियॆ। अट्लु परीक्षिन्नरेंद्रुनकु शुकयोगींद्रुं डिट्लनियॆ ॥ 2 ॥

शुकुंडु परीक्षितुनकु मुक्ति मार्गंबु दॆलुपुट

सी. क्षितिपति ! नी प्रश्न सिद्धंबु मंचिदि यात्मवेत्तलु मॆत्तु रखिलशुभव
माकर्णनीयंबु लयुतसंख्यलु गल वंडु मुख्यंबिदि यखिल वरमु

(द्वितीय स्कन्ध)

[कं.] हे भक्त रूपी चकोरकों के लिए चन्द्र ! विवेक से अभिराम ! सुरों से विनुत (संस्तुत) गुण-स्तोम (समूह) वाले ! असुर-रामाओं (राक्षस-स्त्रियों) की [सीमन्त रेखाओं को] निरलंकृत कर देनेवाले (राक्षसों का वध कर, उनकी सतियों के सुहाग मिटा देनेवाले) ! हे राघव राम ! (तुम्हें नमन) । १

अध्याय—१

[व.] महनीय गुणों से गरिष्ठ (श्रेष्ठ) उन मुनिश्रेष्ठों से निखिल (सकल) पुराणों के व्याख्यान की वैखरी (रीति) से युक्त सूत ने यों कहा । इस प्रकार परीक्षित-नरेन्द्र से शुकयोगीन्द्र ने ऐसा कहा । २

शुक का परीक्षित को मुक्ति-मार्ग विदित करना

[सी.] क्षितिपति (राजा) ! तुम्हारा प्रश्न श्रेष्ठ है । आत्मविद् पुरुष (इसे सुनकर) प्रसन्न होंगे । [यह] सकल शुभदायक है । आकर्णनीय (सुनने योग्य) [वचन] दस हज़ारों की संख्या में हैं । उनमें यह प्रधान

गृहमुललोपल गृहमेधुलगु नरुलात्मतत्त्वमु लेशमैन नॆऱुग
रंगनारतुल निद्रासक्ति जनु रात्रि, पोव गुटुंबार्थबुद्धि नहमु

आ. पशु कलत्र पुत्र बांधव देहादि, संघमॆल्ल वमकु सत्यमनुचु
गापुरमुलु सेसि कडपट जत्तुरु, कनियु गान रंत्यकालसरणि ॥ 3 ॥

कं. कावुन सर्वात्मकुडु म, हाविभुडु विष्णु डीशु डाकर्णिपन्।
सेविपनु वर्णिपनु, भाविपनु भाव्यु डभव भाजिकि नधिपा! ॥ 4 ॥

आ. जनुलकॆल्ल शुभमु सांख्ययोगमु दानि, वलन धर्मनिष्ठवलन नॆन
नंत्यकालमंदु हरिचिंतसेयुट, पुट्टुवुनकु फलमु भूवरेंद्र! ॥ 5 ॥

ते. अरसि निर्गुण ब्रह्मंबु नाश्रयिंचि,
विधि निषेधमु लॊल्लनि विमलमतुलु
सेयुचुंदुरु हरिगुण चिंतनमुलु,
मानसंबुल नॆप्पुडु मानवेंद्र ॥ 6 ॥

सी. द्वैपायनुंडु मा तंड्रि द्वापरवेळ ब्रह्मसम्मितमैन भागवत
पठनंबु सेयिंचॆ ब्रह्म-तत्परुडनै युत्तमश्लोक लीलोत्सवमुन
नाकृष्ट चित्तुंडनै पठिंचिति नीवु हरिपाद भक्तुंडवगुट जेसि
यॆरिगिंतु विनवय्य! यी भागवतमुन विष्णुसेवाबुद्धि विस्तरिल्लु

है, यह अधिकतर (श्रेष्ठ) है। [अपने-अपने] घरों में गृहमेधी (गृहस्थ) मनुष्य आत्मतत्त्व को लेश (किंचित्) भी न जानते है, अंगना-रति (स्त्रीसुख) तथा निद्रा की आसक्ति में रात और परिवार के लिए सोचने में दिन बीतता है। [आ.] पशु, कलत्र (पत्नी), पुत्र, बांधव, देह आदि समूहों को अपने लिए सत्य मानकर, गृहस्थी मे मग्न हो अन्त में मर जाते हैं। अन्त्यकाल की सरणि (विधान) को देखकर (जानकर) भी अनदेखा कर जाते हैं। ३ [कं.] इसलिए हे अधिप (राजा)! अभव-भाजी (जन्म-राहित्य की सिद्धि की इच्छा करनेवालों) के लिए [वह] सर्वात्मा, महाविभु, विष्णु, ईश, श्रवण, सेवा, वर्णन तथा भावना (ध्यान) करने योग्य है। ४ [आ.] हे भूवरेन्द्र! समस्त जन के लिए सांख्ययोग शुभकर है। उसके द्वारा अथवा धर्मनिष्ठा के कारण ही सही अन्त्य काल मे हरि की चिन्ता (चिन्तन) करना जन्म लेने का फल है। ५ [ते.] हे मानवेन्द्र (राजा)! सोच-विचार कर निर्गुण-ब्रह्म के आश्रित होकर, विधि-निषेध को न चाहनेवाले, विमल मति वाले [अपने] मन में सदा हरिगुणों का चिन्तन करते रहते हैं। ६ [सी.] मेरे पिता द्वैपायन (व्यास) ने द्वापर की वेला मे, ब्रह्म-सम्मित (-उपदिष्ट) भागवत का पठन करवाया। [मैंने] ब्रह्म-तत्पर होकर, उत्तम श्लोक वाले (श्रेष्ठ गुणों से विलसित होनेवाले) की लीला के उत्सव से आकर्षित-चित्त वाला होकर पठन (अध्ययन) किया। तुम्हारे हरिचरण के भक्त होने के कारण विदित करूँगा। सुनो! इस भागवत से विष्णु-सेवा

आ. मोक्षकामुनकु मोक्षंबु सिद्धिंचु, भवभयंबु लॆल्ल बासिपोवु
योगि संघमुनकु नुत्तम व्रतमुलु, वासुदेव नामवर्णनमुलु ॥ 7 ॥

त. हरि नॆऱुंगक यिंटिलो बहुहायनंबुलु मत्तुडै
पॉरलुचुंडॆडि वॆर्रि मुक्तिकि बोवनेर्चुने ? वाडु सं-
सरणमुं बॆडबाय डॆन्नडु सत्य मा हरिनाम सं-
स्मरण मोक्क मुहूर्तमात्रमु सालु मुक्तिदमौ नृपा ! ॥ 8 ॥

सी. कौरवेश्वर ! तॊल्लि खट्वांगुडनु विभुंडिल नेडु दीवुल नेलुचुंडि
शक्रादि दिविजुलु संग्रामभूमुल नुग्रदानवुलकु नोडि वच्चि
तमकु दो डडिगिन धरनुंडि दिविकेगि दानवविभुल नंदर वधिंप
वरमित्तु मनुचु देवतलु संभाषिंप जीवितकालंबु चॆप्पु डिदिय

आ. वरमु नाकु नॊंडु वरमॆल्ल ननवुडु, नायु वॊक मुहूर्त मंततडवु
गल दटंचु बलुक गगनयानमुन न, म्मानवेश्वरुंडु महिकि वच्चि ॥ 9 ॥

कं. गिरुलं बोलॆडि करुलनु हरुलं दन प्राणदयितलै मनियॆडु सुं-
दरुलनु हित वरुलनु बुध, वरुलनु वर्जिंचि गाढ वैराग्यमुनन् ॥ 10 ॥

कं. गोविंद नाम कीर्तन गाविंचि भयंबु दक्कि खट्वांग धरि-
त्री-विभुडु सुरगोनियॆनु, गैवल्यमु दॊल्लि रॆंडु गडियल लोनन् ॥ 11 ॥

की बुद्धि का विस्तार होगा, [आ.] मोक्षकामी को मोक्ष की सिद्धि होगी, सभी भव-भय (सांसारिक ताप) मिट जायेंगे। वासुदेव के नाम-वर्णन (गुणगान) योगि-संघ (-गण) के लिए श्रेष्ठ व्रत है। ७ [त.] हे नृप (राजा) ! हरि को जाने बिना, घर में अनेक वर्ष तक मत्त हो, लोटने वाला पागल कहीं मुक्ति को प्राप्त कर सकता है ? वह सृष्टिक्रम (सांसारिक बंधनों) से कभी मुक्त नहीं हो पाता। सत्य यह है कि हरिनाम का, एक क्षण मात्र भी, संस्मरण करना मोक्षदायक है। ८ [सी.] कौरवेश्वर ! पूर्व में खट्वांग नामक राजा, इस धरती के सात द्वीपों पर राज्य करते समय, इन्द्र आदि दिविजों के संग्राम-भूमियों में उग्र राक्षसों से हारकर, आकर सहायता चाहने पर, धरा से स्वर्ग को जाकर, सभी राक्षस राजाओं का वध करने पर, देवताओं ने संभाषण किया कि वर देंगे। तब [मेरे] जीवन काल (आयु) को विदित कीजिए। [आ.] [राजा के] इसके अतिरिक्त अन्य वर न चाहने पर (जीवनकाल) एक घड़ी (४८ मिनट) भर है, ऐसा उनके कहने पर, गगनयान से वह मानवेश्वर मही (धरती) पर (उतर) आ गया। ९ [कं.] गिरि-समान हाथियों को, हरियों-(अश्वों) को, प्राणवल्लभा हो जीवन व्यतीत करनेवाली सुन्दरियों को, हितवरों को, बुधवरों को छोड़कर, गाढ-वैराग्य के साथ, १० [कं.] गोविन्द नाम का कीर्तन कर, भय से छूटकर, धरित्रीविभु (राजा) खट्वांग ने

व. विनुमु नीकु नेडु दिवसंबुलकुं गानि जीवितांतंबु गादु। तावत्कालंबुनकुं बारलौकिक साधन भूतंबगु परम कल्याणंबु संपादिपवच्चु। अंत्यकालंबु डग्गरिन वॆंगडिलक देहि देह पुत्र कळत्रादि संदोह जालंबु वलनि मोहसालंबु निष्काम करवालंबुन निर्मूलंबु सेसि; गेहंबु वॆडलि पुण्यतीर्थ जलावगाहंबॊनर्चि, येकांत शुचि प्रदेशंबुन विधिवत्प्रकारंबुनं गुशाजिन चेलंबुल तोडं गल्पितासनुंडै। मानसंबुन निखिल जगत्पवित्रीकरण समर्थंबगु अकारादि त्रिवर्ण कलितंबै ब्रह्मबीजंबैन प्रणवंबु संस्मरिंपुचु, वायुवुल जयिंचि, विषयंबुल वॆंट नंटि गॆंटि पाऱॆडि यिंद्रियंबुल बुद्धि सारथियै मनो नामकंबुलैन पग्गंबुल बिग्गं वट्टि, त्रॊग्ग दिगिचि, दट्टंबुलैन कर्मघट्टंबुल निट्टट्टु मॆट्टॆडु मनंबुनु शेमुषीबलंबुन निरोधिंचि भगवदाकारंबुतोड वंधिंचि, निर्विषयंबैन मनंबुन भगवत्पादाद्यवयवंबुलु क्रमंबुन ध्यानंबु सेयुचु रजस्तमोगुणंबुल चेत नाक्षिप्तंबु विमूढंबु नगु चित्तंबुन दद्गुणंबुलवलन नय्यॆडि मलंबुलं धारणावशंबुन वो नडिंचि, निर्मल चित्तंबुनं बरमंबैन विष्णुपदंबुनकुं जनु, धारणानियमंबु गलुग

वह यज्ञ-वराह, ४१३ [सी.] चौदह भुवनों की परम्परा (क्रम) उलट जाए, ऐसा एक बार सींगों से मारता है। कभी मेरु पर्वत को वह अपने कूबड़ (ककुद) से टकराता है। खुरों से सप्त सागरों को विलोडित कर कभी कीचड़ बना डालता है। आभील (भयंकर) पूँछ से उत्पन्न झंझा से कभी आकाश को शून्य बना डालता है। [ते.] आँख की कोरों से विस्फुलिंगों (चिनगारियों) को विखेरते हुए कभी वह भयंकर रूप से दिखाई देता है। कभी परमयोगीन्द्र जन से सेव्य हो, भव्य वैभव से योग्य रूप से वह दर्शन देता है। ४१४ [व.] इस प्रकार विहार करते हुए प्रातः, मध्याह्न, तृतीय प्रहर में सवन (सूर्य) रूप वाले, यज्ञवराहमूर्ति वाले सर्वेश्वर महाप्रलय में योगनिद्रा के वश में रहते समय, जलमग्न हो भूमि के रसातलगता होने पर उसका उद्धार करने के लिए समुद्र के उदर में प्रवेश करते समय उस वेग को सह न सक, समुद्र के [अपनी] ऊर्मि (लहर) रूपी भुजाएँ उठाकर विशीर्ण हृदय वाला हो, आर्त्त की रीति यज्ञ-वराह ! रक्षा करो ! मेरी रक्षा करो ! कहते हुए आक्रोश (विलाप) करने पर, निशित-कराल (तथा) क्षुरिका (छुरी) के समान तीक्ष्ण खुराग्रों से जलों को विच्छिन्न कर, अपार-रसातल में प्रवेश कर, भूमि को देखने के अवसर पर, ४१५ [कं.] शरनिधि (सागर) के भीतर महोग्र (अति उग्र) अमर-

व. इट्लु पॊडगनि दैत्युंडु रोष भीषणाकारुंडै ॥ 417 ॥

म. गद सारिंचि यसह्य विक्रम समग्र स्फूर्तितो व्रेयगा
नदि दप्पिंचि वराहमूर्ति निजदंष्ट्राग्राहतिन् व्रुंचॆ बॆं-
पॊदवन् ग्रोध मदातिरेक बल शौर्योदार विस्तार सं-
पद बंचास्यमु सामजेंद्रु जल मॊप्पं द्रुंचु चंदंबुनन् ॥ 418 ॥

म. दितिजाधीशुनि नी गति दुनिमि युद्वृत्तिन् ददीयांग शो-
णित पंकांकित गंड तुंडयुगुचुन् विष्णुंडु दा नॊप्पॆ वि-
स्तृत संध्यांबुद धातु चित्रित समुद्दीप्त क्षमा-भृद्गतिन्
क्षिति दंष्टाग्रमुनन् धरिंचि जलराशि बासि येतेरगन् ॥ 419 ॥

ते. बाल शीतांशु रेखा विभासमान
धवळ दंष्टाग्रमुन नुन्न धरणि यॊप्पॆ
हरिकि नित्यानपायिनियैन लक्ष्मि
नॆरय बूसिन कस्तूरि निकरमनग ॥ 420 ॥

कण्टक (राक्षस) ने अपने सम्मुख मखमय (यज्ञरूपी) शरीर वाले को, कुल-पर्वतों को (अपने) खुरों से विदलित करनेवाले को, धरणी कलत्री (धरती जिसकी पत्नी है, धरणीपति), धात्री को ढूंढ़नेवाले, पोत्री (यज्ञ-वराह) को देखा। ४१६ [व.] इस प्रकार देखकर दैत्य रोष भरे भीषण (भयंकर) आकार वाला होकर। ४१७ [म.] गदा को उठाकर, असहनीय (उग्र) विक्रम तथा समग्र शक्ति से फेंकने पर, उसे बचाकर वराहमूर्ति ने अपनी दंष्ट्राओं की उग्र आहति (आघात) से, क्रोध के मदातिरेक से, अत्यधिक बलशौर्य एवं उदारता की विस्तार सम्पदा को प्रकट करते हुए पंचास्य (सिंह) के सामजेन्द्र (गजेन्द्र) का वध करने की रीति, [राक्षस का] वध किया। ४१८ [म.] दितजाधीश (राक्षसों के राजा) का इस प्रकार संहार कर, उद्वृत्ति से, उसके अंगों के रक्त रूपी कीचड़ लगे हुए, गंड-तुंड वाले हो, विष्णु क्षिति (धरती) को दंष्ट्राग्र पर धारण कर जलराशि से बाहर निकल आते समय ऐसा सुशोभित हुआ जैसे कि सन्ध्या काल के विशाल अंबुद (मेघ) से चित्रित (प्रकाशित) धातु-युक्त क्षमाभृत (पर्वत) हो। ४१९ [ते.] बाल शीतांशु (चन्द्र) की रेखा का आभास देनेवाले धवल दंष्ट्राग्र पर स्थित धरणी ऐसी लग रही थी मानो नित्यानपायिनी (निरापद, निश्चल मोक्षदात्री) लक्ष्मी ने हरि को कस्तूरी-समूह से अलंकृत किया हो। ४२०

यज्ञ वराह मूर्तिनि ब्रह्मादुलु स्तुतिर्यिचुट

व. अनि यज्ञ पोत्रिमूर्ति जूचि कमलासन प्रमुखु लिट्लनि स्तुतिर्यिचिरि ॥421॥

सी. देव ! जितं जितं ते परमेश्वर ! जित यज्ञ भावन श्रुति शरीर
यनुचु गारण सूकराकारुडगु नीकु नतिभक्ति म्रॉक्कॅद मय्य वरद
भवदीय रोम कूपमु लंदु लीनंबु लय्युंडु नंबुधु लट्टि यध्व-
रात्मक मै तनरारु नी रूपंबु गानंग रादु दुष्कर्मपरुल

ते. कट्टि नीकु बणामंबु लाचरितु,
मखिल जगदेक कीर्ति ! दयानुवर्ति !
भव्यचारित्र ! पंकज पत्र नेत्र !
चिर शुभाकार ! यिंदिरा चित्तचोर ! ॥ 422 ॥

व. अनि वॅंडियु निट्लु स्तुतिर्यिचिरि ॥ 423 ॥

सी. त्वक्कुन नखिल वेदंबुलु रोमंबु लंदुनु बर्हिस्सु लक्षुलंदु
नाज्यंबु पादंबु लंदु जातुर्होत्र कलितंबुलगु यज्ञ कर्ममुलुनु
स्रुक्कु तुंडंबुन स्रुवमु नासिकनु निडापात्र मुदर कोटरमु नंदु
श्रवणास्य बिलमुल जमस प्राशित्रमुल् गळमुन निष्टि त्रिकंबु जिह्व

ब्रह्मादियों का यज्ञवराह-मूर्ति की स्तुति करना

[व.] ऐसे यज्ञपोत्री की मूर्ति को देख कमलासन (ब्रह्मा) प्रमुखों (आदि) ने इस प्रकार स्तुति की। ४२१ [सी.] देव ! परमेश्वर ! जितं जितं ते (विजयी हो) ! यज्ञ-भावना से विजित हो ! हे श्रुति शरीरवाले ! कहते हुए कारणस्वरूप सूकराकार को धारण करनेवाले ! तुम्हें अति भक्ति के साथ प्रणाम करते है। हे वरद ! भवदीय (आपके) रोमकूप में अंबुधि (सागर) लीन हो रहते है, ऐसा अध्वरात्मक (यज्ञस्वरूप) हो विलसित रहनेवाले तुम्हारे रूप के दर्शन दुष्कर्म करनेवालों को नहीं होते। [ते.] ऐसे तुम्हें प्रणाम करते हैं। हे अखिल जगतो के अकेले कीर्तिमान ! दयानुवर्ती ! भव्यचरित (वाले) ! पंकजपत्रनेत्रा (कमलपत्र-नयन वाले) ! चिर (शाश्वत रूप से) शुभाकारवाले ! हे इन्दिरा (रमा) के चित्तचोर ! ४२२ [व.] और (आगे) इस प्रकार स्तुति की। ४२३ [सी.] किटीश (वराहाधिपति) कहते यज्ञ-विभु की उस अवसर पर स्तुति की कि [तुम्हारे] त्वक् (चर्म) से अखिल वेद, रोमों से बर्हिस् (अग्नि या दूब) आँखों से आज्य, चरणों से चतुर्होत्र (चार होता) से कलित यज्ञकर्म, तुण्ड से स्रुक्, नासिका से स्रुव, उदर कोटर से इडापात्र, कान तथा मुख [रूपी] विवरों से चमस तथा प्राशित्र, गले से इष्टि त्रिक (तीन वेलाओं में किए जानेवाले छोटे यज्ञ), [ते.] जिह्वा से समुचित रूप से प्रवर्ग्य (एक यज्ञ), तुम्हारे चर्वण से

ते. वगु अवर्ग्यमु नग्नि होत्रमुल नीढु,
चर्वणंबुनु सश्याप सश्युलुत्त
मांग मसुवुलु चयनमुलगु गिटीश,
यनुचु नुतियिंचि रत्तरि यज्ञ - विभुनि ॥ 424 ॥

व. वेंडियु मुहुर्मुहुर्भगवदाविर्भावंबु दीक्षणी येष्टियगु नीदु दंष्ट्रलु प्रायणीयं बनु दीक्षानंतरेष्टियुनु, उदयनीयं बनु समाप्तेष्टियु, युष्मद्रेतंबु सोमंबुनु, त्वदीयावस्थानंबु प्रातस्सवनादुलुनु, नीदु त्वङ्मांसादि सप्त धातुवुलु अग्निष्टोमोक्थ्य षोडशी वाजपेयातिरात्राप्तोर्यामिबुलनु संस्था भेदंबुलुनु, द्वादशाहादि रूपंबुलै बहु योग संघात रूपंबुलगु सर्वसत्रंबुलु भवदीय शरीर संधुलु नगु। स सोमासोमंबुलगु यज्ञ क्रतुवुलु नीव। मरियु यजन बंधनंबुलचे नोप्पुचुंदुवु। अदियुनु गाक ॥ 425 ॥

कं. हव रूपिवि हव नेतवु,
हव भोक्तवु निखिल हव फलाधारुडवुन्
हव रक्षकुंड वगु नी,
कवितथमगु नुतु लोनर्तुमय्य मुकुंदा ! ॥ 426 ॥

ते. सत्त्वगुणमुन सद्भक्ति संभविंचु,
भक्ति युतमुग जित्तंबु भव्यमगुनु
हृदय पद्मंबुनं दोलि नेरुग बडिन,
यट्टि नीकु नमस्कारमय्य वरद ! ॥ 427 ॥

अग्निहोत्र, तुम्हारा उत्तमांग सथ्या-अपस्थ्या (होम से युक्त और होम से रहित यज्ञ), असु (प्राण) चयन (एक प्रकार का यज्ञ) होंगे। ४२४ [व.] और फिर बार-बार भवत् (आपका) आविर्भाव दीक्षणी नामक इष्टी होगी। तुम्हारी दंष्ट्राएँ प्रायणीय नामक दीक्षानन्तरेष्टी, उदयनीय नामक समाप्तेष्टी, युष्मत् (तुम्हारा) रेतस् सोम, त्वदीय (तुम्हारा) अवस्थान (स्थिति), प्रातः ससवनादि, तूम्हारे त्वक्-मांसादि सप्त धातुएँ, अग्निष्टोम, उक्थ्य, षोडशी, वाजपेय, अतिरात्र, आप्तोर्याम नामक संस्था (यज्ञ के विधान के) भेद, द्वादश आहारादि रूपों में अनेक प्रकार के यज्ञ समूह रूप, सर्व सत्र (यज्ञ) तुम्हारे शरीर की सन्धियाँ हैं। ससोम, असोम यज्ञकर्म तुम ही हो ! और यज्ञबन्धनों से विलसित होते हो। इसके अतिरिक्त, ४२५ [कं.] हे मुकुन्द ! तुम हवन रूपी हो, हवन (यज्ञ) के नेता हो ! यज्ञभोक्ता हो ! निखिल यज्ञों के फल के आधार हो ! हवन के रक्षक हो ! तुम्हें अवितथ (सच्ची) स्तुतियाँ करते हैं। ४२६ [ते.] हे वरद ! सत्त्वगुण से सद्भक्ति उत्पन्न होती है, भक्तियुत हो चित्त भव्य होता है। [ऐसे] हृदयकमल में क्रमशः ज्ञात होनेवाले तुम्हें

म. अरविंदोदर ! तावकीन सित दंष्ट्रा ग्रावलग्न क्षमा-
धर नद्यब्धि नदाटवीयुत समस्त क्ष्मातलं बॊप्पॆ भा-
सुर कासार जलावतीर्ण मदवच्छुंडाल राड्वंत शे-
खर संसक्त विनील पंकजमु रेखं बॊल्पु दीपिंपगन् ॥ 428 ॥

व. मरियु ॥ 429 ॥

म. चतुराम्नाय - वपु - विशेषधर ! चंचत्सूकराकार ! नी
सित दंष्ट्राग्र विलग्न मैन धर राजिल्लन् गुलाद्रींद्र रा-
जत शृंगोपरि लग्न मेघमु गति जालं दगॆन् सज्जनां-
चित हृत्पल्वल कोल ! भू-रमण ! लक्ष्मीनाथ ! देवोत्तमा ! ॥ 430 ॥

सी. समधिक स्थावर जंगमात्मकमैन वसुमती चक्र मवक्र लील
नुद्धरिंपुमु करुणोपेत चित्तुंड वगुचु न स्मन्मात यय्यॆ धरणि
मात यॆॅटॅट्लनि मदि दलंचॆदवेनि जर्चिप माकु विश्वमुन कीवु
जनकुडवगुट युष्मत्पत्नि भू देवि यगुट माकुनु दल्लियय्यॆ निपुडु

ते. धरकु नीतोड गूड वंदन मॊनर्तु
मरणियंदुनु याज्ञिकुडग्नि निलुपु

नमस्कार। ४२७ [म.] हे अरविन्दोदर [वाले] (विष्णु) ! तावकीन (तुम्हारी) दंष्ट्राओं के अग्रभाग पर लगी क्षमाधर (पर्वत), नदी, अब्धि (सागर), अटवी (जंगल) से युक्त समस्त क्ष्मातल (भूतल) ऐसा सुशोभित है, [मानो] भासुर (अतिसुन्दर) कासार (सरोवर) के जल में अवतीर्ण मदवत्-शुंडाल-राज (मस्त गजराज) के दाँतों के छोर पर संसक्त (फँसा) विनील पकज हो (समान सुंदरता से दीप्त हो रहा है)। ४२८ [व.] और, ४२९ [म.] हे सज्जनों के हृदय रूपी पल्वल (छोटे तालाब) में विराजित कोल (सूकर) ! हे भूरमण ! हे लक्ष्मीनाथ ! हे देवोत्तम ! चार वेदों को विशेष वपु (शरीर) के रूप में धारण करनेवाले ! प्रकाशमान सूकर आकार वाले ! तुम्हारी श्वेत दंष्ट्राओं के अग्र पर लगकर विराजित धरा, कुल-पर्वत श्रेष्ठ के सुंदर शिखर के ऊपर लगे हुए मेघ की रीति वहुत सुशोभित है। ४३० [सी.] समधिक रूप से स्थावर-जंगम से युक्त वसुमतीचक्र को करुणामय चित्तवाले हो, अवक्र लीला से उद्धार करो। धरणी मेरी माता हुई ? [वह] किस प्रकार माता हुई है, यदि ऐसा तुम सोचते हो। [तो सुनो] चर्चा करने पर (विचार करने पर) हमारे लिए और विश्व के लिए तुम जनक हो, और तुम्हारी पत्नी होने के कारण भूदेवी हमारी माता हुई है। [ते.] अब धरा को तुम्हारे साथ वन्दना करते हैं। याज्ञिक जिस प्रकार अरणि में अग्नि को स्थापित करता है, उसी प्रकार धरा-रमणी में अपने तेज की स्थापना करने से [वह] धरणी

करणि मी तेज मी धराकांत यंदु,
निलुप धरणि पवित्रयै नॅगडु गान ॥ 431 ॥

चं. तलप रसातलांतर-गत क्षिति ग्रम्मर निल्पिनट्टि नी-
कलितन मॊप्प विस्मयमु गाडु समस्तजगत्तु लोलिमै
गलुगग जेयुट-द्भुतमु गाक महोन्नति नी वॊनर्चु पॆं-
पलरिन कार्यमुल् नडुप नन्युलकुं दरमे रमेश्वरा ! ॥ 432 ॥

चं. सकल जगन्नियामक विचक्षण लील दनर्चु नट्टि नं-
दक धर ! तावक स्फुर दुदारत मंत्र समर्थुडन या-
ज्ञिकु डरणिन् हुताशनुनि निल्पिन कैवडि मन्निवास मॊ-
टकु दलपोसि यी क्षिति दृढंबुग निल्पितिवय्य यीश्वरा ! ॥ 433 ॥

चं. सललित वेद शास्त्र मय सौकरमूर्ति दनर्चुचुन् रसा-
तलमुन नुंडि वॆल्वडु नुदारत मेनु विदुर्प दत्सटो-
च्चलित शिवांबु बिंदुवुल साधु तपोजन सत्यलोक वा-
सुल मगु मेमु दोगि परिशुद्धि वहिंचिति मय्य माधवा ! ॥ 434 ॥

उ. विश्वभव स्थिति प्रळय वेळल यंदु विकार सत्त्वमुन्
विश्वमु नीव यी निखिल विश्वमु लोलि सृजितु विदिरा-

पवित्र हो विलसित होगी। ४३१ [चं.] रमेश्वर ! विचार करने पर रसातल के अन्तर्गत क्षिति (धरा) को फिर से [लाकर] स्थापित करने वाली तुम्हारी चतुराई बड़ी विस्मयकारक है ही, समस्त जगतों को क्रमशः उत्पन्न करना और भी अद्भुत है। महोन्नति से तुमसे होनेवाले कार्यों को [उस प्रकार] चलाना क्या अन्यों के वश की बात है ? (नहीं)। ४३२ [चं.] हे नन्दक-धर (विष्णु के खड्ग का नाम नन्दक है) ! ईश्वर ! सकल जगत के नियामन के विचक्षण की लीला में विलसित होने में प्रकट तुम्हारी उदारता, मंत्र में समर्थ याज्ञिक के अरणि में हुताशन (अग्नि) की स्थापना करने की रीति हम लोगों के निवास [स्थान] होना जानकर, इस धरती को दृढ़तर रीति से टिकाये रखो। ४३३ [चं.] माधव ! सललित वेदशास्त्रमय सूकरमूर्ति के रूप मे सुशोभित होते हुए रसातल से निकल कर, उदारता से, अपने शरीर को विदलित करने पर (हिलाने पर), उन रोमों से बिखरे हुए शिवांबु-बिंदुओं (शुभ जलकणों) में ऊभचूभ होकर, साधुजन, तपोजन, और सत्यलोकवासी हमलोग परिशुद्ध हुए। ४३४ [उ.] हे इन्दिराधीश्वर ! ईश ! केशव ! त्रयीमय ! दिव्य शरीर वाले ! देव ! विश्व की भव (उत्पत्ति), स्थिति, प्रलय की वेलाओं में विकार (परिवर्तनशील) सत्त्व, और विश्व तुम हो। इस निखिल विश्व का क्रम से सृजन करते हो। तुम्हारी शाश्वत लीलाएँ ऐसी है, कहते हुए स्तुति

धीश्वर ! यीश ! केशव ! त्रयीमय ! दिव्य शरीर ! देव ! ना-
शाश्वत लील लिट्टि वनि सन्नुति सेयग माकु शक्यमे ? ॥ 435 ॥

सी. पंकजोदर ! नी वपार कर्मुडवु भवदीय कर्माब्धि पारमॆय्द
नॆंत्रिगॊंद ननि मदि निच्छयिंचिन वाडु परिकिंपगा मतिभ्रष्टु गाक
विज्ञानिये चूड विश्वंबु नी योग माया पयोनिधि मग्नमौट
दॆलिसियु दम बुद्धि दॆलियनि मूढुल नेमन नखिल लोकेश्वरेश !

ते. दास जनकोटि कतिसौख्य दायकमुलु,
वितत करुणा सुधा तरंगितमुलैन
नी कटाक्षेक्षणमुलचे नॆंड्रय मम्मु,
जूचि सुखुलनु जेयवे सुभग चरित ! ॥ 436 ॥

कं. अनि ब्रह्मवादु लगु स,
न्मुनि वर्युलु भक्ति योगमुन विनमितुलै
मनमुन मोदमु मुप्पिरि,
गॊन बॊगडिरि खुरविदळित गोत्रिन् वोत्रिन् ॥ 437 ॥

उ. अंतट लीलवोल जगदात्मुडु यज्ञ वराहमूर्ति य-
त्यंत गभीर भीषण महार्णवतोय समूहमुन् खुरा-
क्रांतमु जेसि क्रम्मर धरातल मंबुल मीद निलिप वि-
श्रांति वहिंप जेसि गुणशालि तिरोहितुडय्यॆ नय्यॆडन् ॥ 438 ॥

उ. मंगळमैन यी कथ समंचित भक्ति वठिंप विन्न वा-
रिं गरुणार्द्र दृष्टि गनि श्रीहरि चाल प्रसन्नुडौनु स-

करना हमारे वश की बात कहाँ है ? ४३५ [सी.] हे पंकजोदर (विष्णु) ! तुम अपार कर्म वाले हो, तुम्हारे कर्मसागर का पार जानने को मन में इच्छा रखनेवाला, परखने पर, मतिभ्रष्ट ही होगा, विज्ञानी नहीं होगा। विश्व तुम्हारी योगमाया के सागर में मग्न है, यह जानकर भी अपनी बुद्धि से न जाननेवाले मूढ़ों के बारे में क्या कहूँ ? हे अखिल लोकेश्वर ! सुभग चरित वाले ! [ते.] दासजन-कोटि के लिए अति सुखदायक, वितत-करुणामृत तरंगों से प्रसारित होनेवाले अपने कटाक्ष-ईक्षणों से पूर्णरूप से हमें देखकर, सुखी बनाओ न। ४३६ [कं.] गोत्रों (कुलपर्वतों) को अपने खुरों से विदलित करनेवाले पोत्री (सूकर) की, ब्रह्मवादी सन्मुनिवर ने भक्तियोग के साथ विनमित हो, मन में अधिक आनन्दित होते हुए, स्तुति की। ४३७ [उ.] तब लीला से जगदात्मा यज्ञ-वराह-मूर्ति ने अत्यन्त गम्भीर तथा भीषण महार्णवतोय (महासमुद्र-जल) समूह को खुर के नीचे रखकर, फिर से धरातल को जलपर स्थापित कर, आराम से टिकाकर, [वह] गुणशाली [विष्णु] उस अवसर पर तिरोहित हुआ। ४३८

त्संगतुडैन विष्णुडु प्रसन्नुडु दा नगु नेमि वारिकिन्
मंगळमुल् लभिंचु ननुमानमु ले ददि गाक वेंडियुन् ॥ 439 ॥

चं. हरि निज दासकोटिकि गुहाशयुडै रमियिंचु नट्टि स-
त्पुरुषुल किष्टवस्तु परिपूर्ण मनोरथ सिद्धि गल्गु, सु-
स्थिरमगु चुन्न मोक्ष मरचेतिदियै चॅलुवारु नन्न न-
स्थिरतर तुच्छ सौख्यमुलु सेकुरुटल् मरि चॅप्प नेटिकिन् ॥ 440 ॥

उ. कान सरोजलोचनु जगत् स्तवनीय कथा सुधा रसं
बानिन यट्टि जिह्व यसदन्य कथा लवणोदकंबुलन्
बानमु सेय जूचुनॆ सुपर्व महीज मरंद पान ला-
भानुभवंबु नॊंदु मधुपंबुनु बोवुनॆ वेप चॅट्लकुन् ॥ 441 ॥

कं. अनि मैत्रेय मुनींद्रुं
डनघुडु विदुरुनकु जॅप्पि नट्टि तॆरंग-
र्जुन पौत्रुनकुन् व्यासुनि
तनयुडु विनिपिंचि मरियु दग निट्लनियॆन् ॥ 442 ॥

[उ.] मंगलकर इस कथा को अत्यन्त भक्ति से पढ़ने पर, सुननेवालों पर श्रीहरि अपनी करुणार्द्र दृष्टि बरतकर प्रसन्न होगा। सत्संगति करने वाले पर विष्णु प्रसन्न होता है। विष्णु प्रसन्न होगा तो निस्सन्देह रूप से उन्हें शुभ होगा। इसके अतिरिक्त, और, ४३९ [चं.] हरि अपनी दासकोटि में उनके आशयों के अनुरूप रमण करेगा। ऐसे सत्पुरुषों के लिए इष्ट वस्तुओं की (तथा) परिपूर्ण मनोरथों की सिद्धि होगी। सुस्थिर रूप से मोक्ष हथेली में विराजमान रहेगा। ऐसा कहें तो अस्थिर-तर (चंचलतर) तुच्छ सौख्यों के बारे में कहने की आवश्यकता ही क्या है? ४४० [उ.] इसलिए सरोजलोचन (विष्णु) के जगत-स्तवनीय कथा-सुधा का पान कर चुकी हुई जिह्वा असत् अन्य कथा [रूपी] लवणोदक को पीना क्यों चाहेगी? सुपर्व-महीज (कल्पवृक्ष) के मकरन्दपान के लाभ के अनुभव को प्राप्त करनेवाला मधुप नीम के वृक्षों के पास [कड़वा रस पीने] क्यों जायेगा? ४४१ [कं.] इस प्रकार मैत्रेय मुनीन्द्र के अनघ विदुर से कही गयी रीति को अर्जुन के पौत्र को व्यास के पुत्र ने सुनाया। और समुचित रीति से इसप्रकार कहा। ४४२

अध्यायमु —१४

कं. अनि चॅप्पिन विनि मैत्रे-
युनि गनि विदुरुंडु वल्कु नुत्तममगु ना
दनुज कुलांतकु चरितमु,
विनि तनियदु ना मनंबु विमल - चरित्रा ! ॥ 443 ॥

चं. सवन वराहमूर्ति कथ सर्वमु नी दय विटि वॅंडियुन्
विवरमुगा विनं वलुकवे गुणसांद्र ! मुनींद्र - चंद्र ! मा-
धव गुण कीर्तनामृत वितानमु कर्णपुटांजलिन् वॅसन्
जविगॊन केल मानु जन संततिकिन् भवताप वेदनल् ॥ 444 ॥

व. कावुन ॥ 445 ॥

सी. श्री हरि यज्ञ वराह रूपमु दाल्चि सिचि हिरण्याक्षु द्रुंचॅ ननुचु
नप्पुडु मुनिनाथ ! चॅप्पिति ना तोड नव्वराहंबु दंष्ट्राग्रमुननु
धरणि नॅव्भंगिनि धरियिंचॅ हरिकि हिरण्याक्षु तोड वैरमुन केमि
कारण मसुर ने गति संहरिंचॅ दा नितयु नॅरिंगिपु मिद्ध-चरित !

ते. अनिन मैत्रेय मुनि विदुरुनकु ननियॆ,
हरिकथाकर्णनमुन वॅंपारु नीकु

अध्याय—१४

[कं.] ऐसा कहने पर सुनकर मैत्रेय को देखकर विदुर ने कहा कि हे विमल-चरितवाले ! उस दनुज-कुलान्तक (राक्षसान्तक, विष्णु) के चरित को सुनकर मेरा मन अघाता नहीं। ४४३ [चं.] सवन (यज्ञ) वराहमूर्ति की समस्त कथा को तुम्हारी दया से सुन लिया, और विवरण के साथ सुनाओ न। (क्योंकि) हे गुणसान्द्र ! मुनीन्द्रचन्द्र ! माधव के गुण कीर्तन रूपी अमृत-समूह को कर्णपुट रूपी अंजलि से झट पिये बिना जन सन्तति के भवताप की वेदनाएँ कैसे मिटेंगी ! ४४४ [व.] इसलिए। ४४५ [सी.] हे मुनिनाथ ! तब मुझसे कहा था कि श्रीहरि के यज्ञ-वराह के रूप के धारण कर अतिशय रूप से हिरण्याक्ष का वध किया। हे इद्ध चरित वाले ! उस वराह ने [अपने] दंष्ट्राग्र पर धरणी को किस प्रकार धारण किया, हरि को हिरण्याक्ष के साथ शत्रुता रखने का क्या कारण है, [तथा] असुर का संहार कैसे किया [आदि] समस्त (कथा) को विदित करो ! [ते.] [ऐसा] कहने पर मैत्रेय मुनि ने विदुर से कहा कि हरि-कथा के आकर्णन से विकास को पानेवाले तुम्हें [अपने] जन्म के फल की सिद्धि (प्राप्ति) होने में संदेह नहीं है। हरि की माया जानना कहीं विधि

जन्म फल सिद्धि यगुटकु संदियंबु
वलदु हरिमाय विधि कैन वशमॆंतॆं लिय ॥ 446 ॥

कं. अनघात्म ! नन्नु नी वडि
गिन कथ ध्रुवुडु विष्णु कीर्तन परतन्
बनरिन नारदु नडुग न
तनि कत ॆंडिंगिप हरि कथा श्रवणमुनन् ॥ 447 ॥

ते. दंडधरु बॆंल्च डाकाल दन्नि ध्रुवुडु,
निंदु नंदुनु वासिकि नॆंक्कॆं नट्टि
विष्णु संकीर्तनं बरविंद भवुडु,
दिविजुलकु जॆंप्पॆं नदि नीकु देट पडुतु ॥ 448 ॥

व. आकर्णिपुमु ॥ 449 ॥

मैत्रेयुडु विदुरुनकु हिरण्याक्ष हिरण्यकशिपुल जननमुनकु गारणंबैन वृत्तांतं बॆंडिंगिचुट

सी. बलिसि दक्षप्रजापति-तनूभव दिति संतान वांछ चित्तमुन बॊडम
नॊकनाडु पुष्पसायक शर निर्भिन्न भावयै विरहतापमुन वच्चि
पति समागम वांछ प्रभविप निजनाथु सन्निधि निलिचि यस्खलित नियति
नग्नि जिह्वुंडुनु यजुरधीशुंडुनु नगु विष्णु, दन चित्तमंदु निलिपि

(ब्रह्मा) के बस की बात है ? ४४६ [कं.] अनघात्म ! तुमने मुझसे इस कथा के बारे में पूछा। इसे ध्रुव ने विष्णु-कीर्तन में निमग्न हो विलसित नारद से पूछा, उसने (नारद ने) उसे (ध्रुव को) विदित किया था। हरि-कथा के श्रवण के कारण ही, ४४७ [ते.] दण्डधर (यमराज) को सरलता से, बाएँ पैर से लात मारकर, ध्रुव यहाँ-वहाँ (इह-परलोक में) प्रसिद्ध हुआ। ऐसे [महिमामयी] विष्णु के संकीर्तन के बारे में अरविन्दभव (ब्रह्मा) ने दिविजों (देवताओं) को बताया। उसे तुम्हें स्पष्ट करूँगा। ४४८ [व.] ध्यान से सुनो ! ४४९

मैत्रेय का विदुर से हिरण्याक्ष-हिरण्यकशिपु के जन्म के कारणभूत वृत्तान्त को विदित करना

[सी.] दक्षप्रजापति की तनूभवा (पुत्री) दिति बलिष्ठ हो (मदवती हो) सन्तान की इच्छा मन में उत्पन्न होने पर, एक दिन पुष्पसायक (पुष्पबाण वाला मन्मथ) के शर से बेधित भाववाली हो, विरहताप में आकर, पति के समागम (संभोग) की वाञ्छा (इच्छा) के उत्पन्न होने पर, अपने पति की सन्निधि में आ खड़ी हुई। अस्खलित नियति से अग्नि-जिह्वा वाले (एवं) यज्ञ के अधीश्वर विष्णु को अपने चित्त

ते. तग वयस्सुन नग्निहोत्रंबु चेसि,
कमल हितु डस्तशैल संगतुडु गाग
होम शालांगणमुन गूर्चुन्न विभुनि
गश्यपुनि गांचि विनय वाक्यमुल ननियॆ ॥ 450 ॥

चं. गजविभु डुद्धतिन्ननटिकंबमुल न्विदळिंचु लील जि-
त्तजुडु प्रसूनसायक वितानमुचेत मदीय चित्तमुन्
गजिबिजि चेसि पॆन् वगल गाङ्रिय वॆंट्टग नाथ ! नी पदां
बुजमुल गान वच्चिति प्रभुत्व मॆलर्पग नन्नु गाववे ! ॥ 451 ॥

व. अदियुनुं गाक ना तोडि सवतुलॆल्लनु भवत्कृपा विशेषंबुन गर्भाधानंबुलु वडसि निर्भरानंदंबुन नुंडं जूचि शोक व्याकुलित चित्तनै युन्न नन्नु रक्षिचुट परम धर्मंबु। नीवु विद्वांसुंडवु। नी यॆरुंगनि यर्थंबु गलदॆ? नी वंटि सत्पुरुषु लार्तुलैन वारि कोर्कुलु व्यर्थंबुलु गाकुंड दीर्चुट धर्मंबनि वॆंडियु निट्लनियॆ ! ॥ 452 ॥

कं. पतिसन्मानमु वडसिन, सतुलकु नभिमत फलार्थ संसिद्धियु न
ञ्जितयशमु गलिगि लोक, स्तुतमै चॆलुवारुचुंडु जुव्वॆ महात्मा ! ॥ 453 ॥

कं. तन धर्मपत्निवलननु, मुनुकॊनि ता बुत्र रूपमुन नुदयिंचुन्
विनु दीपमुचे दीपि, चिन दीपमु रॆंडु गादॆ ? शिखि यॊकटय्युन् ॥ 454 ॥

में प्रतिष्ठित कर, [ते.] समुचित रूप से पयस् (दूध) में अग्निहोत्र कर, कमल-हित (सूर्य) के अस्तशैल की संगति करने पर (सूर्यास्त होने पर) होमशाला के आँगन में बैठे हुए विभु (पति) कश्यप को देख विनयपूर्ण वाक्यों से [इस प्रकार] कहा। ४५० [चं.] गजेन्द्र के कदली-स्तम्भों को विदलित करने की रीति चित्तज (मन्मथ) के (अपने) पुष्पशरजाल से मेरे चित्त को व्याकुल कर अधिक वेदना से तड़पा देने पर नाथ ! तुम्हारे पदाम्बुज देखने (शरण में) आ गई (अपनी) प्रभुता (शक्ति) को प्रकट करते हुए मेरी रक्षा करो न। ४५१ [व.] इसके अतिरिक्त मेरे साथ की सवतियों (सौतियों) के आपकी कृपा की विशिष्टता से गर्भधारण कर, अत्यंत आनन्द के साथ रहते देख, शोक से व्याकुलचित्त होकर रहनेवाली मेरी रक्षा करना [आपके लिए] परमधर्म है। तुम विद्वान् हो। तुम्हारे लिए अविदित कोई अर्थ (भाव) है क्या ? तुम्हारे समान सत्पुरुषों के लिए आर्तों की कामनाओं को व्यर्थ ना होने देकर पूर्ण करना धर्म है, ऐसा कहा, और (आगे) इस प्रकार कहा। ४५२ [कं.] हे महात्मा ! पति का सम्मान (आदर) पानेवाली सतियाँ अभिमत (इष्ट)-फल की संसिद्धि (तथा) यश सम्पादित कर, लोकस्तुत्य हो सुशोभित होती हैं न ? ४५३ [कं.] अपनी धर्मपत्नी से उद्यत हो वह (स्वयं) पुत्ररूप

कं. कावुन नी यर्थम या, त्मावै पुत्र यनि वेद ततुलं दोलिन्
वाविरि वलुकम विनवे! धीवर ! ननु गावु मधिकदीनं गरुणन् ॥ 455 ॥

चं. वर करुणामतिन् दुहितृ वत्सलतं दनरारु नट्टिट म-
द्गुरु डॊकनाडु मम्मु दन कूतुल नंदऱ बिल्चि मी मनो
हरु नॆऱिगिंपु डित्तु गमलाननलार ! यटन्न नंदुलो
वरुषवरेण्य !, येमु पदुमुव्वुर मर्मिलि निन् वरिंपमे ॥ 456 ॥

कं. दिति यी गति गाम विमो
हितमति बहु वचनमुल हृदीशुनि बलुकन्
धृति गृपण बतिव्रत निज
सति गनि कश्यपुडु पलिकॆ सल्लापमुनन् ॥ 457 ॥

व. नीवु सॆप्पिन यट्ल पुरुषुलकु नंगनल वलन धर्मार्थ कामंबुलु सिद्धिंचु।
कर्णधारुंडु नावचेतं बयोधि गडुचु चंदंबुन गृहमेधि सर्वाश्रम वासुल नरसि
रक्षिपुचु निजाश्रमंबुन व्यसनार्णवंबु दरियिंचु। भार्य पुरुषुनंदु नर्धंबु।
भार्ययंदु सकल गृहकार्य भारंबुनु जेचि पुरुषुंडु निश्चितुंडै सुखियिंपुचुंडु।
मऱियु नितराश्रम दुर्जयंबुलैन यिंद्रिय शत्रुवर्गंबुल भार्या समेतुंडैन
गृहस्थुंडु दुर्गाधिपतियैन राजु शत्रु संघंबुल जयिंचु चंदंबुन लीला मात्रंबुनं

में उदित होता है। सुनो! शिखा (लौ) के एक होने पर भी, [एक] दीप से दीप्त होनेवाला दीप दो नहीं बन जाते क्या (एक होते हुए भी दो हैं।)? ४५४ [कं.] धीवर! (बुद्धिशाली) 'आत्मा वै पुत्रः' इस तात्पर्य को वेदतति के बार-बार घोषित करते हैं, सुना है न! (अस्तु) मुझ अधिक दीना की करुणा से रक्षा करो। ४५५ [चं.] हे पुरुषवरेण्य! अत्यधिक करुणामती से, पुत्रियों के प्रति वत्सलता (वात्सल्य) से विलसित होनेवाले मेरे गुरु (पिता) ने एक दिन हमको [अर्थात्] अपनी सब बेटियों को बुलाकर, हे कमलमुखवालियो! अपने मनोहर को विदित करो, उसे दूँगा (उससे तुम्हारा विवाह कर दूँगा)। ऐसा पूछने पर उनमें हम तेरह लोगों ने इच्छा के साथ तुम्हारा वरण किया था। ४५६ [कं.] दिति के इस गति (प्रकार) काम-विमोहित मति वाली हो, हृदयेश से अनेक वचन कहने पर धृतिवाली, कृपणा (दीना) पतिव्रता, अपनी पत्नी को देख कश्यप ने [सरस] सल्लाप करते हुए कहा। ४५७ [व.] तुम्हारे कथन के अनुसार पुरुषों को अंगनाओं से धर्मार्थ काम की सिद्धि होती है। कर्णधार (नाविक) के नाव के द्वारा पयोधि (सागर) को पार करने की रीति, गृहमेधी (गृहस्थ) सब आश्रमवासियों का [कुशल] विचार करते हुए, रक्षा करते हुए, अपने आश्रम में व्यसन (वासना)-सागर को पार करता है। पत्नी पुरुष में अर्द्ध [भाग] है। पत्नी को सकल गृहकार्य का भार

जयिंचु। इट्टि कळत्रंबुनकुं ब्रत्युपकारंबु सेय सकल गुणाभिरामुलगु सत्पुरुषुलु नूरेंड्लकुनु जन्मांतरंबुलकु नेन समर्थुलुगा रनिन ममु बोटि वारलु सेय नोपुदुरे? अयिन नी मनंबुनं गल दुःखंबु वक्कु मनि यिटलनियें ॥ 458 ॥

ते. तरळलोचन! नीवु संतान-
वांछ जेसि वच्चिति वौ गुणशील वर्त
नमुलु गल भार्य मनमुन नमरु कोर्कि,
दविलि तीर्चुट पतिकि गर्तव्यमरय ॥ 459 ॥

म. तरुणी! यॊक्क मुहूर्त मुंडु मिदि संध्याकाल मिक्कालमं-
दरयन् भूतगणावृतुंडगुचु गामाराति लीलन् वृषे-
श्वरयानंबुन संचरिंचुट नभाव्यं बय्यॆ नी युग्रवे-
ळ रमिपंग निषिद्ध कर्ममगु नेला? धर्ममुन् वीडगन् ॥ 460 ॥

म. अरविंदानन! वीडॆ नी मरदि लीलाटोप रुद्रक्षमा
चर झंझानिल धूत पांसु पटलच्छन्नुंडु धूम्रैक दु-
र्भर विद्योतित कीर्ण भीषण जटा वद्धुंडु भस्मावलि-
प्त रुचिस्फार सुवर्ण वर्णु डगुचुन् भासिल्लु नत्युग्रुडै ॥ 461 ॥

सौंपकर पुरुष निश्चिन्त हो सुखी होता है। और अन्य आश्रमवासियों के लिए दुर्जेय बने हुए इन्द्रिय रूपी शत्रुवर्ग को भार्यासहित हो, गृहस्थ दुर्गाधिपति राजा के अपने शत्रुसंघ को जीतने की रीति, लीलामात्र (सरलता) से जीत लेता है। ऐसी कलत्र (पत्नी) का प्रत्युपकार करने में सकल गुणों से अभिराम (सम्पन्न) होकर सत्पुरुष सौ वर्षों में (या) जन्मान्तरों में भी समर्थ नही होते, तब हम-जैसे लोग कहाँ कर पाते हैं? इसलिए तुम अपने मन में दुःख मत करो! कहते हुए (आगे) इस प्रकार कहा। ४५८ [ते.] हे तरल लोचने (चंचल नयनवाली)! तुम सन्तान की इच्छा से तो आई हो! विचार करने पर गुणशीलावर्तन वाली, पत्नी के मन में उत्पन्न कामना को लगन के साथ पूर्ण करना पति का कर्तव्य है। ४५९ [म.] तरुणी! एक मुहूर्त के लिए रुक जाओ! यह सन्ध्याकाल है। विचार करने पर इस काल में भूतगणों से परिवेष्टित हो, कामाराति (शिव) लीला के लिए वृषेश्वर (वृषभ)-वाहन पर संचार करता है। ऐसी उग्रवेला में रमण करना अभाव्य (अनुचित) तथा निषिद्ध कर्म होगा, अस्तु, धर्म को क्यों छोड़े? ४६० [म.] हे अरविन्दानने! यह तेरा देवर है। लीला के आडम्बर में रुद्रक्षमा (श्मशान) में विचरनेवाला है, झंझानिल से उछाले गए धूल-समूह से आच्छादित है, केवल धुएँ के रंग की दुर्भर, विद्योत (विकृत रूप से प्रकाशित), कीर्ण (बिखरे), भीषण जटा-जूट वाला है, भस्म से

कं. अनल सुधाकर रवि लो, चनमुलु विकसिंप जेसि समधिक रोषं
बुन जूचुचुन्न वाडवे, वनिता ! बंधुत्व मरय वलवदे सुम्मी ! ॥ 462 ॥

कं. अतनिकि दलपोय हिता, हितुलुलु सन्मान्युलुनु विहीनुलु नतिग-
र्हितुलुनु ले रीशुडु सम, मतियुनु निखिलैक भूतमयुडै युंडन् ॥ 463 ॥

कं. कावुन मद्भ्रात भव, द्देवरु डनि तरणि ! नी मदि जडकु मा
देवादिदेवु द्रिजग, त्पावनु निखिलैक नेत भगवंतु हरुन् ॥ 464 ॥

व. एमुनु सत्पुरुषुलैन विज्ञानवंतुलुनु भुक्तभोगंबै दूरतोन्यस्तमैन पुष्पमालि-
कयुनं बोलें नम्महात्मुनि चरणारविंद जनितयैन यविद्य ननुसरिंचि
वर्तितुंमु। अवियुनं गाक ॥ 465 ॥

सी. एव्वनि करुण ब्रह्मेंद्रादि दिक्पालवरु लात्मपद वैभवमुल दनरि
रेव्वनि याज्ञ वहिंचि वर्तिचुनु विश्वनेत्र यगु नविद्य येपुडु
नेव्वनि महिमंबु लिट्टि वट्टिवि यनि तर्किपलेवु वेदंबु लेन
नेव्वनि सेवितु रेल्लवारुनु समानाधिक रहितुडै यलरु नेव्व

ते. डट्टि देवुनि द्रिपुर संहार करुनि, नस्थिमालाधरुंडु भिक्षाशनुंडु
भूतिलिप्तांगुडुग्र परत भूमि, वासुडनि यपहसिचेडि वारु मरियु ॥ 466 ॥

अवलिप्त होकर [भी], रुचि-स्फार (कान्ति को फैलानेवाले) सुवर्ण-वर्ण वाला है। [ऐसा होकर] अति उग्ररूप में विभासित हो रहा है। ४६१ [कं.] वनिते ! अनल, सुधाकर, रवि [रूपी तीनों] आँखों को विकसित (फैला) कर, समधिक रोष से देख रहा है, [वह] बन्धुत्व का विचार (खयाल) नहीं करता है ! ४६२ [कं.] विचार करने पर, उसके लिए हितैषी-अहितैषी, सम्मान्य और विहीन, अतिगर्हित (कोई) भी नही है। वह ईश, सममती वाला, निखिल भूतों में एक मात्र हो विलसित होता है। ४६३ [कं.] इसलिए तरुणी ! वह देवाधिदेव तीन जगतों को पावन करनेवाला, निखिल का एक मात्र नेता, भगवान हर मेरा भाई (और) अपना देवर (मात्र) है, ऐसा मत सोचो। ४६४ [व.] हम (और) विज्ञानमान सत्पुरुष लोग अनुभुक्त हो, दूर रखी हुई पुष्पमालिका की भाँति उस महात्मा के चरण-कमलों से उत्पन्न अविद्या का अनुसरण करके व्यवहार करते (चलते) हैं। इसके अतिरिक्त, ४६५ [सी.] जिसकी करुणा से ब्रह्मेन्द्रादि दिक्पालवर आत्मपद (अपने पद) के वैभव को प्राप्त हुए, जिसकी आज्ञा से बद्ध हो, विश्वनेत्री अविद्या सदा चलती है, जिसकी महिमाएँ ऐसी है, वैसी हैं (आदि) कहते हुए तर्क करने में वेद असमर्थ होते है, सब लोक जिसकी सेवा करते है, जो समान-अधिक [भाव से रहित हो] विलसित होता है, [ते.] ऐसे देव का, त्रिपुर-संहार करनेवाले का अस्थिमालाधारी, भिक्षा का भोजन करनेवाला, विभूति से लिप्त

कं. धर शुनक भोग्यमुनु निह, पर दूरमु नैन तनु वुपादेयमुगा
नॆंड्रि नम्मि वस्त्र माल्या, भरणंबु ललंकरिंचु पामर जनुलुन् ॥ 467 ॥

कं. घन निर्भाग्युलुगा मदि
गनु मनि यी रीति प्रियकु गश्यपु डॆंड्रिंगि
चिन दिति ग्रम्मड्रन् वलिकॆनु
मनसिजसायक विभिन्न मानस यगुचुन् ॥ 468 ॥

कं. मुनुकॊनि लज्जावनत व
दनयै प्राणेशु कॊंगु दालिमि दूलं
बॆनगॊनियै वारकामिनि
यनुवुन विनिषिद्धि कर्ममं दभिमुखियै ॥ 469 ॥

व. इट्लु चेसिन भार्या निर्बंधंबुनकुं दॊलंगनेरक यीश्वरुनकु नमस्कारंबु गाविंचि, येकांतंबुन निजकांता संगमंबु दॊंचि, संगमानंतरंबुन वार्चि, स्नातुंडै प्राणायामंबु चेसि, विरजंबु सनातनंबुनैन ब्रह्म गायत्रि जपियिंचॆ नंत ॥ 470 ॥

कं. दितियुनु निषिद्ध कर्म-
स्थितिकै मदिलोन सिग्गु बिट्टाडग ना
नतवदन यगुचु ना पशु-
पतिवलनि भयंबु गलिग परमप्रीतिन् ॥ 471 ॥

अंगवाला, उग्र परेत-भूमि (श्मशान) का वासी (आदि) कहते हुए उपहास करनेवालों को और, ४६६ [कं.] धरती पर कुत्तों के खाने योग्य तथा इहलोक, परलोक से दूर होनेवाले शरीर को उपादेय (आधार) है, ऐसा विश्वास कर (बुद्धिहीन, मूर्खजन) वस्त्रों, मालाओं, आभरणों से अलंकृत करनेवाले पामर जनों को, ४६७ [कं.] घन-निर्भाग्य (महा-दौर्भाग्यशाली) हैं, ऐसा मन में विचार करो। इस प्रकार प्रिया को कश्यप के विदित करने पर, दिति ने मनसिज (मन्मथ) के सायक (बाण) से भिन्न (वेधित, व्याकुल) मन से फिर से कहा। ४६८ [कं.] [इस प्रकार] उद्यत हो, लज्जा से अवनत वदन वाली हो, प्राणेश्वर के आँचल को पकड़, विह्वल हो वारकान्ता (वेश्या) की भाँति विनिषिद्ध कर्म के लिए अभिमुखी हो [कश्यप से] लिपट गयी। ४६९ [व.] इस प्रकार करने पर, पत्नी के निर्वन्धित (वलात्कार) करने पर, हट न सक (तिरस्कार न कर सक) ईश्वर को नमस्कार कर, एकान्त में अपनी कान्ता से संभोग कर, संभोग के पश्चात् प्रक्षालन कर, स्नात हो, प्राणायाम कर, विरज (रज से रहित) [तथा] सनातन ब्रह्मगायत्री [मंत्र] का जप किया। तब, ४७० [कं.] दिति ने भी निषिद्धकर्म की स्थिति के लिए मन में अधिक शर्माते

व. ❀............ ... ।

कं. अर्भकुलु लेनि दगुटनु, गर्भमु निजनाथु वलन गमलानन का-
विर्भूतमैन गरगु वि, निर्भर परितोष मात्म नॅलकॊन नुंडॅन् ॥ 472 ॥

व. अंत गश्यपुंडु दत्काल समुचित संध्यावंदनंबुलु दीर्चि ॥ 473 ॥

कं. आ चॅलिकि गर्भचिह्नमु,
दोचिन बरितोष मात्म दोंडरग नामा
रीचुंडु निज तलोदरि,
जूचि यकर्ममुन कात्म स्रुक्कुचु बलिकॅन् ॥ 474 ॥

म. सति ! नी वेगति निंद कोडक मनोजातेक्षु कोदंड नि-
र्गत नाराच परंपरा ·हत विशीर्ण स्वांतवै पापसं-
गति लज्जा भय धर्ममुल् विडिचि दुष्कालंबु नंदे रमिं-
चिति बलिमन् वॅलयालि कैवडिनि दुश्शील क्रिया लोलतन् ॥ 475 ॥

कं. सति ! विनु भूतगण प्रे-
रितुलै रुद्रानुचरुलु पृथु शक्ति सम-

हुए, सिर झुकाकर, उस पशुपति से डरकर, परम प्रीति से, ४७१ [कं.] अर्भक (शिशु) के न रहने के कारण वह कमलानना (कमलमुखी) अपने पति से गर्भधारण होने के कारण अत्यधिक सन्तोष के आत्मा में विलसित होने पर सुखी रही। ४७२ [व.] तब कश्यप ने तत्काल (तुरन्त) समुचित रूप से सन्ध्यावन्दन का निर्वाह किया। ४७३ [कं.] उस सखी के गर्भ-चिह्न दिखाई देने पर, आत्मा में अत्यन्त आनन्दित होते देख, उस मारीच (कश्यप) ने अपनी पत्नी के अकर्म के लिए मन में दुःखी हो कहा। ४७४ [म.] सती ! तुमने निन्दा से न डरते हुए, मनोजात (मन्मथ) के इक्षु (ईख)-कोदण्ड (धनुष) से निर्गत (निकले हुए) नाराच (वाण) परम्परा से हत, विशीर्ण मन वाली बनकर, पाप-भाव से, लज्जा, भय, धर्म छोड़कर, दुष्काल में ही बलपूर्वक वेश्या की रीति दुश्शीलता की क्रियाओं में डूबकर, रमण किया न। ४७५ [कं.] सती ! सुनो ! भूत-गण से प्रेरित हो रुद्र के अनुचर, अत्यधिक शक्तिशाली उग्र कर्म वाले, अति

---

* [तॅलुगु मूल का यह पाठ पुस्तक में नहीं है। टिप्पणी-रूप में केवल अनुवाद है, वही यहाँ प्रस्तुत है।] व. ...कश्यप को देखकर कहा। समस्त भूतपति होनेवाले ईश्वर मेरे किये अपराध को क्षमा कर मेरे गर्भ का परिपालन करे। रुद्र, महात्मा, स्वयं प्रकाश वाले, अलंघ्य, सकामीजनों को फल प्राप्त करानेवाले, निष्कामजनों को मोक्ष-प्रदायक, दण्ड को तजनेवाले, धृतदण्ड वाले दुष्टशिक्षक, परमात्मा, जगत के अन्तर्यामी, निर्गुण, निष्कामी, भक्तों के लिए सुलभ होनेवाले भगवान, उस परमेश्वर को नमस्कार करती हूँ। और षट्गुण के ऐश्वर्य से सम्पन्न होनेवाले, जगत का भरण करनेवाले, महान् अनुग्रहशील वाले, निर्दय परिपालकों के हाथों से वधू (भूदेवी) के रक्षक, सतीदेवी का पति, वह सर्वेश्वर मेरे रक्षा करे। इस प्रकार स्तुति कर, ४७१ (अ)

न्वितु लुग्रकर्मु लति शौ-
र्यतमुलु भद्रानु भद्रुलन नाममुलन् ॥ 476 ॥

कं. परगिन दर्पोद्धतु लि, द्दरु कॊडुकुलु नीकु बुट्टि धरणिकि व्रेगै
निरतमु बुधजन पीडा, परुलै वर्तितु रात्मबल गर्वमुनन् ॥ 477 ॥

ते. अट्टि दुष्कर्मुलकुनु महात्मु ललिगि,
विश्वविदुडैन हरिकिनि विन्नविंप
नतडु गोपिंचि हरि कुलिशायुधमुन,
गिरुल गूल्चिन गति वारि धरणि गूल्चु ॥ 478 ॥

कं. अनि कश्यपु डेर्पिंगिंचिन,
विनि विति भय मंदि चाल विह्वलमति यै
तन हृदयेशु मुखाब्जमु गनुगॊनि
यिट्लनियॆ विगत कौतुक यगुचुन् ॥ 479 ॥

चं. धर सुजनापराधुलगु तामस चित्तुल कॆंदु नायुवुन्
सिरियु नशिंचि पोवु मृति सेकुरु शत्रुलचेत नित यौ
नरयग निक्कुवंबु भव दात्मजु लार्युल कॆग्गु सेय भू
सुरुल कृधाग्नि पालपडक शोभनमौ हरि चेति पंचतन् ॥ 480 ॥

चं. अनवुडु गश्यपुंडु गमलासन किट्लनु निति ! नीवु चे
सिन विपरीत कर्ममुन जेकुरॆ निट्टि यवस्थ दीनिकिन्

शौर्य सम्पन्न, भद्र (एवं) अनुभद्र नामों से, ४७६ [कं.] विलसित (विजृम्भित) दर्प से उद्धत, दो पुत्र तुम्हें उत्पन्न होंगे, (और) धरती के लिए भार [स्वरूप] हो, निरंतर बुधजनों के पीड़क हो, आत्मबल-गर्व के साथ, व्यवहार करेंगे। ४७७ [ते.] ऐसे दुष्कर्म वालों के प्रति महात्मा लोग कुपित हो, विश्वविद् हरि से विनती करेंगे, तब वह क्रोधित हो हरि (इन्द्र) के [अपने] कुलिशायुध से गिरियों को गिराने की रीति, उनको धरा पर गिरा देगा (वध करेगा)। ४७८ [कं.] ऐसा कश्यप के विदित करने पर, सुनकर, दिति ने भीत हो, अत्यन्त विह्वल मति वाली हो, अपने हृदयेश्वर (पति) के मुखाब्ज (मुखकमल) को देख विगत कौतुक (विगत आनन्द) से इस प्रकार कहा। ४७९ [चं.] धरती पर सुजनों के प्रति अपराध करनेवाले, तामस चित्त वालों की आयु, सम्पदा का सदा नाश हो जाता है, शत्रुओं के हाथों में मृत्यु प्राप्त होती है। विचार करने पर [यह सब] होकर रहेगा, सत्य है। भवत्-आत्मज, आर्यों (श्रेष्ठजनों) के प्रति अत्यधिक बुराई (धृष्टता) करने पर, भूसुरों के क्रोध की अग्नि में न पड़कर, हरि के हाथों पंचत्व को प्राप्त होना (हत होना) शुभ ही तो है न। ४८० [चं.] (ऐसा) कहने पर कश्यप ने कमलानना (कमलमुखी)

मनमुन दाप मोदकुमु माधवु पाद सरोज युग्म चि-
तनमुनु जेसियुन् ननु मुदंबुन गोल्चुट जेसियुं दगन् ॥ 481 ॥

ते. रमणि ! नी सुतुलंदु हिरण्यकशिपु
वलन नुदयिंचुवारि लोपल मुकुंद
पद सरोजात विन्यस्त भावुडैन
तनयु डुदयिंपगल डति धार्मिकुंडु ॥ 482 ॥

व. मरियुनु ॥ 483 ॥

कं. घन पुण्युडु नन्वय पा, वनुडगु न प्पुण्यतमुनि वर कीर्तिलतल्
वनज भवांडोदर मॅं, ल्लनु निंडग बर्वु बुधललामुं डगुटन् ॥ 484 ॥

ते. वामलोचन ! विनुमु दुर्वर्ण हेम
मग्नि पुटमुन बरिशुद्धमै वॅलुंगु
नट्लु दुष्टात्म संभवु डय्यु वंश
पावनुं डगु हरिपाद भक्तुडौट ॥ 485 ॥

ते. अंचिताष्टांग योग क्रियाकलापु
लैन योगीश्वरुलु न म्महानुभावु
चतुर शील स्वभाव विज्ञान सरणि
दामु जरियिंप नात्मल दलतु रॅपुडु ॥ 486 ॥

से ऐसा कहा। इंती (नारी)! तुम्हारे किए विपरीत कर्म से ऐसी दुःस्थिति उपस्थित हुई। इसके लिए मन में दुःखी मत हो। माधव के पादसरोजयुग्म का चिन्तन कर समुचित रीति से आनन्द को प्राप्त करना चाहिए। ४८१ [ते.] रमणी! तुम्हारे पुत्रों में हिरण्यकशिपु से उदित (उत्पन्न) होनेवालों में, मुकुन्द के चरण-कमलों में चित्त रखनेवाला अति धार्मिक पुत्र (एक) उदित होगा। ४८२ [व.] और भी, ४८३ [कं.] घन-पुण्यात्मा, अन्वय (वंश) को पावन बनानेवाले उस पुण्यतम (श्रेष्ठ) की कीर्तिलताएँ समस्त वनजभव के अण्डोदर (ब्रह्मांड-उदर) में [उसके] बुध-ललाम (-श्रेष्ठ) होने के कारण व्याप्त होंगी। ४८४ [ते.] हे वामलोचने (सुन्दर आँखों वाली)! सुनो! दुर्वर्ण (कलुषित रंग वाले) हेम (सुवर्ण) के अग्नि की पुट में परिशुद्ध हो प्रकाशित होने की रीति दुष्टात्मा से उत्पन्न होने पर भी, [वह] हरिचरणों का भक्त होने से, वंश को पवित्र करनेवाला होगा। ४८५ [ते.] अंचित (समुचित) अष्टांग योग की क्रियाओं में मग्न होनेवाले योगीश्वर [लोग], उस महानुभाव के चतुर शील-स्वभाव के विज्ञान की रीति से स्वयं संचार करने के लिए अपने मन में सदा विचार करते है। ४८६ [उ.] उस महितात्मा वाले, सुगुणों का सागर भागवतजनों में श्रेष्ठ, लक्ष्मी-महिला (नारी) के

उ. आ महितात्मकुंडु सुगुणांबुधि भागवतोत्तमुंडु ल-
क्ष्मी महिळाधिनाथु दुलसीदळ दामु वरेशु नात्म हृ-
त्तामरसंबुनंदु ब्रमदंबुन निल्पि तदन्य वस्तुवुं
दा मदिलो हसिंचु हरि दास्य विहार विनिश्चितात्मुडै ॥ 487 ॥

व. अट्टि नी पौत्रुंडु ॥ 487 ॥ (अ)

सी. महित देहाद्यभिमानंबु दिगनाडि चिरुततनमुन सुशीलुडगुचु
वर समृद्धिकि नात्म वरितोपमंदुचु बरदुःखमुनकु दापमुनु बोंदु
नी विश्वमंतयु ने विभुमयमनि येंव्वनि करुणचे नेंरुगनय्ये
नट्टि यीश्वरुनि दानात्मसाक्षिगमोद मडरंग जूचु ननन्यदृष्टि

ते. नतिनिदाघोग्र समयंबुनंदु निखिल
जंतु संताप मणगिचु चंद्रुमाड्कि
नखिल जगमुल दुःखंबु लपनयिचु
रुठि मरि नजात विरोधि यगुचु ॥ 488 ॥

व. मरियु हरि ध्यान निष्ठा गरिष्ठुंडगु नम्महाभागवताग्रगण्युंडु ॥ 489 ॥

कं. विमलांतरंग वहिरं, गमुलनु स्वेच्छानुरूप कलितुंडगु ना
कमलाधीश्वरु कुंडल, रमणीय मुखंबु जूचु ब्रमदं बेसगन् ॥ 490 ॥

ते. मरियु नी विश्व मा हरिमयमु गाग,
मनमुलोपल दलचु नम्मनु निभुंडु

अधिनाथ, तुलसीदल माला वाले, परेश को अपने हृदय-तामरस (कमल) में प्रमोद (आनन्द) के साथ प्रतिष्ठित कर, हरि की सेवा में विहार करने से विनिश्चित आत्मावाला हो उसके अतिरिक्त अन्य वस्तुओं का उपहास करता है। ४८७ [व.] ऐसा तुम्हारा पौत्र (पोता) ४८७ (अ) [सी.] देह के अत्यन्त अभिमान (आसक्ति) को छोड़कर, बचपन से सुशील होते हुए दूसरों की समृद्धि के कारण मन में सन्तोष करते हुए, परदुःख के कारण दुःखी होते हुए, यह समस्त विश्व जिस विभु से पूर्ण है, जिसकी करुणा से जाना जाता है, ऐसे ईश्वर को आत्मसाक्षी के रूप में, आनन्द के साथ अनन्य दृष्टि से देखता है। [ते.] अति निदाघ (धूप) की उग्रवेला में निखिल जन्तुओं के सन्ताप को मिटानेवाले चन्द्र की भाँति, अजात विरोधी (अजात शत्रु) होते हुए अखिल जगतों के दुःख को निवारण करता है, ४८८ [व.] और हरिध्यान की निष्ठा में गरिष्ठ बना, महाभागवतों में अग्रणी वह, ४८९ [क.] अन्तरंग (तथा) वहिरंग में विमल हो, स्वेच्छानुरूप से सुविलसित होनेवाले उस कमलाधीश्वर के, कुण्डलों से रमणीय बने हुए, मुखमण्डल के दर्शन आनन्द के साथ करेगा। ४९० [ते.] और मन में विश्व को हरिमय जाननेवाला वह मनुविभु (राजा)

मनु महात्मुललोन नी मनुमडधिकु,
इनग नुतिकॅक्कु ननुचु गश्यपुडु वलुक ॥ 491 ॥

कं. विनि तन तनयुलु मधु सू-
वनुचे हतु लगुदु रनुचु दन मनुमडु स-
ज्जननुत भागवतुं डगु,
ननुचु मदिं जाल दुःख हर्षमु लॊंदवन् ॥ 492 ॥

व. अंडुनंत ना दितियु गश्यपु वीर्य संभृतंबैन गर्भंबु दुर्भर तेजोभिरामंबुनु, नन्यतेजो विरामंबुनु, दिन दिन प्रवर्धमानंबनै निव्वटिल्ल निजोदर स्थितुलैन कुमारु लमर दमनुले वर्तिपंगल रनि चिंतिपुचु गर्भंबु शत वर्षंबुलु धरियिंचियुन्न यनंतरंबु ॥ 493 ॥

अध्यायमु—१५

उ. आ दिति गर्भमंदु रुचिराकृतितो नॊकतेज मन्य ते-
जो दम लील वॅल्वडि वसुंधरयुन् गगनंबु निंडि सं-
छादित पद्मबांधव निशाकर दीप्तुलु गलिग सूचिका
भेद महोग्र संतमस भीषणमैन भयाकुलात्मुलै ॥ 494 ॥

चं. अमर गणंबु लॆल्ल गमलासनु पालिकि नेगि तत्पदा-
ब्जमुलकु म्रॊक्कि यंजलुलु फालमुलं गदियंग जेर्चि चि-

महात्माओं में श्रेष्ठ बन, स्तुत्य हो प्रसिद्ध होगा, ऐसा कश्यप के कहने पर, ४९१ [कं.] सुनकर कि अपने सुत मधुसूदन से हत होंगे (और) अपना पोता सज्जनों से स्तुत्य भागवतपुरुष होगा, ऐसा जानने पर [दिति के] मन में दुःख (तथा) हर्ष-भाव उत्पन्न हुए। ४९२ [व.] (ऐसा) रहते समय उस दिति कश्यप के वीर्य से भरे गर्भ को, दुर्भर तेज से अभिराम, अन्य तेजों को समाप्त करनेवाला, दिन-प्रतिदिन प्रवर्द्धित हो विलसित होने पर, अपने उदर में स्थित कुमार, जो अमरों का दमन करते हुए जिएँगे, ऐसा चिन्तित होते हुए, सौ वर्ष तक गर्भ धरे रही। उसके पश्चात्, ४९३

अध्याय—१५

[उ.] उस दिति के गर्भ में, रुचिर आकृति में एक तेज अन्य तेजों का दमन करने की रीति लीला में प्रकट हो वसुन्धरा (धरा) (तथा) गगन में व्याप्त हो, पद्मबांधव (सूर्य) [तथा] निशाकर की दीप्तियों को संछादित करनेवाली दीप्तियों से युक्त हो, सूचिका (सुई) से भी अभेद्य, महान्, उग्र तमस् (अंधकार) के रूप में भीषण हुआ। उससे भय तथा आकुल आत्मावाले हो, ४९४ [चं.] समस्त अमरगण (देवतासमूह) कमलासन

ततमुल भयंबु संभ्रममु दार्कोन निट्लनि विन्नविंचि रो-
यमर कुलाग्रगण्य! दुरितार्णव तारण! सृष्टिकारणा! ॥ 495 ॥

उ. नीवु चराचर प्रचय नेतवु धातवु सर्वलोक-पा
लावळि मौळिभूषणुड वंचितमूर्तिवि देवदेव! वा-
णीवर! यी यजांडमुन नीवु नेरुंगनि यर्थ मुन्नदे?
भावमुनं दलंपुमु विपन्नुल मम्मु भवत्प्रपन्नुलन् ॥ 496 ॥

व. देवा! कार्यरूपंबगु चेतनाचेतनात्मक प्रपंचंबुनकु गारणंबवैन नी चेत समस्त भुवनंबुलुनु सृजियिपंबडें। नीवु सर्वभूतात्म भाव विदुंडवु। लोकनाथ शिखामणि भूतुंडवु। विज्ञान वीर्युंडवु। अविद्यं जेसि यिट्टि स्रष्टृरूपंबु नीदिति। गृहीत रजो गुणुंडवु। नी यंदु प्रपंचंबु लीनंबै युंडु। सुपक्व योगंबु नोंदि निष्कामुलै ध्यानंबुन निन्नरयुचु निर्जित श्वासेंद्रियात्मुलै भवत्प्रसादंबु बडसिन वारलकुं पराभवंबु लेक्कडिदि? ऎव्वनि वाग्जालंबुचे बाशबद्धंबु लैन पशुवुल चंदंबुन निखिल जीवुलु वर्तितुरट्टि नीकु नमस्करिंचेदमु। अहोरात्रि विभागाभावंबुन लुप्तकर्मंबुलगु लोकंबुलकु सेमंबु गाविंपुमु। शरणागतुल मयिन मम्मु

(ब्रह्मा) के समीप पहुँचकर, अंजलि से माथा टेककर, चरणों की वन्दना कर, चित्तों में भय तथा सम्भ्रम के व्याप्त होने पर, इस प्रकार विनती की कि हे अमर कुलाग्रगण्य! दुरित-अर्णव (-सागर) से तारनेवाले! सृष्टि के कारणस्वरूप! ४९५ [उ.] तुम चराचर-समूह के नेता हो! धाता हो! सकल लोकपालावली के लिए शिरोधार्य हो! पूज्यमूर्ति हो! हे देवदेव! हे वाणीवर! इस अजाण्ड (ब्रह्माण्ड) में तुमसे अविदित कोई अर्थ (भाव) है क्या? हम विपन्नों और तुम्हारे प्रपन्नो (शरणागतों) के बारे में मन में विचार करो! ४९६ [व.] देव! कार्यरूपी चेतनात्मक (और) अचेतनात्मक संसार के कारणभूत हो तुम्हारे हाथों समस्त भुवन सृजित हुए। तुम सर्वभूतात्मभावविद् हो! लोकनाथों के शिखामणि हो। विज्ञान रूपी वीर्यवाले हो! अविद्या के कारण ऐसे स्रष्टा के रूप को प्राप्त हुए हो! रजोगुण को लिये हुए हो। तुममें संसार लीन हो रहता है। सुपक्व योग को प्राप्त कर निष्कामी हो, ध्यान से तुम्हारी गवेषणा करते हुए, श्वास तथा इन्द्रियों को जीतकर, तुम्हारे प्रसाद (अनुग्रह) को प्राप्त करने वालों को पराभव कहाँ है, जिसके वाग्जाल से पाशबद्ध होनेवाले पशुओं की भाँति निखिल जीव संचार करते हैं, ऐसे तुम्हें (हम) नमस्कार करते हैं। दिन-रात के विभाजन के अभाव में लुप्तकर्म होनेवाले लोकों को कुशल बना दो। शरणागत बने हमें अतिशय करुणरस से परिपूर्ण दृष्टियों से देखकर, रक्षा करो! कश्यप का वीर्य दिति के गर्भ में रहकर सकल दिग्वलय

नतिशय करुणारस परिपूर्णंबुलगु कटाक्षंबुल नीक्षिंचि रक्षिंपुमु। कश्यपवीर्यंबु दिति गर्भंबुन नुंडि सकल दिग्वलयंबु नाक्रमिंचि दारुवंदु वह्नि चंदंबुन लीनंबै प्रवृद्धं बगुचुन्नदनि विन्नविंचिन बृंदारक संदोहंबुलकु नानंबंबु गंदळिप नरविंद-नंदनुं डिट्लनियें ॥ 497 ॥

सनक सनंदादुलु वैकुंठमुन कडगुट

कं. गीर्वाणुलार ! युष्मत्पूर्वजु लात्मीय सुतुलु पुण्युलु विचर-
न्निर्वाणुलु सनकादुलु, सर्वंकष शेमुषी विचक्षणु लेंदुन् ॥ 498 ॥

कं. वारलु निस्पृहु लगुचु न, वारण भुवनंबु लॅल्ल वडि ग्रुम्मरुचुन्
धीरु लॉकनाडु भक्तिन्, श्री रमणीश्वर पदाब्ज सेवानिरतिन् ॥ 499 ॥

चं. चनिचनि कांचिरंत बुध सत्तमु लंचित नित्य दिव्य शो-
भन विभवाभिराममु, ब्रसन्नजनस्तवनीय नाममुन्
जननविराम, मार्यजन सन्नुत भूममु, भक्तलोक पा
लन गुणधाममुं, बुरललाममु, जारु विकुंठ धाममुन् ॥ 500 ॥

उ. आ महनीय पट्टणमुनंदु वसिंचॅडु वार लात्म नि-
ष्कामफलंबॅ सत्फलमुगा दलपोसि मुमुक्षु धर्मुलै

(दिशावलय) में व्याप्त हो, दारु (काष्ठ) में स्थित वह्नि (अग्नि) के समान लीन हो प्रवृद्ध हो रहा है, ऐसा निवेदन करने पर, वृन्दारक (देवता) समूहों के [मन में] आनन्द अंकुरित हो, ऐसा अरविन्दनन्दन (ब्रह्मा) ने इस प्रकार कहा। ४९७

सनक-सनन्दनादि का वैकुंठ-गमन

[कं.] गीर्वाणो (देवताओ)! आपके पूर्वज (अग्रज), मेरे पुत्र, पुण्यी, चलते-फिरते निर्वाण की मूर्ति वाले, [सनकादि ऋषि] सर्वत्र ही सर्वंकष शेमुषी विचक्षण [वाले] हैं। ४९८ [कं.] वे [लोग] निस्पृह भाववाले होकर, अवारित रूप से समस्त भुवनों में झट भ्रमण करते हुए, धीर हो, एक दिन श्रीरमणीश्वर (विष्णु) के पदाब्ज (चरण-कमल) की सेवा-निरति से, ४९९ [चं.] चल-चलकर, तब बुध-श्रेष्ठों ने नित्य दिव्य शोभा के वैभव से अभिराम, प्रपन्नजन से स्तुत्य नाम वाले, जन्म [चक्र] से बिराम पहुँचानेवाले, आर्यजन के स्तुत्य भूम (आधार) वाले, भक्तलोकों का पालन करनेवाले, गुणधाम वाले, पुर-ललाम (-श्रेष्ठ) चारु (सुन्दर) वैकुण्ठ-धाम को देखा। ५०० [उ.] उस महनीय पट्टण (नगरी) में निवास करनेवाले अपनी आत्मा में (मन में) निष्काम फल को ही सत्फल के रूप में विचार कर, मुमुक्षु-धर्मवाले हो, श्रीमहिलाधिपति (विष्णु) के चरण-कमलों की पूजाएँ करते हुए, उसके उत्तम रूप को धारण कर,

श्री महिळाधिपांघ्रि सरसीरुह पूज लॊनर्चुचुन् महो-
द्दाम तदीय रूपमुलु दाल्चि सुखिंपुचु नुंदु रॆप्पुडुन् ॥ 501 ॥

चं. विगत रजस्तमो गुणुडु विश्रुत चारु यशुंडु शुद्ध स-
त्त्वगुणु डजुं डनादि भगवंतुडनंतु डनंत शक्तियुन्
निगमचयांत वेद्युडु विनिश्चल निर्मल धर्म मूर्ति यै
तगु हरि सेव वॆंपॊसगु दन्नगरोपवनम्मु निम्मुलन् ॥ 502 ॥

व. मरियुं गैवल्यंबु मूर्तीभविंचिन तॆरंगुनं बॊलुपारुचु, नैश्श्रेय सनामंबुन नभिरामंबै, सततंबुनु सकलर्तु धर्मंबुलु गलिगि, यर्थि मनंबुल जनंबुल घनंबुलुग नीरिक लॆत्तिन कोरिकलु सारिकंलु गोन नोसंगुचु, गाम दोहन हितंबुलं,बुष्पफल भरितंबुलुनै तनर्चु संतानवन संतानंबुलुनु, समंचित वसंत समय सौभाग्यसंपदभिशोभित वासंतिका कुसुम विसर परिमळ मिळित गळित मकरंद ललितामोद मुदित हृदयुलै यखंड तेजोनिधि यगु पुंडरीकाक्षु चरित्रंबु लुग्गडिंप लेक खंडितज्ञानुलैननु, निरतिशय विषयसुखानुभव कारणं बगुट निंदिरा सुंदरी रमणु चरणसेवा विरमणकारि यगु ननि तलंचि, तद्गंध प्रापक गंधवहुनि दिरस्करिंचि, नारायण भजन परायणुलै चरियिंचु सुंदरी युक्तुलैन वैमानिकुलुनु, वैमानिक मानसोत्सेकंबुग

(सारूप्य मुक्ति को प्राप्त कर) सदा सुखी हो रहते हैं। ५०१ [चं.] रजोगुण, तमोगुण से विगत, विश्रुत तथा सुन्दर यशवाले, शुद्ध सत्त्व गुण वाले, अज, अनादि, भगवान, अनन्त शक्तिशाली, निगमसमूह के अन्त में विदित होनेवाले, विनिश्चल रूप से धर्ममूर्ति वाले, हरि की सेवा में उस नगर का उपवन सुशोभित हो, सुविलसित होता है। ५०२ [व.] और कैवल्य मूर्तिभूत हुआ हो, ऐसा विकसित होते हुए, निःश्रेयस् (मुक्ति) नाम से अभिराम हो, सदा सकल-ऋतु-धर्मों से सुशोभित हो, अर्थिजनों के मन में प्रबल रूप से अंकुरित होनेवाली कामनाओं को पूर्ण करते हुए, काम-दोहन-सहित होते हुए, पुष्प (तथा) फल-भरे विलसित कल्पवृक्ष की संतान (समूह) से युक्त, [और] समुचित रूप में वसन्तकाल की सौभाग्य-सम्पदाओं से सुशोभित हो वासन्तीपुष्प-समूह के, परिमल से मिलित और गलित मकरंद के ललित आमोद से मुदित हृदय वाले होकर, अखण्ड तेज की निधि पुण्डरीकाक्ष (कमलनयन) के चरित्र को बखान करने में खण्डित ज्ञानी हो, निरतिशय रूप से विषय-सुख के अनुभवकारी होने के कारण, इन्दिरा-सुन्दरीरमण (विष्णु) की चरण-सेवा से विरमण (हटाने) वाला होता है, ऐसा विचार कर, उस गंध को प्राप्त करानेवाले गन्धवह (वायु) का तिरस्कार कर, नारायण के भजनपरायण हो संचार करनेवाले सुन्दरियों से युक्त वैमानिक [और] वैमानिकों के मानस के उत्सेक (उल्लास) को

बारावत हंस सारस शुक पिक चातक तित्तिरि मयूर रथांग मुख्य विहंग कोलाहल विरामंबुगा नरविंदनयन कथागानंबु लनूनंबुगा मीरयु मद-वदिंदिदिर संदोहकलित पुष्पवल्लीमतल्लिकलुनु, नकुंठित चरित्रुंडैन विकुंठ निलयुनि कंठंबुनं देजरिल्लि विलसित तुलसी दामंबु गनुंगोनि यी तुलसी माल्यंबु हरिगळ विलग्नंबै युंडु सौभाग्यंबु वडयुट केमि तपंबु गाविंचेनो ! यनि बहूकरिंचु चंदंबुन नोप्पु चंदन मंदार कुंदारविंद पुन्नाग नाग वकुळाशोक कुरवकोत्पल पारिजातादि प्रसून मंजरुलुनु, मंजरी पुंज रंजित निकुंजंबुलयंदु नुत्तुंग पीन कुचभाराकंपित मध्यंबुलु, कटि तट कनक, मेखला कलाप निनदोपलालित नील दुकूल शोभित पृथु नितंबभराल सयान हसितकल हंस मयूर गमनंबुलु, नसमशर कुसुमशर विलसितंबु नपहसिंचु नयन कमलंबुलुनु गलिगिन सुंदरी संदोहंबुलं दगिलि, कंदर्प केळी विहारंबुल नानंदंबु नोंदक मुकुंद चरणारविंद सेवापरिलब्ध मरकत वैडूर्य हेममय विमानारूढुलै हरिदासुलु विहरिंचु पुण्यप्रदेशंबुलुनु, निंदिरा सुंदरि त्रैलोक्य सौंदर्य खनि यैन मनोहरमूर्ति धरियिंचि रमणीय रणित मणि नूपुर चरणारविंदयै, निज हृदयेश्वरुंडैन सर्वेश्वरुनि मंदिरंबु लोनं

उद्दीप्त करनेवाले पारावत (कबूतर), हंस, सारस, शुक, पिक, चातक, तित्तिरि, मयूर, रथांग (चक्रवाक) आदि पक्षियों के कोलाहल को विराम प्रदान करनेवाले रूप में अरविन्दनयन (वाले) की कथा के गायन को निरन्तर प्रकट करनेवाले, मदवत् इन्दिन्दिर (-भ्रमर)-सन्दोह (-समूह) से कलित पुष्प-वल्लियाँ [और] अकुण्ठित चरित्र वाले, वैकुण्ठ निलय वाले के कण्ठ में प्रदीप्त, विलसित होनेवाली तुलसी-दाम (-माला) को देखकर, इस तुलसीमाला ने हरि के गले में लगे रहने के सौभाग्य को प्राप्त करने के लिए कितना [बड़ा] तप किया होगा, इस प्रकार पुरस्कृत (सम्मानित) करने की रीति में चन्दन, मन्दार, कुन्द, अरविन्द, पुन्नाग, नाग, वकुल, अशोक, कुरवक, उत्पल, पारिजात आदि पुष्पमंजरियाँ [और] मंजरी-पुंजों से रंजित निकुंजों के भीतर, उत्तुंग पीनकुच-भार से आकम्पित मध्यभाग वाली सुन्दरियों [और] कटितट की कनक मेखलाओं की ध्वनियों से मुखरित, नीले वस्त्रों से सुशोभित, पृथु-नितम्ब भार से, कलहंस के गमन को अपहसित करनेवाले मयूर-गमन वालियों, [और] असमशर (मन्मथ) के कुसुम-शरों से विलसित, कमलों का परिहास करने वाले नयनों से सुशोभित होनेवाली सुन्दरीगणों के साथ कंदर्प (मन्मथ) की लीलाओं में आनन्द को प्राप्त न कर, मुकुन्द के चरणारविन्द की सेवाओं से प्राप्त हुए, मरकत, वैदूर्य, हेममय, विमानों पर आरूढ़ हो हरि-दासों के विहार के पुण्यप्रदेश, इन्दिरा-सुन्दरी के त्रैलोक्य-सौन्दर्य की खनि (निधि) बनी मनोहर मूर्ति को धारण कर, रमणीय रूप से मणि-नूपुरों से रणित

जांचल्य दोष राहित्यंबुन वर्तिपं गर कमल भ्रमणीकृत लीलांबुजातयै तन नीड कांचन स्फटिकमय कुड्य प्रवेशंबुलं॰ब्रतिफलिप श्री निकेतनुनि निकेतन सम्मार्जन कैकर्यंबु परमधर्म वनि तॆलुपु चंदंबुनं जूपट्टुचु, निज वनंबुनं दनरु सौरभाभिरामंबुलगु तुलसीदळ दामंबुल नात्म नायकुनि चरणारविंदंबुल नर्चिपुचु, नौसटि मृगमदपु टसलुन मसलुकॊनि तंपॆसलाडु कुरुलुनु, ललिततिल प्रमान रुचिराभ नासनु, दनरु मोमु दामर विमल सलिलंबुलं ब्रतिबिंबिप निज मनोनायकु चेतं जुंबितंबगुटंगा दलंचि, लज्जावनित वदनयै युंडं जेयुप्रवाळ लतिकाकुलंबुलैन कूलंबुलु गल नडबावुलुनु गलिगि, पुण्यंबुनकु शरण्यंबु, धर्मंबुलकु निर्मल स्थानंबु, सुकृत मूलंबुनकु नालवालंबुनै पॊलुपॊंदुचुंडु ॥ 503 ॥

चं. हरि विमुखात्मु लन्यविष यादृत चित्तुलु वापवर्तुलुन्
निरय निपात हेतुवुनु निंद्य चरित्रमुनैन दुष्कथा
निरति जरिंचु वारलुनु नेरु पॊंदग निंदिरा मनोहर
चरणारविंद भजनात्मकु लुंडॆडु गौदि नारयन् ॥ 504 ॥

व. वॆंडियु ॥ 505 ॥

(ध्वनित) होनेवाले चरणारविन्द वाली हो, अपने हृदयेश्वर-सर्वेश्वर के मन्दिर में चंचलता रूपी दोष से रहित हो (स्थिर हो), कर-कमल में अम्बुजात (कमल) को घुमाती हुई, अपनी छाया को कांचन-स्फटिकमय कुड्य-प्रदेशों में प्रतिविम्वित करती हुई, श्रीनिकेतन वाले (विष्णु) के निकेतन में सम्मर्जन (झाड़ू-बुहार)-कैंकर्य (-सेवा) परमधर्म है, ऐसा विदित करने की रीति में दिखाई पड़ती हुई, अपने वन में विलसित, सौरभ से अभिराम वनी, तुलसीदल-दामों से अपने पति के चरण-कमलों की अर्चना करती हुई, माथे पर मृगमद रूपी कीचड़ में फैलकर, लगकर, झूमनेवाले लटों से, ललित रूप से तिल-प्रसून की रुचिर आभावाली नासिका से विलसित होने वाले अपने मुखकमल के विमल सलिल में प्रतिविम्वित हो, अपने मनोनायक से चुम्वित होने की भावना कर, (लक्ष्मी को) लज्जावनत वदन वाली करते हुए प्रवाल की लतिकाकुल वाले कूलों से विलसित वावलियों से युक्त हो, पुण्यों का शरण्य, धर्मों का निर्मल स्थान, सुकृतमूल का आलवाल वन, विलसित होते [वह उपवन] रहता है। ५०३ [चं.] हरि-विमुखात्मा लोग, अन्य विपयों मे आदृत चित्त वाले, पापाचारी, निरय (नरक) में गिरने के हेतु-स्वरूप और निन्द्य चरित वाली दुष्कथाओं में मन लगाकर सदा संचार करनेवाले लोग, परखने पर, इन्दिरा के मनोहर के चरण-कमलों का भजन करनेवाले लोगों के आवास (वैकुंठ) को प्राप्त नहीं कर सकते। ५०४ [व.] और, ५०५ [चं.] हरि, परमेश्वर, केशव, अनन्त

चं. हरि बरमेशु गेशवु ननंतु भजिपग धर्मतत्त्वधी
परिणति साधनंबगु स्वभावमु दालिचन यट्टि मर्त्युला
सरसिजनेत्रु मायनु भृशंबुग मोहितुलै तदंघ्रि पं-
करुहमु लर्थिमै गॉलुव गानमि बॉंदरु तत्पदंबुनन् ॥ 506 ॥

चं. मरियु सरोरुहोदरुनि मंगळ दिव्य कथानुलाप नि-
र्भर परितोष बाष्पकण बंधुर चारु कपोल गद्गद
स्वर पुलकीकृतांगुलगुवारुनु निस्पृह चित्तुलु ष्रहं-
करण विदूरुलंदुरु सुकर्मुल युंडेडु पुण्यभूमुलन् ॥ 507 ॥

व. अंदु ॥ 508 ॥

म. वर वैकुंठमु सारसाकरमु, दिव्य स्वर्ण शालांक गो-
पुर हर्म्यावृतमैन तद्भवन मंभोजंबु, तन्मंदिरां-
तर विभ्राजित भोगि कर्णिक, ददुद्यद्भोग पर्यंकमं-
दिरवॉंदन् वसियिचु माधवुडु दा नेपारु भृंगाकृतिन् ॥ 509 ॥

व. अंत ॥ 510 ॥

म. हरिचे बालितमैन कांचन विमानारूढ मैनट्टि स-
त्पुरुषानीकमुचे दनर्चि विभवापूर्ण प्रभावोन्नतिन्
गर मॉप्पारु तदीय धाममु जगत्कळ्याण मूर्तुल् मुनी-
श्वरु लर्थिन् निज योग शक्ति बरितोष स्वांतुलै चॅच्चॅरन् ॥ 511 ॥

के भजन करने के लिए धर्मतत्त्व की बुद्धि की परिणति के साधनस्वरूप स्वभाव को धारण करनेवाले मर्त्य लोग उस सरसिज-नेत्र (कमलनयन) वाले की माया से अत्यधिक रूप से मोहित हो उसके चरण-कमलों का, अर्थी (इच्छुक) हो, सेवा न करने पर उस पद को प्राप्त नहीं कर सकते। ५०६ [चं.] और सरोरुहोदर (कमलोदर, विष्णु) की मंगल [कर] दिव्य कथा के अनुलाप से अत्यधिक आनन्द से अश्रुधाराओं से भरे सुन्दर कपोलों से, गद्गद स्वर से, पुलकित अंग वाले, और निस्पृह चित्त वाले, अहंकार-रहित सुकर्म करनेवाले पुरुष (पुण्यी) ही उन पुण्य-भूमियों में रहते हैं। ५०७ [व.] उसमें, ५०८ [म.] श्रेष्ठ वैकुण्ठ सारस (सरोवरों) का आकर (निलय) है। दिव्य सुवर्णशालाओं, गोपुरों, हर्म्यों से आवृत हो वह भवन कमल है। उस मंदिर के अन्तर्भाग में सुशोभित भोगी (सर्प) कर्णिका है। उस भोगी (सर्प) के पर्यंक (शय्या) में विलसित होकर निवास करनेवाला माधव भ्रमर है। ५०९ [व.] तब, ५१० [म.] हरि से पालित हो, कांचन-विमानों पर आरूढ़, सत्पुरुष-आनीक (-संघ) से विलसित हो, वैभवों से भरे, प्रभाव की उन्नति से अत्यधिक रूप से सुशोभित होनेवाले उस (परम) धाम को जगत-कल्याण के मूर्तिस्वरूप मुनीश्वर अर्थी हो, अपनी योगशक्ति से परितुष्ट

व. डायं जनि ॥ 512 ॥

चं. मरकत रत्नतोरण समंचित कुड्य कवाट गेहळी
विरचित कक्ष्यषट्क मरविंद दळाक्ष विलोकनोत्स वा
दरमति नन्यमुं गनक दाटि यनंतर कक्ष्ययंदु नि-
व्दरनु ददीय पालुर नुवार समान वयो विशेषुलन् ॥ 513 ॥

सी. कांचन नवरत्न कटकांगुळीयक हार केयूर मंजीर धरुल
गमनीय सौरभागत मत्त मधुकर कलित सद्वनमालिका विराजि-
तोरस्स्थलुल, गदाधरुल, घन चतुर्बाहुल, नुन्नतोत्साह मतुल
नारूढ रोषानलारुणिताक्षुल, भ्रूलता कौटिल्य फाल तलुल

ते. वेत्रदंडाभिरामुल वॅलयु नम्मु-
कुंद शुद्धांत मंदिराळिंद भूमि
नुन्न यिद्दर सनकादि योगि वरुलु,
चूचुचुनु वृद्धुलय्यु ना सुभग मतुलु ॥ 514 ॥

कं. धीरत वंचाब्दमुल कु, मारकुलै कान वड्डुचु मनमुन शंकन्
गूरक चतुरात्मकुलनि, वारित गमनमुल डाय वच्चिन नॅदुरन् ॥ 515 ॥

कं. श्रीललनेश्वर दर्शन, लालसुलै येगु बुध ललामुल नतिदु
श्शीलत दद्वचन प्रति, कूल मतिन् बोवकुंड गुटिलात्मकुलै ॥ 516 ॥

